# हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी




पॉलिटेक्निक चौराहा: दोपहर 1.35 बजे का दृश्य



कमला पार्क की सड़क का दृश्य, दोपहर 1.30 बजे

## खजुराहो 46 डिग्री, 14 जिले 44 से 45 डिग्री पर, छिंदवाड़ा में 'हीटवेव'

### 11 साल में तीसरी बार भोपाल इतना गर्म

# आग की 'बारिश'

- भोपाल में अप्रैल वर्ष 2016 से सोमवार तक केवल वर्ष 2019 में 43.7, 2022 में 43.3 डिग्री के बाद पारा पहुंचा 43.3 डिग्री पर, 1.1 डिग्री और बढ़ा तो टूटेंगे सभी रिकार्ड
- 7 जिलों में रात का पारा भी अब 28 से 29 डिग्री तक पहुंचा, देर रात तक तेज गर्मी से हाल बेहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर में सोमवार को गर्मी के तेवर और तीखे रहे। गर्म हवाओं के बीच सुबह 9 बजे से ही सूरज ने आग उगलना शुरू कर दिया। इसका नतीजा यह रहा कि खजुराहो प्रदेश में पहली बार 46 डिग्री पर दर्ज हुआ और भोपाल 11 साल में तीसरी बार इतना गर्म रहा। भीषण गर्मी के बीच 14 जिलों में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच पहुंच गया। भोपाल में दिन का पारा 43.3 डिग्री रहा, जो वर्ष 2016 से अब तक तीसरा ▶▶ शेष पेज 6 पर



### 14 जिले सबसे गर्म रहे

खजुराहो में पारा 46 डिग्री के साथ ही नौगांव में पारा 45.5 डिग्री रहा है। दतिया, गुना, रायसेन, रतलाम, श्योपुर, दमोह, मंडला, रीवा, सागर, सतना, सीधी, टीकमगढ़ में पारा 44 से 45 डिग्री के बीच रहने से इन जिलों में भीषण गर्मी रही। इसके अलावा अधिकांश जिलों में पारा 43 से 44 डिग्री के बीच रहने से पूरे प्रदेश में लोग गर्मी से बेहाल रहे। छिंदवाड़ा में लू चली। पारा 42.8 डिग्री रहा, जो नार्मल से 4.8 डिग्री से रहा। मंगलवार को विदिशा, रायसेन, नर्मदापुरम, झाबुआ, रतलाम, छिंदवाड़ा दवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, दमोह, सागर, पांढ़ुर्णा जिलों में कुछ जगह हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। मंगलवार तक ग्वालियर, दतिया, भिंड, मुरैना, श्योपुरकलां, छतरपुर, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कुछ जगह आंधी, बारिश और बादलों का असर रहेगा। इससे तापमान में कुछ कमी आएगी।















### मध्यप्रदेश विधानसभा का एक दिन का विशेष सत्र

### नारी शक्ति वंदन बिल पर जोरदार बहस : संकल्प पारित कांग्रेस ने विरोध करते हुए सदन से किया वॉकआउट

# सीएम ने कहा-यह संकल्प आधी आबादी को उनका हक दिलाने में 'मील का पत्थर'

सीएम ने कहा कि इस संकल्प के साथ उनकी दृढ़ इच्छा शक्ति भी है कि देश की आधी आबादी को उनका 33 फीसदी आरक्षण उनकी आबादी के साथ जोड़कर देंगे, यह हम सभी के मन में संकल्प भी है और मनोभाव भी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े शासकीय संकल्प पर मप्र विधानसभा के एक दिनी विशेष सत्र में सोमवार को जोरदार बहस हुई। इस संकल्प पर बीच-बीच में गतिरोध उत्पन्न हुआ। विपक्षी कांग्रेस ने इसके औचित्य के सवाल पर वॉकआउट कर दिया। हालांकि, सत्ता पक्ष व विपक्ष दोनों के बीच करीब साढ़े 8 घंटे से ज्यादा समय तक चर्चा हुई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह संकल्प देश की आधी आबादी को उनका हक दिलाने में मील का पत्थर साबित होगा। महिलाओं को विधानसभाओं व लोकसभा में 33 फीसदी आरक्षण मिल सकेगा। इसके बाद संकल्प पारित कर दिया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नारी शक्ति के वंदन, महिलाओं के सर्वांगीण विकास एवं सशक्तिकरण के लिए देश की संसद एवं सभी विधानसभाओं ▶▶ शेष पेज 6 पर



डॉ. मोहन यादव

**सत्ता पक्ष व विपक्ष के बीच करीब 8.30 घंटे से ज्यादा समय तक चर्चा**



विधानसभा की कार्यवाही देखने जाती हुईं भाजपा की महिला कार्यकर्ता

*दोनों पक्ष से करीब आधे घंटे तक गतिरोध बना रहा*

*मंत्री कृष्णा गौर ने अजय सिंह से कहा अब तक कान में क्या तेल डाले हुए थे?*

### विपक्ष के अशासकीय संकल्प को ग्राह्य नहीं किया गया



उमंग सिंघार

नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने कहा कि कांग्रेस विधायक दल की तरफ से अशासकीय संकल्प दिया गया था, नियम-117 में व्यवस्था है कि उसे ग्राह्य करवाकर उस पर चर्चा कराई जाए। महिलाओं को तत्काल 33 फीसदी आरक्षण वर्तमान सीटों पर दें। उन्होंने कहा कि परिसीमन, जनगणना कब होगी? इसके बजाए तत्काल आरक्षण दे दिया जाए। सिंघार ने पूछा कि शासकीय संकल्प कब दिया गया। इससे पहले मेरा अशासकीय संकल्प लगा है। बाला बच्चन ने कहा कि 2023 में नारी शक्ति वंदन कानून बना। ढाई वर्ष तक उसे लागू नहीं किया गया। उन्होंने संसद के कुछ तकनीकी पहलुओं ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जो पहले संकल्प देगा उसे माना जाएगा

संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने प्वॉइंट ऑफ आर्डर के तहत कहा कि राज्यपाल के निर्देश पर विशेष सत्र बुलाया गया है। इसके स्थाई आदेश में परपंरा होती है कि जो पहले संकल्प देगा उसे माना जाएगा। उन्होंने श्रीनिवास तिवारी के अध्यक्षीय कार्यकाल का एक उद्धरण भी दिया। उन्होंने ▶▶ शेष पेज 6 पर

### मंत्री कृष्णा गौर ने नारी वंदन पर रखा जोरदार पक्ष

मंत्री श्रीमती कृष्णा गौर ने सदन में नारी शक्ति के वंदन के लिए महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने के मुद्दे पर जोरदार पक्ष रखा। उन्होंने कहा कि महिलाओं के लिए एक तिहाई आरक्षण परिसीमन की प्रक्रिया पूरी कर तत्काल प्रभाव से लागू ▶▶ शेष पेज 6 पर

### नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर होती रही तीखी नोकझोंक

# स्पीकर ने रखवा दिया था संकल्प और संशोधन पर वोटिंग के लिए रजिस्टर


**लेकिन...पहले संकल्प हो गया पारित**



मध्यप्रदेश विधानसभा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महिला आरक्षण के मुद्दे पर विधानसभा में सोमवार को प्रक्रिया को लेकर उठापटक हुई। शासकीय संकल्प और उसके संशोधन पर मतदान को लेकर विपक्ष ने डिवीजन की मांग की। संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने पहले शासकीय संकल्प पर मतदान कराने की बात कही। विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने रजिस्टर के माध्यम से मतदान कराने का निर्णय लिया और लॉबी में रजिस्टर रखवा दिया। इसमें विधायकों को हां या ना पर टिक लगाकर हस्ताक्षर करना था। इस दौरान सदन में अध्यक्ष ने शासकीय संकल्प और उसके संशोधन पर एक साथ मतदान कराने की व्यवस्था दी। जिस पर पक्ष और विपक्ष दोनों ने कड़ा विरोध जताया। विपक्ष ने कहा कि जब व्यवस्था दी जा चुकी है, तो उसमें बदलाव ▶▶ शेष पेज 6 पर



नरेंद्र सिंह तोमर

### महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण दें: उमंग

बाद में कांग्रेस सदस्य विधानसभा परिसर में गांधी प्रतिमा के सामने धरने पर बैठ गए। 33 फीसदी नहीं, 50 फीसदी आरक्षण दिया जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने महिला आरक्षण पर सरकार को घेरते हुए कहा कि जब आधी आबादी की बात हो रही है तो 33 फीसदी नहीं, 50 फीसदी आरक्षण दिया जाना चाहिए। उन्होंने सवाल उठाया कि 2026 से 2029 तक इंतजार क्यों कराया जा रहा है। आज ही आरक्षण ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

## खबर संक्षेप

### तरबूज खाने से एक ही परिवार के 4 की मौत

**मुंबई।** पायधुनी इलाके में संदिग्ध फूड पॉइजनिंग से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गई। मृतकों में 40 वर्षीय अब्दुल्ला कादर, उनकी पत्नी नसरीन और दो बेटियां आयशा व ज़ैनब शामिल हैं। बताया जा रहा है कि बिरयानी और फिर तरबूज खाया था।



### 1 मई से महंगा हो जाएगा एलपीजी सिलेंडर

**नई दिल्ली।** अमेरिका-ईरान युद्ध से तेल मार्केटिंग कंपनियों ने 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर पर पहले ही 60 रुपए बढ़ा दिए है। कमर्शियल की कीमतें सिर्फ एक महीने में तीन बार बढ़ीं। रिपोर्ट के अनुसार, 1 मई 26 से एलपीजी की कीमतों में बदलाव होने की आशंका है।



### समाज में बदलाव लाने लौटाया दहेज

## दूल्हे ने 48 लाख का दहेज वापस कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ उज्जैन



■ लोटस ग्रुप के मालिक हैं दूल्हे के पिता

जिले के बंगरेड गांव में एक दूल्हे ने दुल्हन के परिवार को 48 लाख का दहेज वापस कर दिया। दरअसल, रविवार को बंगरेड के लोटस रिसॉर्ट में यह तिलक समारोह हुआ, जहां आदर्श दीप राजावत ने दहेज लेने से इनकार कर दिया। आदर्श लोटस ग्रुप के मालिक जितेंद्र सिंह राजावत के बेटे हैं। जबकि दुल्हन बिंदिया कुमारी इंदौर जिले के देपालपुर ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पहले दिन पूरी नहीं हो पाई सुनवाई!

## ओबीसी आरक्षण: आज हाईकोर्ट में है सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर



■ इस मामले का निपटारा 3 महीने में होगा

हाईकोर्ट में ओबीसी आरक्षण मामले की अंतिम सुनवाई पहले दिन तय समय पर शुरू नहीं हो सकी। अन्य बेंच के उपलब्ध न होने से चीफ जस्टिस की बेंच पर काम का दबाव बढ़ गया। अब कोर्ट ने स्पष्ट कर दिया है कि मंगलवार को इस मामले को पूरा समय देकर सुनवाई की जाएगी। सरकार के द्वारा नियुक्त अधिवक्ता के सरकार के खिलाफ बहस ▶▶ शेष पेज 6 पर

### भोजशाला केस : भड़का मुस्लिम पक्ष

## जिसे मस्जिद माना जा चुका उसे मंदिर कहना पूरा भ्रामक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर



■ कोर्ट ने भोजशाला के वीडियो अपलोड किए

मध्य प्रदेश हाई कोर्ट की इंदौर खंडपीठ में धार स्थित भोजशाला और कमाल मौला मस्जिद विवाद को लेकर चल रही सुनवाई अब तीखे टकराव में बदलती जा रही है। तीसरे हफ्ते की सुनवाई के पहले ही दिन मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आक्रामक रुख अपनाते हुए साफ शब्दों में कहा- जिसे पहले ही मस्जिद माना जा चुका है, उसे बार-बार ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पं. बंगाल में दूसरे चरण का चुनाव प्रचार थमा

# 142 सीटों के लिए कल होगा मतदान 1,448 उम्मीदवार चुनावी 'मैदान' में

केंद्रीय बलों के कमांडरों ने तैयारियों का जायजा लिया

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनावों के दूसरे और अंतिम चरण में 142 सीटों पर डेढ़ माह तक चला जोरदार चुनाव प्रचार सोमवार शाम 6 बजे थम गया। प्रचार के आखिरी दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी तथा विभिन्न दलों ने अपने उम्मीदवारों के समर्थन में रैलियां, सभाएं और रोड-शो किया। दूसरे चरण में 29 अप्रैल को ▶▶ शेष पेज 6 पर



**ऐसे होगी निगरानी**

*हर पोलिंग स्टेशन पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे और बूथों पर केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। विशेष पर्यवेक्षक सुब्रत गुप्ता और विशेष पुलिस पर्यवेक्षक एन के मिश्रा भी सुरक्षा व्यवस्था पर नजर रख रहे हैं।* ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

### मप्र में समान नागरिक संहिता के लिए समिति का गठन हुआ

# सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड न्यायमूर्ति रंजना देसाई अध्यक्ष एवं शत्रुघ्न सिंह को सदस्य बनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने मप्र में समान नागरिक संहिता यूसीसी के संबंध में अध्ययन एवं प्रशिक्षण के लिए उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है। विधि विभाग से जारी निर्देशों के अनुसार इस समिति में सुप्रीम कोर्ट की रिटायर्ड न्यायमूर्ति रंजना देसाई को अध्यक्ष बनाया गया है।

भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटायर्ड अफसर शत्रुघ्न सिंह को सदस्य बनाया गया है। जबकि कानूनविद अनूप नायर, शिक्षा विद गोपाल शर्मा, सामाजिक कार्यकर्ता बुधपाल सिंह को सदस्य नियुक्त किया गया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर सचिव अजय कटेसरिया को समिति का सचिव बनाया गया है। यह समिति कुल 9 बिंदुओं पर अध्ययन करेगी। इसमें प्रमुख रूप से गुजरात व उत्तराखंड में यूसीसी के नियम, प्रक्रिया आदि नियमों के साथ ही लिव इन रिलेशन में रहने वाले लोगों का भी अध्ययन करेगी।

यह समिति विवाह, विवाह विच्छेद, राज्य में प्रचलित व्यक्ति, पारिवारिक विधियों, उत्तराधिकार, दत्तक, भरण पोषण, आदि का अध्ययन कर राज्य सरकार को रिपोर्ट सौंपेगी। समिति का कार्यकाल 2 महीने का होगा। इसके साथ ही साथ ▶▶ शेष पेज 6 पर



रंजना देसाई



शत्रुघ्न सिंह

### भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते पर हस्ताक्षर, 100% भारतीय निर्यात टैक्स-फ्री

# भारतीय कपड़ा और परिधान, चमड़ा उद्योग, चीनी मिट्टी के बर्तन कालीन, वाहन व उनके पुर्जों के निर्यात को भारी बढ़ावा मिलेगा

यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत

- 16 मार्च 2025 को शुरू हुई बातचीत को रिकॉर्ड नौ महीनों के भीतर संपन्न कर लिया गया
- घरेलू कृषि और डेयरी सेक्टर को इस एफटीए के दायरे से पूरी तरह बाहर रखा गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत और न्यूजीलैंड के बीच द्विपक्षीय व्यापारिक संबंधों में सोमवार को एक नए युग की शुरुआत हुई। दोनों देशों ने एक ऐतिहासिक मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर हस्ताक्षर किए हैं, जो व्यापार, निवेश और रोजगार के क्षेत्र में व्यापक बदलाव लाने वाला है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल और न्यूजीलैंड के उनके समकक्ष टॉड मैक्ले की उपस्थिति में इस महत्वपूर्ण समझौते को आधिकारिक रूप दिया गया। यह समझौता भारतीय अर्थव्यवस्था और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में एक बड़ी कूटनीतिक और आर्थिक जीत मानी जा रही है। इस एफटीए की सबसे खास बात इसकी गति ▶▶ शेष पेज 6 पर



पीयूष गोयल और टॉड मैक्ले समझौते पर आधिकारिक रूप से हस्ताक्षर करते हुए

**16 साल का लगा वक्त**

- 2010- एफटीए पर पहली बार बात हुई
- 2015- फिर से संवाद हुआ और वार्ता के 9 दौर पूरे हुए
- 2025- न्यूजीलैंड के पीएम लक्सन भारत आए और पीएम मोदी से बात की
- 2026- एफटीए को अंतिम रूप दिया गया

### पीएम मोदी ने समझौते पर खुशी जाहिर की



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी एक्स पोस्ट में इस समझौते पर हुए हस्ताक्षर वाले पल को एक ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि यह दोनों देशों के गहरे वैश्विक ▶▶ शेष पेज 6 पर


1842 की क्रान्ति के महानायक
राजा हिरदेशाह लोधी
डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
श्री प्रहलाद सिंह पटेल
मंत्री, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, श्रम
सुश्री उमा भारती
पूर्व मुख्यमंत्री
शौर्य यात्रा
दिनांक : 28 अप्रैल 2026
स्थान : जम्बूरी मैदान, भोपाल
समय : दोपहर 12 बजे से
पहले स्वतंत्रता संग्राम '1842 बुंदेला विद्रोह' के महानायक, हीरापुर के तेजस्वी राजा हिरदेशाह लोधी जी एवं अन्य क्रांतिकारियों की स्मृति में भव्य और ऐतिहासिक आयोजन
आइए, 'एक भारत–श्रेष्ठ भारत'
के संकल्प के साथ
गौरवशाली इतिहास के साक्षी बनें...
निवेदक :
जालम सिंह पटेल
प्रदेश अध्यक्ष लोधी महासभा एवं पूर्व मंत्री
राजा हिरदेशाह लोधी शोध संस्थान
@lodhimahasabha पर कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देख सकते हैं।

टैक्सटाइल प्लांट में आग के बाद एक्शन मोड में निगम...

## नारियल, थर्माकोल रिसाइकल प्लांट होंगे बंद, प्रोसेसिंग न होने से लगे ढेर



दाना पानी ट्रांसफर स्टेशन पर प्रोसेसिंग नहीं होने से सूखे नारियल के ढेर लगे हुए हैं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार-रविवार की देर रात गोविंदपुरा में नगर निगम के गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन परिसर में टेक्सटाइल यूनिट में लगी आग से 150 टन टैक्सटाइल कचरा जलने की घटना के बाद निगम प्रशासन एक्शन मोड में आ गया है। निगम टैक्सटाइल यूनिट में लगी आग से हुए नुकसान की भरपाई वेंडर से करेगा। मशीनरी हटाकर जगह खाली करने के लिए भी नोटिस जारी कर दिए गए हैं। दूसरी ओर दाना पानी ट्रांसफर स्टेशन परिसर में संचालित नारियल और थर्माकोल रिसाइकल प्लांट भी बंद होंगे। यहां भी क्विंटलों सूखे नारियल का ढेर लग रहा है, जबकि थर्माकोल भी बड़ी मात्रा में यहां रखा हुआ है।

*निगम वेंडर से करेगा नुकसान की रिकवरी, परिसर से मशीनरी हटाने को कहा*

*15 स्टेशनों से नारियल, कपडे, फूल और थर्माकोल रोज पहुंचता है प्लांट*

*कम मिल रहा है राजस्व, जबकि जमीन, शेड निगम ने कराए हैं मुहैया*



दाना पानी ट्रांसफर स्टेशन पर बड़ी मात्रा में रखा थर्माकोल।

### 26798 बसाहटों में कनेक्टिविटी के लिए होगा काम

निगम परिसर में उक्त प्लांट पीपीपी मोड पर संचालित हो रहे थे। गोविंदपुरा में 5 हजार स्कवायर फीट जगह टैक्सटाइल फेसिलिटी प्लांट के संचालन के लिए दी थी। यही नहीं बिजली कनेक्शन के अलावा पार्किंग, पूरे शहर से पुराने कपड़ों को लाकर देने की सुविधा भी उपलब्ध करवाई थी। इसी तरह दाना पानी ट्रांसफर स्टेशन पर भी नारियल और थर्माकोल प्लांट लगाने के लिए निगम ने सुविधाएं मुहैया करवाई हैं, लेकिन इन यूनिटों की क्षमता कम होने और अधिक मात्रा में सामग्री पहुंचने के चलते संचालन गड़बड़ा गया और वेंडर ने काम बंद कर दिया।

### कहां-कितनी क्षमता के लगे हैं प्लांट

- दाना पानी में थर्माकोल यूनिट-क्षमता-4 टन
- दाना पानी में नारियल प्रोसेसिंग यूनिट-क्षमता- 3 टन
- गोविंदपुरा में टेक्सटाइल प्लांट-1 टन

गोविंदपुरा गार्बेज स्टेशन

### 15 स्टेशनों से निगम के वाहनों से रोज पहुंचती है सामग्री



शहर भर के ट्रांसफर स्टेशनों से नारियल, थर्माकोल और बडी तादाद में फूल उक्त प्लांट पर निगम के वाहनों से पहुंचाए जाते हैं। जहां निर्धारित प्रक्रिया के बाद प्लांट में रिसाइकल किया जाता है। इन प्लांटों पर क्षमता से अधिक सामग्री पहुंचने से व्यवस्थाएं लडखडा गईं और वेंडरों ने काम बंद कर दिया। इसके कारण ही टैक्सटाइल यूनिट बंद हो गई और 150 टन से ज्यादा टैक्सटाइल कचरा प्लांट व उसके पीछे मैदान में एकत्र हो गया, जहां शनिवार की रात आग लगने की घटना हुई।

150 टन जले कचरे को हटाने का काम शुरू

### *रिसाइकल प्लांटों पर रखी सामग्री एनटीपीसी को दी जाएगी*

निगम प्रशासन रिसाइकल प्लांटों पर रखी सामग्री एनटीपीसी को देने का निर्णय लिया है। जहां उनके प्लांट पर उक्त सामग्री की प्रोसेसिंग होगी। सोमवार को गोविंदपुरा प्लांट के पीछे मैदान में 150 टन जले टेक्सटाइल कचरे को हटाने का काम शुरू हुआ। इस काम के लिए निगम के कई वाहन और कर्मचारी लगाए गए हैं। नगर निगम के सिटी इंजीनियर प्रमोद मालवीय ने बताया वेंडर काम नहीं कर रहे थे, इसलिए उन्हें पहले भी नोटिस दिए गए थे। अब आग लगने की घटना के बाद नुकसान की रिकवरी भी वेंडर से होगी। साथ ही जगह भी खाली करने के लिए नोटिस दिया है।



कभी चालकों के बहाने न सुनने वाली पुलिस अब खुद बता रही 'चक्कर और घबराहट की वजह

## गणेश मंदिर पॉइंट पर हेलमेट चैकिंग के दौरान चक्कर खाकर गिरा ट्रैफिक जवान, रोकनी पड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आम दिनों में चौराहों और तिराहों पर हेलमेट नहीं पहनने वाले वाहन चालकों की सख्ती से चैकिंग करने वाली पुलिस इन दिनों खुद ही नदारद नजर आ रही है। वजह-तेज धूप और लू के बीच ड्यूटी निभाना मुश्किल हो रहा है। जहां पहले वाहन चालक हेलमेट नहीं पहनने के लिए तरह-तरह के बहाने बनाते थे और पुलिस से बहस करते नजर आते थे, वहीं अब तस्वीर उलट गई है। कई पुलिसकर्मी अपने अधिकारियों को चक्कर आने, घबराहट और बेचैनी जैसी शिकायतें बताकर चैकिंग ड्यूटी से बचने की कोशिश कर रहे हैं।

हरिभूमि टीम ने शहर के प्रमुख चौराहों और तिराहों का जायजा लिया तो स्थिति चौंकाने वाली मिली। अधिकांश स्थानों पर पुलिसकर्मी मौजूद ही नहीं थे, जबकि केवल एक-दो जगहों पर ही औपचारिक चैकिंग होती दिखी।

हरिभूमि लाइव



पुलिस कंट्रोल रूम के सामने चालानी कार्रवाई करती ट्रैफिक पुलिस।

### गर्मी ने पुलिसकर्मियों को भी किया परेशान

गर्मी के चलते पुलिसकर्मियों की परेशानी भी कम नहीं है। दिनभर धूप में खड़े रहना, ट्रैफिक संभालना और चैकिंग करना चुनौती बन गया है।

**केस 1** गणेश मंदिर के पास सुबह 11:20 पर चेकिंग के दौरान ट्रैफिक पुलिस अधिकारी ने बताया कि तपती धूप की वजह से एक पुलिस जवान को चक्कर और घबराहट होने के कारण चेकिंग एक घंटे में ही खत्म करनी पड़ी। आदेश के दूसरे दिन कहीं चेकिंग, तो कहीं चौराहों पर सन्नाटा पसरा रहा, वहीं वाहन चालकों में हेलमेट का डर नहीं दिखा।

**केस 2** आरआरएल सीएनजी पंप

दोपहर 12:45: दोनों दिन सन्नाटा फैला रहा, कोई ट्रैफिक पुलिस मौके पर मौजूद नही मिले, चौकी भी पिछले कई दिनों से बंद पड़ी है।

**केस 3** बोर्ड ऑफिस चौराहे पर भी यही हाल रहा, यहां भी दोनों दिन चेकिंग नही हुई। लोग आम दिनों की तरह बिना हेलमेट लगाए आते जाते रहे। यहां कोई चेकिंग नहीं होने से चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस नजर नहीं आई।

### *दोपहर 12 से 5 बजे तक पारा चढ़ने पर चौराहों से गायब हुआ ट्रैफिक अमला*

भोपाल। हेलमेट चैकिंग अभियान के शुरुआती दिनों में ही दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक ट्रैफिक अमला चौराहों से गायब रहता है, हालांकि दिन के समय वाहनों की तादाद भी कम है। सोमवार को हरिभूमि की टीम अपेक्स बैंक के सामने स्थित न्यू मार्केट चौराहे पर पहुंची, जहां ट्रेफिक अमला नहीं था। टीम यहां से पीएंडटी चौराहा पहुंची, यहां भी अधिकतर ट्रैफिक पुलिस के जवान वाहनों की चैकिंग करते हैं, लेकिन दिन के समय यहां से भी ट्रैफिक पुलिस के जवान नहीं थे। दिन में अधिकतर वाहन चालक बिना हेलमेट वाहन चलाते हुए देखे गए।



पीएंडटी चौराहा।



न्यू मार्केट अपेक्स बैंक के सामने।



लिंक रोड नंबर तीन के कोलार तिराहे पर भी सिर्फ सिग्नल चल रहे थे लेकिन हेलमेट चैकिंग के लिए कोई जवान नहीं था।



ये दृश्य है शाहपुरा तिराहे का। यहां भी अक्सर ट्रैफिक पुलिस रहती है, लेकिन दोपहर में यहां भी कोई ट्रैफिक कर्मी न था।

होम डिलीवरी बंद, डिलेवर्ड मैसेज पर भी सिलेंडर नहीं

## गैस एजेंसियों पर वेटिंग बढ़ी, कतार में लगे एक से चार हजार तक उपभोक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में पिछले एक महीने से घरेलू गैस सिलेंडरों की किल्लत कम नहीं हो रही है। इंडेन, एचपी और भारत कंपनी के गैस सिलेंडर का लॉट दो दिन में मिल रहा है, जिसकी वजह से उपभोक्ताओं का सिलेंडर देने में देरी हो रही है। ऐसे में उपभोक्ता खाली सिलेंडर लेकर एजेंसियों पर कतार लगाकर कड़ी धूप में खड़े नजर आ रहे हैं। इधर इसका फायदा उठाकर एजेंसी संचालकों ने भी होम डिलीवरी बंद कर दी है। अधिकतर उपभोक्ताओं को एजेंसी और गोदाम से ही सिलेंडर दिए जा रहे हैं।

भोपाल में 46 गैस एजेंसियां हैं और तीनों कंपनियों के मिलाकर करीब 5.50 लाख उपभोक्ता हैं। इसके बावजूद डिलीवरी सिस्टम कमजोर नजर आ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी इंडेन और एचपी की एजेंसियों पर सामने आ रही है, जहां होम डिलीवरी लगभग ठप है और ट्रक से सिलेंडर बांटे जा रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि वे होम डिलीवरी का पूरा भुगतान करते हैं, फिर भी उन्हें लाइन में लगना पड़ रहा है। कुछ एजेंसियों पर करीब एक हजार तो कुछ पर 4 हजार से ज्यादा सिलेंडरों की होम डिलीवरी पेंडिंग है। यानी जिन घरों तक गैस पहुंचनी थी, वहां डिलीवरी नहीं हो पा रही।

संडे मना रहे एजेंसी संचालक



होम डिलेवरी बंद होने से तपती धूप में उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी से सिलेंडर लाने पड़ रहे हैं।

तत्कालीन कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने राजधानी के सभी गैस एजेंसी संचालकों को रविवार को भी सिलेंडरों की डिलीवरी जारी रखने के निर्देश दिए थे, लेकिन एजेंसी संचालक रविवार को एजेंसी बंद रखते हैं, ऐसे में बुकिंग की पेंडेंसी बढ़ती जा रही है।

सात से दस दिन में मिल रहा सिलेंडर

पुराने शहर की एजेंसियों में सबसे ज्यादा पेंडेंसी है, यहां पर दस से पंद्रह दिन में सिलेंडर डिलीवर किया जा रहा है, जबकि सैनी, प्रियंका, हैप्पी इंडेन, अर्चना, राय, जानवी, रघु गैस एजेंसी पर 7 से दस दिन में गैस सिलेंडर की डिलीवरी की जा रही है।

### एजेंसियों की करेंगे नियमित मॉनीटरिंग

गैस एजेंसियों से सिलेंडर डिलीवरी में देरी हो रही है। इसके लिए ऑइल कंपनियों से मिलने वाले लॉट पर भी निगरानी रखी जा रही है। खाद्य विभाग के अफसर एजेंसियों पर स्टॉक और वितरण पर नियमित मॉनीटरिंग करेंगे।

**प्रियंक मिश्रा, कलेक्टर**



अब तक हटाए गए अतिक्रमण को लेकर बेंच में प्रस्तुत की रिपोर्ट

# एनजीटी में सुनवाई: भदभदा से बड़े तालाब तक के बीच शेष अतिक्रमण हटाने बीएमसी ने मांगा समय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी स्थित नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) की सेंट्रल जोनल बेंच में शहर के भदभदा से बड़े तालाब के बीच अतिक्रमण हटाने के मामले में सोमवार को सुनवाई हुई। इस मामले में याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता धरमवीर शर्मा ने बेंच को बताया कि अभी तक चिह्नित सभी अतिक्रमण नहीं हटाए गए हैं। इस पर भोपाल नगर निगम ने सभी चिहिन्नत अतिक्रमणों का हटाने के मामले में अब तक की गई कार्रवाई की रिपोर्ट प्रस्तुत की है। अब हटाए गए अतिक्रमण के साथ ही शेष अतिक्रमण को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से कुछ समय और मांगा है। याचिकाकर्ता की ओर से बेंच को बताया गया कि भोज वेटलैंड पर 227 के करीब अनाधिकृत अतिक्रमण पाए गए हैं, जिनमें से कुछ अतिक्रमण अभी नहीं हटाए गए हैं। इधर, भोपाल नगर निगम की ओर से उपरोक्त अतिक्रमण में से अधिकांश को हटाने का दावा किया गया है। शेष अतिक्रमण हटाने बेंच से कुछ समय और मांगा गया है।


भदभदा रोड पर कब्जे हटाने की कार्रवाई की गई। (फाइल फोटो)

### आदेश की कॉपी नहीं मिलती

इस मामले में एक धर्म स्थल भी अतिक्रमण के दायरे में चिह्नित किया गया है। इसे हटाने के मामला में सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान वक्फ बोर्ड की ओर से बेंच को बताया गया कि याचिकाकर्ता की ओर से कॉपी उन्हें उपलब्ध नहीं कराई गई है। एप्लीकेंट की ओर से आदेश की कॉपी नहीं मिलने से कोई कार्रवाई नहीं की जा सकती है।

### क्या है पूरा मामला

याचिकाकर्ता आर्या श्रीवास्तव ने एनजीटी में पिटीशन के माध्यम से बताया कि भदभदा से बड़े तालाब के बीच बड़े स्तर पर अतिक्रमण किया गया है, जो भोज वेटलैंड नियमों के विरुद्ध होने के साथ ही अन्य कई नियमों का उल्लंघन करता है। इस मामले में लंबे समय से बेंच में सुनवाई के दौरान बेंच ने प्रशासन और भोपाल नगर निगम को सभी अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए थे। इनमें कुल 227 अतिक्रमण चिह्नित किए गए थे, जिनमें से अधिकांश हटाए जा चुके हैं। अतिक्रमण के दायरे में बताए जा रहे एक धार्मिक स्थल के मामले में वक्फ बोर्ड की ओर से जवाब प्रस्तुत किया गया। अब शेष अतिक्रमणों को हटाने के लिए बीएमसी ने बेंच से और समय मांगा है।

मानव अधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

# विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर से हुआ प्राइवेट, आयोग ने दिए जांच के निर्देश

माशिमं के 10वीं 12वीं के विद्यार्थियों की परेशानी का मामला हरिभूमि ने प्रमुखता से किया था प्रकाशित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

खबर का असर

मप्र माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा दसवीं-बारहवीं कक्षाओं के विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट आने का मामला हरिभूमि में प्रकाशित होने के बाद मामले में मप्र मानव अधिकार आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में आयोग ने माशिमं को जांच के निर्देश दिए हैं। इसके साथ की मामले की रिपोर्ट भी दो सप्ताह के भीतर तलब की है।

दरअसल, भोपाल में अधिकारियों की लापरवाही से 10वीं एवं 12वीं के कई विद्यार्थियों की मार्कशीट में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखे होने का मामला सामने आया है। साल भर स्कूल जाकर नियमित पढ़ाई करने के बावजूद कई स्कूलों के विद्यार्थियों की अंकसूची में रेगुलर की जगह प्राइवेट लिखा हुआ है। इस कारण विद्यार्थियों को कई तरह परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। राजधानी भोपाल सहित प्रदेशभर के करीब चार दर्जन स्कूलों के करीब 15 हजार विद्यार्थी इससे प्रभावित बताए जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### एमपी बोर्ड की मेरिट में सांदीपनि के 58 विद्यार्थी

**भोपाल।** प्रदेश में संचालित सांदीपनि विद्यालय शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव की अनूठी नजीर पेश कर रहे हैं। एमपी बोर्ड के हाल ही जारी 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में सांदीपनि विद्यालयों के 58 विद्यार्थियों ने राज्य स्तरीय मेरिट में स्थान पाने में सफलता हासिल की है। इतना ही नहीं, एमपी बोर्ड की इन परीक्षाओं में सांदीपनि विद्यालयों के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम साल दर साल बेहतर हो रहा है। विगत चार वर्षों में सांदीपनि विद्यालयों ने 10वीं-12वीं के परीक्षा परिणामों में 20 से 28 प्रतिशत तक का सुधार दर्ज कराया है। वर्ष 2023 में एमपी बोर्ड की कक्षा 10वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत 68 था, जो वर्ष 2026 में बढ़कर 88 प्रतिशत तक पहुंच गया। वहीं 10वीं कक्षा में प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत भी 46 से बढ़कर 75 प्रतिशत से अधिक हो गया है। वहीं 12वीं में उत्तीर्ण विद्यार्थियों का प्रतिशत वर्ष 2023 के 59 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 2026 में बढ़कर 87 प्रतिशत से अधिक हो गया।

### केंद्रीय संस्कृत विवि का वार्षिकोत्सव आज

**भोपाल।** राजधानी स्थित केंद्रीय संस्कृत विवि के वार्षिकोत्सव का आयोजन मंगलवार को किया जा रहा है। 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे विवि के भवभूति प्रेक्षागार में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक प्रस्तुतियां आयोजित की जाएंगी।

### निगम अमले ने 96 पानी के सैंपल लिए

**भोपाल।** नगर निगम के जल कार्य अमले ने सोमवार को शहरभर से 96 पानी के सैंपल लिए और जांच के लिए लैब भेजे। अमले ने शहर में 47 लीकेज भी सुधारे। सीएम और महापौर हेल्पलाइन पर मिलीं चार शिकायतों का भी निराकरण किया गया। निगम अमला अब तक झुग्गी बस्ती क्षेत्रों के 8319 स्थानों सहित 18210 पानी के सैंपल लेकर जांच करवा चुका है।

### क्रेडिट कार्ड एक्टिव करने के नाम पर हजारों ठगे

**भोपाल।** कस्तूरबा नगर निवासी निखिल साहू, एमपी नगर जोन-2 ने शिकायत दर्ज कराई थी कि क्रेडिट कार्ड चालू कराने के नाम पर एक युवक ने 73 हजार से अधिक की साइबर ठगी की है। उसने एसबीआई क्रेडिट कार्ड शाखा का अधिकारी बताकर पेनाल्टी का डर दिखाया, फिर लिंक भेजकर ओटीपी हासिल कर लिया और खाते से रकम उड़ा दी। करीब तीन साल की जांच के बाद साइबर क्राइम ब्रांच ने धोखाधड़ी का केस दर्ज कर लिया है।

मंगला आरती, मंदिर के द्वार पर सातिया की स्थापना और दधीकांदा उत्सव

# श्रद्धाभाव के साथ मनाया हित हरिवंशचंद्र का प्राकट्योत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री राधाबल्लभ मंदिर रूपा बाई ट्रस्ट इब्राहिमपुरा की ओर से राधा वल्लभ संप्रदाय के प्रवर्तक हित हरिवंशचंद्र महाप्रभु का 553वां प्राकट्योत्सव सोमवार को श्रद्धाभाव से मनाया गया। राधावल्लभ संप्रदाय की रसरीती को वैष्णव रसिकजनों के हृदय तक पहुंचाने वाले बंसीजी के अवतार हित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव के अवसर पर सुबह सात बजे मंगला आरती, मंदिर के मुख्य द्वार पर दोनों तरफ सातिया की स्थापना, दोपहर 12 बजे दधीकांदा उत्सव हुआ। इसमें रसिकजनों ने अपने सर पर मटकी लेकर भजनों की धुन पर जमकर नृत्य किया। इस दौरान मखाने व मेवे आदि लुटाए गए। प्रसादी का वितरण किया गया।


श्री राधावल्लभ।


मंदिर में श्रद्धालु।

## नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह शौर्य यात्रा आज, बुंदेला विद्रोह के बलिदानियों का किया जाएगा स्मरण

**भोपाल।** जंबूरी मैदान में मंगलवार को होने वाली शौर्य यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इस दौरान जनजातीय वीरों को सम्मान किया जाएगा। जिसमें 1842 की बुंदेला क्रांति के महानायक, वीर योद्धा नर्मदा टाइगर राजा हिरदेशाह लोधी की गौरव गाथा को समर्पित रहेगा। इस कार्यक्रम में आजादी के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले बलिदानियों का स्मरण किया जाएगा। इस मौके पर मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहेंगे। तो वहीं पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती शामिल होंगी। अखिल भारतीय लोधी, लोधा, लोधी क्षत्रिय महासभा मध्य प्रदेश, राजा हिरदेशाह शोध संस्था तथा गोंड महासभा के तत्वावधान में आयोजित शौर्य यात्रा में मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, मंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी, सांसद राहुल सिंह लोधी, अखिल भारतीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं एटा उत्तर प्रदेश के विधायक विपिन वर्मा डेविड एवं पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल सहित अनेक जनप्रतिनिधि मौजूद रहेंगे।


### इस दौरान ऐसी रहेगी यातायात व पार्किंग व्यवस्था

- नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, बालाघाट, सिवनी, मंडला, सतना, मैहर कटनी से आने वाली बसें (पीला स्टीकर) होशंगाबाद रोड, मिसरोद, आशिमा मॉल, बागसेवनिया चौराहा, आर.आर.एल. तिराहा, एम्स रोड, बरखेड़ा पठानी होकर जम्बूरी मंच के बाये ओर सेंट जेवियर स्कूल के पीछे पार्किंग स्थल में पार्क होगी।
- रायसेन, विदिशा, सागर, पन्ना, टीकमगढ़, दमोह, छतरपुर, पिछोर, अशोकनगर, निवाड़ी से आने वाली बसें सांची रायसेन बायपास होकर बिलखिरिया, पटेल नगर बायपास चौराहा से लेफ्ट टर्न लेकर खजुरी कला गांव से एसओएस रोड होकर जंबूरी मैदान में मंच के दायीं ओर खजूरी तरफ पार्क होगी।
- राजगढ़, गुना, ग्वालियर, शिवपुरी, भिंड, मुरेना, दतिया, साजापुर, सुजालपुर से आने वाली बसें (केसरिया स्टीकर)- श्यामपुर, दोराहा से मुबारकपुर बायपास, गांधीनगर, जेल रोड, करोंद, भानपुर चौराहा से ओवर ब्रिज चढ़कर अयोध्या बायपास, मिनाल के अन्दर से जेके रोड होते हुए पिपलानी पेट्रोल पंप, इलाहबाद बैंक तिराहा, एसओएस बाल ग्राम रोड होकर जंबूरी मैदान में मंच के दायीं ओर खजूरी तरफ पार्क होगी।

## चार की वजह 8 डॉक्टर बना रहे अमरनाथ यात्रा के हेल्थ सर्टिफिकेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी भोपाल सहित देशभर में अमरनाथ यात्रा के लिए 15 अप्रैल से रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए। यात्रा 3 जुलाई से शुरू होगी, जो 28 अगस्त को रक्षाबंधन तक चलेगी। ओम शिव शक्ति सेवा मंडल भोपाल के सचिन रिंकू भटेजा ने बताया कि अमरनाथ यात्री को यात्रा परमिट बनवाने से पहले श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड द्वारा अधिकृत डॉक्टरों द्वारा कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनवाना अनिवार्य होता है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष श्राइन बोर्ड द्वारा भोपाल के लिए चार डॉक्टरों का नाम घोषित किया था इसमें दो डॉक्टरों का नाम गलत अंकित किए गए थे। मंडल ने श्री अमरनाथ श्राइन बोर्ड को सोशल मीडिया के माध्यम से अवगत कराया था। साथ ही अब भोपाल में 8 डॉक्टर कंपलसरी हेल्थ सर्टिफिकेट बनाने के लिए अधिकृत है। अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने निर्णय लिया है। अभी फिलहाल दिनांक 3 अगस्त तक ही यात्रा परमिट बनाए जाएंगे।



## आज अर्जुनदास महाराज की प्रतिमा का अनावरण

**भोपाल।** विघ्नेश्वर महादेव शिवालय शिव मंदिर गौतम नगर के दिवंगत मंडलेश्वर अर्जुनदास महाराज उर्फ योगेंद्र नाथ राय की प्रतिमा का अनावरण मंदिर परिसर में मंगलवार को होगा। मंडलेश्वर की प्रथम पुण्यतिथि के अवसर पर मंगलवार को शाम बजे से अखंड श्री रामचरित मानस का पाठ होगा। बुधवार को शाम बजे से भंडारा एवं प्रसाद वितरण का आयोजन होगा। आयोजन समिति के तुंगेश्वर नाथ राय ने बताया कि इस अवसर पर दिवंगत मंडलेश्वर के भक्त भोपाल के अलावा इंदौर, जबलपुर, रायपुर, वाराणसी, बक्सर, आरा, बलिया, गाजीपुर आदि स्थानों से भोपाल पहुंचकर श्रद्धांजलि देंगे।



## शंका से होता है प्राणी का सुनिश्चित समूल विनाश: पं. सुशील


पं. सुशील महाराज।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

श्री शिव शक्ति धाम सिद्धश्रम में आयोजित श्री शिव महापुराण कथा के चौथे दिन सोमवार को पंडित सुशील महाराज ने सती चरित्र की कथा सुनाते हुए भक्तों को बताया कि शंका से प्राणी का विनाश सुनिश्चित होता है। आदि शक्ति मां सती ने श्री राम के ऊपर शंका करके अपना विनाश सुनिश्चित कर लिया था। श्री राम की परीक्षा लेने के लिए मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण करके बहुत बड़ी गलती कर ली थी। क्योंकि भोले शिव भगवान श्री राम को अपना इष्ट मांनते थे और प्रभु श्री राम भोले बाबा को अपना इष्ट मांनते थे। जब मां सती ने जगत जननी मां सीता का स्वरूप धारण किया। उसी समय से भोले बाबा ने सती को अपने इष्ट की पत्नी के समान मान लिया और उनका मन से त्याग कर दिया था। सती देह में अव वह अब सती को अब आगे पत्नी के रूप में स्थान नहीं देंगे। पं सुशील महाराज ने कहा कि इसलिए इस प्रसंग से शिक्षा लेकर प्रत्येक मनुष्य को यह संकल्प लेना चाहिए कि शंका की बीमारी को वह अपने मन से सदैव दूर रखेंगे। अपने घर में सुख, शांति और समृद्धि का वास स्थापित करेंगे। श्री शिव महापुराण की कथा में दौलत सिंह कुशवाहा एवं उनके पुत्र ने कथा वाचक पंडित सुशील महाराज का गमछा एवं पुष्प माला पहनाकर सम्मान किया। गुना से पधारे भगवत सिंह रघुवंशी, पप्पू चौधरी तथा गोवर्धन जिला मथुरा उत्तर प्रदेश से पधारे धीरज शर्मा एवं जमुना कुशवाहा, भवानी कुशवाहा, कमल सिंह जाट ने श्री शिव महापुराण की पूजा कर आरती उतारी।

■ श्री शिव शक्ति धाम सिद्धाश्रम में श्री शिव महापुराण कथा

राज्य शिक्षा केंद्र ने जारी किए परीक्षा संबंधी दिशा-निर्देश

# 1 जून से होगी 5वीं, 8वीं की पुनः परीक्षा परीक्षार्थियों के लिए टाइम टेबल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शिक्षण सत्र 2025-26 की मुख्य परीक्षा में अनुत्तीर्ण और अनुपस्थित रहे कक्षा 5वीं एवं 8वीं के विद्यार्थियों पुनः परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जा रहा है। यह परीक्षा 1 से 6 जून 2026 के बीच होगी। इसमें प्रदेश के समस्त शासकीय, मान्यता प्राप्त अशासकीय एवं अनुदान प्राप्त शालाओं और पंजीकृत मदरसों में अध्ययनरत कक्षा 5वीं व 8वीं के विद्यार्थी शामिल होंगे। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र ने कार्यक्रम जारी करने के साथ ही संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी कर दिए हैं। दोबारा परीक्षा में शामिल होने वाले विद्यार्थी अपना प्रवेश पत्र राज्य शिक्षा केन्द्र के परीक्षा पोर्टल के माध्यम से डाउनलोड कर सकेंगे। सभी बी.आर.सी.सी. को निर्देशित किया गया है कि वे यह सुनिश्चित करें कि उनके ब्लॉक के सभी विद्यार्थियों को संबंधित शाला के प्रधान पाठक के माध्यम से 25 मई तक प्रवेश पत्र अनिवार्य रूप से प्राप्त हो जाएं। पुनः परीक्षा में शामिल होने वाले परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा आयोजन से पूर्व शाला स्तर पर विषयवार अतिरिक्त शिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए हैं।

### जन शिक्षा केंद्र स्तर पर होंगे परीक्षा केंद्र

कक्षा 5वीं व 8वीं की पुनः परीक्षा के लिए परीक्षा केन्द्र केवल जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर बनाए जाएंगे। अगर किसी जिले में किसी परीक्षा केन्द्र पर 500 से अधिक परीक्षार्थी सम्मिलित हो रहे हों तो उस स्थिति में राज्य शिक्षा केन्द्र से अनुमति उपरांत दूसरा परीक्षा केन्द्र निर्धारित किया जा सकेगा। शाला की मैपिंग संबंधित बीआरसीसी द्वारा 15 मई तक पूर्ण करने के निर्देश दिए गए हैं। दोबारा परीक्षा के लिए प्रश्नपत्रों की ऑन स्पॉट प्रिंटिंग निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर ही की जाएगी। परीक्षा पोर्टल से प्रश्नपत्रों को डाउनलोड एवं प्रिंट करने के लिए जिला परियोजना समन्वयक नोडल अधिकारी होंगे।

29 लाख से बन रहे नाले का निर्माण निर्धारित समय में पूरा करने के दिए निर्देश

# निगम अधिकारियों के साथ अरेरा कॉलोनी में नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर राय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

महापौर मालती राय सोमवार को निगम के अधिकारियों के साथ अरेरा कॉलोनी क्षेत्र में चल रहे नाला निर्माण कार्य का निरीक्षण करने पहुंची। उन्होंने निर्धारित समय में काम पूरा करने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

उन्होंने अरेरा कॉलोनी फ्रेक्चर हॉस्पिटल के पास निर्माणाधीन नाले का निरीक्षण किया और नाला निर्माण कार्य की जानकारी हासिल की। उन्होंने जाली लगाने, नाली की सफाई कराने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान महापौर को अवगत कराया गया कि फ्रेक्चर हॉस्पिटल के पास 30 मीटर लंबा और 4 मीटर चौड़े नाले का निर्माण साथ ही इस क्षेत्र में 30 मीटर लंबी एवं 1.5 मीटर चौड़ी नाली का निर्माण भी कराया जा रहा है। यह काम 29 लाख रुपए की लागत से हो रहा है। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री आरआर जरोलिया, जोन अध्यक्ष बाबूलाल यादव, पार्षद शिखा मोनू गोहल सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे।


निरीक्षण करने पहुंचीं महापौर।

### इब्राहिमगंज में 87 लाख से बनेगा सीसी रोड सांसद-महापौर ने किया भूमिपूजन

पुराने शहर के इब्राहिमगंज में 87 लाख रुपए से बनने वाले सीसी रोड का भूमिपूजन सोमवार को सांसद आलोक शर्मा और महापौर मालती राय ने किया। यह रोड शीतला माता मंदिर से हमीदिया रोड तक और होली वाले चौराहे से छोला रोड सपना लॉज तक बनेगा। इसके बनने से संकरे इलाकों से जुड़े सार्वजनिक क्षेत्रों तक आवाजाही आसान हो जाएगी। भूमिपूजन के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, विष्णु राठौर, अंशुल तिवारी, अभय पंडित, अजय राहुल, महेश मालवीय सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद थे।



वंदे मातरम का विरोध भारत की प्राणशक्ति का विरोध है: निखिलेश

निटर में भारतीय ज्ञान परंपरा पर कार्यक्रम

# भारतीय दृष्टि उपयोग एवं पश्चिमी दृष्टि उपभोग की है: डॉ. रवींद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



राजधानी स्थित निटर (एनआईटीटीटीआर) में सोमवार को भारतीय ज्ञान परंपरा विषयक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें भारतीय शिक्षा दर्शन, राष्ट्रचेतना और सांस्कृतिक मूल्यों पर विमर्श हुआ। उद्घाटन सत्र के मुख्य वक्ता डॉ. रविन्द्र कान्हेरे, अध्यक्ष, विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान तथा द्वितीय सत्र के मुख्य वक्ता निखिलेश माहेश्वरी, प्रांत संगठन मंत्री, विद्या भारती, मध्य भारत प्रांत रहे। सत्र को संबोधित करते हुए डॉ. रविन्द्र कान्हेरे ने कहा कि भारत की परंपरा में शिक्षा सदैव समाज का विषय रही है, शासन का नहीं। उन्होंने भारतीय शिक्षा दर्शन को केवल ज्ञानार्जन का माध्यम न मानकर चरित्र निर्माण और सामाजिक दायित्व से जोड़ने पर बल दिया। उन्होंने पंचकोशीय शिक्षा की अवधारणा तथा चार प्रकार के शिक्षार्थियों- सुनने वाले, समझने वाले, प्रयोग करने वाले और प्रसारित करने वाले, की भूमिका को विशेष रूप से रेखांकित किया। द्वितीय सत्र में निखिलेश माहेश्वरी ने कहा कि वंदे मातरम मात्र एक गीत नहीं, बल्कि भारत के स्वाभिमान और आध्यात्मिक चेतना की अनवरत यात्रा का गौरवगान है।

लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर शुरू होगा कार्य

यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन उद्देश्य

# रिमॉडलिंग कार्य के चलते भोपाल मंडल से गुजरने वाली 10 ट्रेनों का मार्ग बदला, 24 दिनों तक चरणबद्ध चलेगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

यात्रियों की सुविधा, संरक्षा एवं बेहतर परिचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल अंतर्गत जौनपुर जंक्शन स्टेशन पर यार्ड रिमॉडलिंग कार्य किया जा रहा है। यह कार्य 04 मई से 27 मई तक कुल 24 दिनों तक चरणबद्ध रूप से सम्पन्न होगा। इस कार्य के कारण भोपाल मंडल होकर संचालित की जाने वाली 10 गाड़ियों के मार्ग में परिवर्तन किया गया है।



### जौनपुर के बजाए परिवर्तित मार्ग से जाने वाली गाड़ियां

- 19051 वलसाड़-मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 16, 23 मई को
- 19052 मुजफ्फरपुर-वलसाड़ एक्सप्रेस 18, 25 मई को
- 11056 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 13, 15, 17, 19, 20, 22, 24, 26, 27 मई को
- 11060 लोकमान्य तिलक-गोरखपुर एक्सप्रेस 14, 16, 18, 21, 23, 25 मई को
- 11055 छपरा-लोकमान्य तिलक एक्सप्रेस 13, 15, 17, 18, 20, 22, 24, 25 मई को
- 11059 लोकमान्य तिलक- छपरा एक्स. 12, 14, 16, 19, 21, 23, 26 मई को
- 19045 सूरत-थावे ताप्ती गंगा एक्सप्रेस 03, 04, 06, 07, 08, 10, 11, 13, 14, 15, 17, 18, 20, 21, 22, 24, 25 मई को
- थावे-सूरत ताप्ती गंगा एक्सप्रेस 13, 15, 16, 17, 19, 20, 22, 23, 24, 26, 27 मई को
- 19321 इंदौर-पटना एक्सप्रेस 09, 16, 23 मई को
- 22103 लोकमान्य तिलक-अयोध्या कैंट एक्सप्रेस 18, 25 मई को ।
- यार्ड रिमॉडलिंग कार्य के दौरान कुछ ट्रेनों के मार्ग परिवर्तन के कारण कुछ स्टेशनों पर अस्थाई रूप से ठहराव प्रभावित हो सकते हैं।

### अमृत भारत स्टेशन योजना अंतर्गत विदिशा, सांची, हरदा सहित अन्य स्टेशनों पर कार्य अंतिम चरण में: जीएम सिंह

**भोपाल।** पमरे जोन महाप्रबंधक दिलीप सिंह ने सोमवार को कहा कि नई रेल परियोजनाओं, निर्माण कार्यों, अमृत स्टेशन विदिशा, सांची, हरदा सहित अन्य स्टेशनों को गति प्रदान करने, यात्री सुविधाओं में विस्तार को बढ़ावा देने विशेष प्रयास किये जा रहे हैं। उन्होंने ने बताया कि नई रेललाइन परियोजनाओं में ललितपुर-खजुराहो-सतना-पन्ना-रीवा-सीधी-सिंगरौली (541 किमी) एवं रामगंजमंडी-भोपाल (276.5 किमी) के निर्माण अंतिम दौर में हैं।



मुख्यमंत्री आज सूपखार में करेंगे 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापन का शुभारंभ

# कान्हा में लौटेंगे जंगली भैंसे, काजीरंगा से आरंभ हो रहा ऐतिहासिक ट्रांसलोकेशन

मप्र-असम के वन्यजीव संरक्षण और जैव-विविधता सहयोग का नया अध्याय

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि चीता पुनर्स्थापना की ऐतिहासिक सफलता के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। प्रदेश में एक सदी से अधिक समय से विलुप्त हो चुकी 'जंगली भैंस' (वाइल्ड बफेलो) प्रजाति की पुनर्स्थापना की रणनीति अब साकार हो रही है। मुख्यमंत्री 28 अप्रैल को बालाघाट जिले के सूपखार एवं



टोपला क्षेत्र में कार्यक्रम के अंतर्गत 'जंगली भैंस' पुनर्स्थापन अभियान का शुभारंभ करेंगे। मुख्यमंत्री सूपखार में 4 जंगली भैंसों को उनके नए प्राकृतिक आवास में छोड़ेंगे। इनमें 3 मादा और एक नर जंगली भ ैसा शामिल हैं।

## 50 का लक्ष्य, प्रथम चरण में लाए जा रहे चार

*इस महत्वाकांक्षी परियोजना के तहत असम के काजीरंगा से जंगली भैंसों को कान्हा टाइगर रिजर्व लाया जा रहा है। पहले चरण में 4 भैंसों का दल अपनी यात्रा प्रारंभ कर चुका है। कुल 50 भैंसों के समूह को 'फाउंडर पॉपुलेशन' के रूप में लाने का लक्ष्य निर्धारित है। इस सीजन में 8 भैंसों को स्थानांतरित किया जाएगा। पूरी प्रक्रिया काजीरंगा और कान्हा के वरिष्ठ अधिकारियों एवं अनुभवी पशु-चिकित्सकों की निगरानी में वैज्ञानिक तरीके से संपन्न की जा रही है।*

### वन्यजीव सरंक्षण और जैव विविधता सहयोग का विस्तार

इस परियोजना के साथ ही मध्यप्रदेश और असम के बीच वन्यजीव आदान-प्रदान का नया अध्याय भी जुड़ रहा है। असम से गैंडे (राइनो) के दो जोड़े मध्यप्रदेश लाए जाएंगे। जिन्हें भोपाल के वन विहार राष्ट्रीय उद्यान में रखा जाएगा। इसके बदले में मध्यप्रदेश, असम की मांग के अनुसार 3 बाघ और 6 मगरमच्छों का स्थानांतरण करेगा। इस पर गुवाहाटी में मुख्यमंत्री और असम के मुख्यमंत्री हिमंता विश्व सरमा के बीच हुई बैठक में सहमति बनी थी।

### प्रकृति संतुलन की दिशा में निर्णायक पहल

*सूपखार में जंगली भैंसों को छोड़े जाने के साथ यह 'वाइल्ड-टू-वाइल्ड' पुनर्स्थापना परियोजना एक नए चरण में प्रवेश करेगी। विशेषज्ञों के अनुसार, इससे कान्हा की घासभूमि पारिस्थितिकी को मजबूती मिलेगी और जैव-विविधता संतुलन को नया जीवन मिलेगा। यह पहल मध्यप्रदेश वन विभाग द्वारा मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में संचालित एक और ऐतिहासिक संरक्षण अभियान है, जो आने वाले समय में देश के लिए एक मॉडल के रूप में स्थापित होगा।*

परिस्थिति तंत्र का सुदृढ़ीकरण

### 'चीते के बाद अब भैंसे'-जैव-विविधता को समृद्ध बनाने की एक और पहल

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा है कि चीता पुनर्स्थापना के बाद अब जंगली भैंसों की वापसी से प्रदेश की जैव-विविधता में एक नया आयाम जुड़ेगा। यह पहल एक प्रजाति के संरक्षण के प्रयास के साथ ही प्रदेश के वन पारिस्थितिकी तंत्र को सुदृढ़ करने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम है। मप्र पहले ही 'टाइगर स्टेट' और 'लेपर्ड स्टेट' के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। जंगली भैंसों का पुनर्स्थापन इस गौरव को और सुदृढ़ करेगा।

### महत्वपूर्ण है यह पुनर्स्थापन

मध्यप्रदेश में जंगली भैंसों की आबादी लगभग 100 वर्ष पहले समाप्त हो गई थी। कान्हा के सूपखार क्षेत्र में 1979 के आसपास जंगली भैसा देखा गया था। अत्यधिक शिकार, मानव हस्तक्षेप, आवास का क्षरण और घास के मैदानों का नष्ट होना इसके प्रमुख कारण रहे। वर्तमान में इनकी प्राकृतिक आबादी मुख्य रूप से असम में सीमित है, जबकि छत्तीसगढ़ में इनकी संख्या अत्यंत कम है।

### कान्हा उपयुक्त प्राकृतिक आवास

*भारतीय वन्यजीव संस्थान (देहरादून) द्वारा किए गए अध्ययन में कान्हा टाइगर रिजर्व को जंगली भैंसों के पुनर्स्थापन के लिए सबसे उपयुक्त पाया गया है। यहाँ के विस्तृत घासभूमि क्षेत्र, पर्याप्त जल स्रोत और न्यूनतम मानव हस्तक्षेप इस प्रजाति के लिए अनुकूल परिस्थितियाँ प्रदान करते हैं।*

---

'महिला आरक्षण' और 'नारी शक्ति वंदन' पर चर्चा के दौरान तीखी बहस

# बरैया बोले-हजारों साल से महिलाएं सताई जा रहीं, सीएम ने कहा-क्या कहना चाहते हैं?




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र में महिला आरक्षण और नारी शक्ति वंदन अधिनियम पर चर्चा के दौरान तीखी बहस छिड़ गई। कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया के 'महिलाएं दो हजार वर्षों से पैरों की जूती बनी रही हैं' वाले बयान पर सत्ता पक्ष ने कड़ा विरोध जताया। मंत्री कृष्णा गौर ने इस बयान को महिलाओं का अपमान बताते हुए बरैया से माफी की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष ने भी उन्हें विषय पर रहने की हिदायत दी।

मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि एक ओर महिला आरक्षण पर गंभीर चर्चा हो रही है, वहीं कांग्रेस महिलाओं को अपमानजनक तरीके से पेश कर रही है।

विवाद बढ़ने पर बरैया ने सफाई दी कि उनका बयान महिलाओं की स्थिति पर सवाल उठाने के लिए था, न कि उनका अपमान करने के लिए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बरैया को सीधे तौर पर घेरते हुए कहा कि आपकी बातों का संदर्भ स्पष्ट नहीं है, कभी देवदासी प्रथा, कभी हजारों साल पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हैं, आखिर आप कहना क्या चाहते हैं, यह स्पष्ट होना चाहिए। उन्होंने कहा कि सदन में इतने महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो रही है, इसलिए मुद्दे से भटकने के बजाए सार्थक और केंद्रित बहस होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में महिलाओं के अधिकारों के लिए लंबे समय से संघर्ष होता रहा है। राजा राममोहन राय, ज्योतिराव फुले और स्वामी विवेकानंद जैसे महान व्यक्तित्वों ने इस दिशा में काम किया है। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिला आरक्षण को नई दिशा देने का काम किया गया है।

## मंत्री कृष्णा गौर ने कहा- अपने बयान के लिए बरैया माफी मांगें

सीएम ने कहा- मुद्दे से भटकने के बजाए सार्थक बहस हो

स्पीकर ने बरैया को दी हिदायत- अपने विषय पर ही रहें

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि आपकी बातों का संदर्भ स्पष्ट नहीं है, कभी देवदासी प्रथा, कभी हजारों साल पुरानी घटनाओं का जिक्र करते हैं, आखिर आप कहना क्या चाहते हैं*

### किसानों के साथ हो रहा अन्याय

अभिजीत शाह का कहना था कि ट्रैक्टर के लिए विधिवत पास बनवाया था। इसके बाद भी रोका जाना गलत है। इसके बाद बाद वह गेहूं का गट्ठा लेकर विधानसभा के अंदर पहुंचे और किसानों की स्थिति को प्रतीकात्मक तरीके से सामने रखा। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि प्रदेश का किसान दिन-रात मेहनत कर रहा है, खून-पसीना एक कर रहा है, लेकिन उसे उसकी फसल का उचित दाम नहीं मिल रहा। सरकार किसानों के साथ लगातार अन्याय कर रही है। किसानों को उपज का सही मूल्य नहीं दिया जा रहा। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि अन्य राज्यों में गेहूं की खरीद ज्यादा दाम पर हो रही है, जबकि मध्य प्रदेश के किसान कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं।

### भाजपा पर महिलाओं को आरक्षण देने की मंशा पर सवाल उठाए

कांग्रेस विधायक फूल सिंह बरैया ने विधानसभा में भाजपा पर महिलाओं को आरक्षण देने की मंशा पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि समाज में महिला और पुरुष गाड़ी के दो पहिए हैं, लेकिन एक पहिया अब भी पिछड़ा हुआ है, जिस पर गंभीर चर्चा होनी चाहिए। बरैया ने कहा कि महिलाएं सदियों से सामाजिक रूप से दबाई जाती रही हैं और इस मानसिकता को बदलना जरूरी है। बरैया ने कहा कि महिला पिछले दो हजार वर्षों से पैरों की जूती बनी आ रही हैं, कांग्रेस तो अभी 150 साल पुरानी है।

महिला मोर्चा 'नारी शक्ति वंदन' के समर्थन में निकालेगा मशाल जुलूस

### भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेशाध्यक्ष ने की मीडिया से चर्चा

**भोपाल।** नारी शक्ति वंदन अधिनियम के समर्थन में महिला मोर्चा 28 अप्रैल को भोपाल में मशाल जुलूस निकालेगा। मशाल जुलूस में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, मध्यप्रदेश शासन की महिला मंत्री, सांसद एवं विधायक, महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल होंगी। भाजपा प्रदेश कार्यालय में यह जानकारी देते हुए सोमवार को भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी परांजपे ने मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि महिला मोर्चा की बहनों ने विधानसभा के विशेष सत्र की कार्यवाही का अवलोकन कर लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं को समझा। महिला नेत्रियों ने संकल्प लिया कि सभी बहनें लोकतांत्रिक प्रक्रिया में सक्रिय भागीदारी निभाते हुए देश की आधी आबादी को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करेंगी। अश्विनी परांजपे ने कहा कि कांग्रेस और विपक्षी दलों ने 'नारी शक्ति वंदन' अधिनियम का विरोध कर महिलाओं का अधिकार छीना है।


**महिलाएं अपने अधिकारों के प्रति सजग, विपक्ष को सिखाएंगी सबक: परांजपे**

परांजपे ने कहा कि सोमवार शाम 5 बजे महिला मोर्चा द्वारा भोपाल में मशाल जुलूस निकाला जाएगा। मशाल जुलूस सोमवारा पुलिस चौकी से प्रारंभ होकर सुभाष चौक होते हुए लखेरापुरा पहुंचेगा। इस आयोजन के माध्यम से महिला मोर्चा यह संदेश देगा कि मध्यप्रदेश सहित देश की बहनें अपने अधिकारों के प्रति सजग हैं और महिलाओं के अधिकारों में रोड़ा अटकाने वाले विपक्षी दलों को देश की नारी शक्ति सबक सिखाने को तैयार है।

## ट्रैक्टर लेकर जा रहे कांग्रेस विधायक, पुलिस ने रोका, झड़प के बाद गेहूं की बालियां लेकर सदन पहुंचे

सोमवार को विधानसभा में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर चर्चा के बीच उस समय हंगामा देखने को मिला। जब कांग्रेस विधायक अभिजीत शाह गेहूं से भरी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर विधानसभा जा रहे थे, लेकिन पुलिस ने मंत्रालय के आगे बैरिकेडिंग कर उन्हें रोक लिया गया। इसके बाद वह झड़प के बाद गेहूं की बालिया लेकर सदन पहुंचकर प्रदेशभर में गेहूं खरीद नहीं होने व समर्थन मूल्य अन्य राज्यों की तुलना में कम दिए जाने का आरोप लिया।








मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित कार्य मंत्रणा समिति की विधानसभा में हुई बैठक में सम्मिलित हुए।



विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार, विधायक हेमंत कटारे व अन्य कांग्रेस नेताओं ने विधानसभाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर का स्वागत किया।

विस के एक दिनी विशेष सत्र में मुख्यमंत्री ने दिया जवाब

# सीएम ने कहा, 'तू इधर उधर की बात न कर, ये बता कि कारवां क्यों लुटा'

**विधेयक पास होता, तो विस की 130 सीटें बहनों के लिए आरक्षित हो जातीं**

**सीएम बोले, सदन में आधी आबादी के भाई के नाते उपस्थित हूं**

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज के इस सत्र में दोनों पक्षों ने अच्छी बात कही है। यहां आधी आबादी के भाई के नाते उपस्थित हूं। हमने अपनी वसुंधरा के साथ मातृ सत्ता के साथ भावनाओं को जोड़ा है। कांग्रेस से कहना चाहता हूं कि तू इधर उधर की बात न कर, ये बता कि कारवां लुटा क्यों? कांग्रेस ने 42 वां संविधान संशोधन कर साबित कर दिया था कि अब लोकसभा में कोई सीट नहीं बढ़ेगी। कांग्रेस ने बहनों के साथ अन्याय किया। आधी आबादी का आरक्षण रोककर कांग्रेस ने उनका गला घोटा। कांग्रेस ने पाप किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव सोमवार को मप्र विधानसभा के विशेष सत्र के समापन पर अपने जवाब में बोल रहे थे। इस सत्र में नारी शक्ति वंदन को लेकर संकल्प सदन में पेश हुआ था। इसमें सत्ता व विपक्ष दोनों सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। इस मौके पर सदन की कार्यवाही करीब 7 घंटे तक चली। चर्चा के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने वैसे तो 4 घंटे का समय रखा था, किंतु यह काफी देर तक चलती रही। चर्चा के दौरान कोई लंच ब्रेक नहीं हुआ। सदन के लॉबी में सदस्यों के भोजन की व्यवस्था थी।



सीएम ने की विस अध्यक्ष तोमर से सौजन्य भेंट।

### आपातकाल के समय कहा था 'न'

मुख्यमंत्री ने जवाब में कहा कि प्रियंका गांधी की नानी ने संविधान संशोधन के जरिए आपातकाल के समय महिला आरक्षण को न कहा था। अभी 16 अप्रैल का संविधान संशोधन नहीं गिरता तो 33 प्रतिशत आरक्षण मिलने के बाद लोकसभा में 543 सीटों की संख्या 850 हो जाती। विधेयक पास होने पर महिला सदस्यों की संख्या 243 होती। लोकसभा में उनकी संख्या बढती। मप्र में भी लोकसभा सदस्यों की संख्या दोगुना से अधिक हो जाती। प्रदेश में विधानसभा की 130 सीटें बहनों के लिए आरक्षित हो जातीं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नींद से जागे और महिलाओं के साथ अन्याय करना बंद करे।

### बांटो और राज करो की नीति पर चलती आई है कांग्रेस

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपनी बहानबाजी के लिए माफी मांगे। कांग्रेस बांटो और राज करो की नीति पर चलती आई है। आज दक्षिण के राज्यों में हमारी सरकारें नहीं हैं। जहां सभी प्रकार की वित्तीय मदद उन राज्यों की प्रधानमंत्री के नेतृत्व में मिल रहा है। जिनकी दृष्टि में हमेशा तुष्टीकरण है, उन्हें महिला शक्तिकरण रास नहीं आएगा। अगर महिला आरक्षण लागू हुआ तो सच में वंशवाद की जड़ें हिल जाएंगी। कांग्रेस नेता आज पिछड़ा वर्ग की बात कर रहे हैं।

## रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर नारी सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया

हमारी सरकार ने दिल्ली में रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर नारी सशक्तिकरण का उदाहरण पेश किया है। देश में एक सकारात्मक माहौल बना है। कांग्रेस धर्म के आधार पर आरक्षण देना चाहती है। यह देश के लिए दुर्भाग्यपूर्ण है। कांग्रेस ने महिलाओं के साथ छल किया है, ईश्वर उन्हें माफ नहीं करेगा। कांग्रेस ने 30 साल तक बहनों के अधिकारों पर डाका डाला है। 1996 में पहली बार महिला आरक्षण बिल आया और कांग्रेस ने उसे अटकाए रखा। कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण को लॉलीपाप बना कर रखा। कांग्रेस ने बहनों की क्षमता और आकांक्षाओं के पीठ में खंजर घोंपने का काम किया है।

### 4454 पदों पर बहनों का चयन हुआ

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि 4454 पदों पर बहनों का चयन हुआ है। मप्र महिला सशक्तिकरण का मॉडल बन चुका है। राज्य सरकार ने हर क्षेत्र में महिलाओं को आगे बढ़ाया है। 5 लाख से अधिक स्व सहायता समूहों से जुड़कर 65 लाख से अधिक माताओं-बहनों ने आत्मनिर्भरता का इतिहास रचा है। ड्रोन दीदीयां, बैंक सखी बनकर महिलाएं आगे बढ़ रही हैं। प्रदेश की एक करोड़ 25 लाख से अधिक लाड़ली बहनों को हर माह 1500 रुपए की राशि दे रहे हैं। प्रति बहन 40 हजार से अधिक राशि पहुंच चुकी है। प्रदेश के 48 प्रतिशत से अधिक स्टार्टअप का नेतृत्व महिलाएं कर रही हैं। एमएसएमई सेक्टर से 10 लाख से अधिक महिलाएं जुड़ी हुई हैं। विद्युत विभाग में 50 हजार से अधिक बहनों को रोजगार मिला है। पुलिस विभाग में तीन साल में 22 हजार 500 से अधिक भर्तियां की जाएंगी।

### कांग्रेस ने देश हित नहीं सिर्फ दल हित का कार्य किया

मुख्यमंत्री ने कहा कि शाहबानो केस में कांग्रेस को जरा भी दया नहीं आई। कांग्रेस ने तुष्टीकरण के बल पर कुर्सी सुरक्षित करने के लिए शाहबानो के संघर्ष को कुर्बान कर दिया। नारी शक्ति वंदन अधिनियम को गिराकर कांग्रेस को देश हित नहीं सिर्फ दल हित का कार्य किया है। नारी सब भूल जाती है, लेकिन अपना अपमान नहीं भूलती है। महिलाएं कांग्रेस से हिसाब बराबर करेंगी। कांग्रेस ने बहनों के अधिकारों पर डाका डालकर संसद में जश्न मनाया। याद रखें पापा की सजा हमेशा मिलता है। हमारे लिए महिला आरक्षण कोई गुणा भाग नहीं है। प्रधानमंत्री ने महिला कल्याण को महिला नेतृत्व विकास में बदला है। पंचायत से पार्लियामेंट तक महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। देश के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण में बहनों की अहम भूमिका है।

### मुख्यमंत्री ने विधानसभा में निधन उल्लेख के दौरान श्रद्धांजलि अर्पित की

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने विधानसभा के आज सोमवार को बुलाए गए विशेष सत्र में निधन उल्लेख के तहत भूतपूर्व विधानसभा सदस्य गणेश प्रसाद बारी, यादवेन्द्र सिंह, भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री केपी उन्नीकृष्णन, भूतपूर्व केंद्रीय मंत्री श्रीमती मोहसिना किदवई, भूतपूर्व केन्द्रीय राज्य मंत्री अबू हासेन खान चौधरी, भूतपूर्व केन्द्रीय मंत्री बिरेन सिंह इंगती तथा सुप्रसिद्ध पार्श्व गायिका श्रीमती आशा भोसले को विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की। सदन में सबसे पहले विधनसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने निधन का उल्लेख किया। इसके बाद मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष व वरिष्ठ सदस्य राजेंद्र सिंह ने दिवंगत नेताओं को श्रद्धांजलि अर्पित की।

### विधानसभा में गूंजा महिला सम्मान का मुद्दा, कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने सरकार को घेरा



**भोपाल।** मप्र विधानसभा के आज के विशेष सत्र में महिला सम्मान और जनप्रतिनिधियों की कार्यप्रणाली का मुद्दा उठाया गया। कांग्रेस विधायक अनुभा मुंजारे ने सदन में अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि पिछले 6 महीने से उनका निजी सहायक (पीए) हटा दिया गया है, जिससे उनके कामकाज में लगातार बाधा आ रही है। मुंजारे ने भावुक अंदाज में कहा मैं एक महिला विधायक हूं और मुझे ही काम करने में दिक्कत हो रही है। यह कैसी नारी सम्मान की बात की जा रही है? उन्होंने आरोप लगाया कि प्रशासनिक स्तर पर सहयोग नहीं मिलने से जनहित के मुद्दे प्रभावी ढंग से नहीं उठा पा रही हैं। कांग्रेस विधायकों ने इसे महिला जनप्रतिनिधियों के सम्मान से जोड़ते हुए सरकार से जवाब मांगा।

### महिला कांग्रेस ने विधानसभा में किया प्रदर्शन



प्रदेश महिला कांग्रेस ने नारी शक्ति वंदन अधिनियम और महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने की मांग को लेकर सोमवार को विधानसभा में 'नारी शक्ति वंदन' विषय पर विशेष सत्र के दौरान प्रदर्शन किया। महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष रीना बौरासी सेतिया सहित कार्यकर्ताओं ने विधासभा परिसर में महिला आरक्षण बिल तत्काल लागू करने की मांग को लेकर नारेबाजी की। इस दौरान रीना बौरासी सेतिया ने कहा कि केंद्र सरकार आरक्षण लागू करने में जानबूझकर देरी कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के हक में कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से लड़ाई लड़ रही है। महिलाओं की आवाज जोर-सोर से उठाती रहेगी। भाजपा सरकार सिर्फ दिखाव कर रही है।

## मप्र के 25 हजार और देशभर के 8 लाख कृषि आदान विक्रेताओं ने की एक दिवसीय हड़ताल

# भोपाल जिले में 700 खाद, बीज और पेस्टिसाइड की दुकानें रहीं बंद, प्रधानमंत्री के नाम कलेक्टोरेट में सौंपा ज्ञापन

**चेतावनीः एक महीने में समस्याओं का समाधान नहीं हुआ तो होगी अनिश्चितकालीन हड़ताल**

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश के 25 हजार और देशभर के 8 लाख खाद, बीज और पेस्टिसाइड व्यापारियों ने सोमवार को अपनी विभिन्न मांगों को लेकर एक दिवसीय सांकेतिक हड़ताल की। इसी क्रम में भोपाल जिले के करीब 700 व्यापारियों ने सरकार की नीतियों का विरोध करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम कलेक्ट्रेट और कृषि विभाग के अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

कृषि आदान विक्रेता संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत ने बताया कि राष्ट्रीय संगठन के आह्वान पर सोमवार को हर जिले में व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठान बंद रखे और काली पट्टी बांधकर विरोध प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में किसानों को रासायनिक खाद की वितरण प्रणाली में सुधार करने, खाद के साथ अनुपयोगी उत्पादों की जबरन लिंकिंग को अपराध घोषित करने और खाद-बीज-दवाई का सीलबंद नमूना फेल होने पर निर्माता कंपनी को दोषी मानने की मांग की गई। इसके अलावा हर साल लाइसेंस धारक व्यापारियों को कंपनी के प्रिंसिपल सर्टिफिकेट से जोड़ने की अनिवार्यता समाप्त करने, कृषि विभाग की ई-टोकन प्रणाली बंद करने, और खाद कंपनियों द्वारा खाद की आपूर्ति रैक पॉइंट की बजाय व्यापारी के कारोबार स्थल पर करने की मांग भी शामिल थी।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम अपनी मांगों का ज्ञापन देते हुए।

कृषि आदान विक्रेता संघ के भोपाल जिला अध्यक्ष संजय पटेल, पूर्व भोपाल जिला राजेश गोयनका, बंटी पटेल, लखनलाल मीणा, बाबूलाल मंडलोई और आरएस उपाध्याय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय उर्वरक मंत्री जेपी नड्डा, केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान के नाम सौंपे गए ज्ञापन में बढ़ती लागत और महंगाई को देखते हुए उर्वरकों की बिक्री पर डीलर का मार्जिन 8 फीसदी करने और अवैध बीजों की बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने की मांग भी की गई। संघ के प्रदेश अध्यक्ष मानसिंह राजपूत सहित बड़ी संख्या में व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि एक महीने के भीतर उनकी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो आगामी खरीफ सीजन में व्यापार पूरी तरह ठप कर दिया जाएगा और अनिश्चितकालीन हड़ताल की जाएगी।

### जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए न कि डीलर की

खाद, बीज और पेस्टिसाइड व्यापारियों ने सैंपल जांच के दौरान भी डीलरों के खिलाफ कार्रवाई को लेकर नाराजगी जताते हुए कहाकि यदि किसी उत्पाद का सैंपल फेल होता है, तो उसकी जिम्मेदारी कंपनी की होनी चाहिए, न कि डीलर की। उन्होंने मांग की है कि ऐसी स्थिति में कानूनी कार्रवाई सीधे उत्पाद बनाने वाली कंपनियों पर की जाए। डीलरों की अन्य प्रमुख मांगों में खाद और कीटनाशकों पर मार्जिन बढ़ाकर 8 प्रतिशत करना, खाद की सप्लाई सीधे रिटेल गोदामों तक सुनिश्चित करना और 'बीज साथी' पोर्टल की जटिलताओं को कम करना शामिल है। साथ ही, उन्होंने सरकार से कंपनियों की मनमानी पर रोक लगाने और व्यापारियों के हितों की रक्षा करने की मांग की है।



व्यापारियों का प्रतिनिधिमंडल उपसंचालक कृषि को ज्ञापन देते हुए

## संकल्पः नए अवसरों का पूरा लाभ दिलाना

# एसोचैम का भारत और न्यूजीलैंड व्यापार परिषद के साथ एमओयू



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रमुख उद्योग संगठन एसोचैम ने सोमवार को भारत-न्यूजीलैंड व्यापार परिषद के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते का मुख्य उद्देश्य भारत-न्यूजीलैंड मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) को प्रभावी ढंग से लागू करना और दोनों देशों के व्यवसायों को नए अवसरों का पूरा लाभ दिलाना है।

एसोचैम ने एक आधिकारिक बयान में कहा कि यह एमओयू दोनों देशों के बीच व्यापार, निवेश और आर्थिक साझेदारी को नई मजबूती प्रदान करेगा। आने वाले वर्षों में बेहतर कनेक्टिविटी, लोगों के बीच संबंध और हवाई संपर्क को बढ़ावा देकर साझेदारी की पूरी क्षमता हासिल की जा सकेगी।

### व्यापार लक्ष्यः 1.3 अरब से बढ़कर 5 अरब डॉलर

वर्तमान में भारत और न्यूजीलैंड के बीच वस्तुओं का कुल व्यापार लगभग 1.3 अरब डॉलर तथा सेवाओं का व्यापार 634 मिलियन डॉलर है। दोनों देशों ने अगले पांच वर्षों में इस व्यापार को 5 अरब डॉलर तक बढ़ाने का महत्वाकांक्षी लक्ष्य रखा है। न्यूजीलैंड में रह रहे लगभग 3 लाख भारतीय इस साझेदारी में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। एसोचैम के महासचिव सौरभ सान्याल ने कहा कि इस समझौते से भारत से टेक्सटाइल, फार्मास्यूटिकल्स, पेट्रोलियम उत्पाद और मशीनरी का निर्यात बढ़ेगा, जबकि न्यूजीलैंड से कच्चा माल और अन्य जरूरी वस्तुओं का आयात होगा। उन्होंने यह भी बताया कि भारतीय सेवा क्षेत्र खासकर आईटी, वित्तीय सेवाएं, शिक्षा और बिजनेस सेवाएं न्यूजीलैंड में अपनी पहुंच बढ़ाकर बड़ा फायदा उठा सकते हैं।

## देश का आठवां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय

# केआईआईटी छठा सर्वश्रेष्ठ विवि और पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान पर रहा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भुवनेश्वर



केआईआईटी-डीयू ने टाइम्स हायर एजुकेशन (टीएचएसई) एशिया यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2026 में भारत के सभी सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में छठा स्थान प्राप्त किया है। यह विश्वविद्यालय न केवल ओडिशा में बल्कि पूरे पूर्वी भारत क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर रहा है। 2025 में, विश्वविद्यालय देश का आठवां सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय था। वैश्विक स्तर पर, केआईआईटी एशिया में 169वें स्थान पर पहुंच गया है, जो 2024 में 196वें और 2025 में 184वें स्थान से लगातार और प्रभावशाली वृद्धि दर्शाता है।

यहएशिया विश्वविद्यालय रैंकिंग 2026 में 36 देशों के 929 विश्वविद्यालयों का मूल्यांकन पांच प्रमुख क्षेत्रों में कठोर प्रदर्शन संकेतकों के आधार पर किया गय। शिक्षण, अनुसंधान वातावरण (मात्रा, आय और प्रतिष्ठा), अनुसंधान गुणवत्ता (उद्धरण प्रभाव, शक्ति, उत्कृष्टता और प्रभाव), अंतर्राष्ट्रीय दृष्टिकोण (कर्मचारी, छात्र और अनुसंधान), और उद्योग आय । यह रैंकिंग केआईआईटी के लिए एक बड़ी उपलब्धि है, क्योंकि एक युवा विश्वविद्यालय होने के बावजूद इसने कई स्थापित और प्रतिष्ठित संस्थानों को पीछे छोड़ दिया है। केआईआईटी और केआईआई के संस्थापक डॉ. अच्युता सामंता ने इस रैंकिंग की सराहना करते हुए कहा है कि यह शैक्षणिक उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए संकाय, कर्मचारियों और छात्रों के निरंतर प्रयासों और प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# पेटीएम के माध्यम से एकत्र ग्राहकों के डेटा की गहन जांच की मांग

## कैट ने पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने का स्वागत किया

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

थोक और खुदरा व्यापारी की राष्ट्रीयकृत संघ कंफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स और अखिल भारतीय व्यापारी उद्योग व्यापार मंडल ने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा पेटीएम पेमेंट्स बैंक का लाइसेंस रद्द करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे जनहित में उठाया गया कदम बताया है। कैट ने पेटीएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से एकत्र किए गए ग्राहकों के डेटा की गहन जांच की मांग की है साथ ही व्यापारियों को सुचारू लेनदेन सुनिश्चित करने के लिए अन्य बैंकों के क्यूआर कोड अपनाने की सलाह दी जा रही है।

व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने कहा कि यह सख्त कार्रवाई देश के उन करोड़ों लोगों की मेहनत की कमाई की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, जिन्होंने इस संस्था पर विश्वास कर अपना पैसा जमा किया था। कैट के प्रदेश अध्यक्ष सुनील अग्रवाल और मध्यप्रदेश एफएमसीजी डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सुनील जैन 501 और भोपाल चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के पूर्व अध्यक्ष तेजकुलपाल सिंह पाली ने यह कार्रवाई पेटीएम पेमेंट्स बैंक द्वारा लगातार नियमों के उल्लंघन और प्रबंधन की विफलताओं के कारण की हुई है।

### पदाधिकारियों ने पारदर्शिता पर दिया जोर

उक्त व्यापारियों ने कहाकि डिजिटल पेमेंट सिस्टम में पारदर्शिता और डेटा सुरक्षा सबसे जरूरी है। इस फैसले से डिजिटल पेमेंट सेक्टर में अनुशासन बढ़ेगा। अन्य कंपनियां भी अब नियमों का सख्ती से पालन करने को मजबूर होंगी। उन्होंने कहाकि सुरक्षित और भरोसेमंद प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करें। साथ ही अपने बैंकिंग लेनदेन की नियमित निगरानी करते रहें, ताकि किसी भी तरह की समस्या से बचा जा सके।

### भारतीय कानूनों के पूर्ण अनुपालन, राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी

कैट के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीसी भरतिया ने पेटीएम प्लेटफॉर्म के माध्यम से एकत्र किए गए विशाल वित्तीय और उपभोक्ता डाटा के प्रबंधन एवं भंडारण की व्यापक जांच की मांग की है। उन्होंने विदेशी निवेश, विशेषकर चीन से जुड़ी संस्थाओं की हिस्सेदारी के मद्देनजर डाटा सुरक्षा और डाटा संप्रभुता के पहलुओं की गहन जांच पर जोर दिया। भरतिया ने कहा कि डिजिटल भुगतान आधुनिक व्यापार की रीढ़ है और फिनटेक प्लेटफॉर्म्स पर जनता का विश्वास बनाए रखना आवश्यक है। जबकि कैट के राष्ट्रीय महामंत्री प्रवीण खंडेलवाल ने कहा कि आरबीआई की कार्रवाई यह स्पष्ट संदेश देती है कि कोई भी संस्था नियमों का उल्लंघन कर ग्राहकों के हितों की अनदेखी नहीं कर सकती।वित्तीय नवाचार को पारदर्शिता, जवाबदेही और भारतीय कानूनों के पूर्ण अनुपालन के साथ आगे बढ़ना चाहिए, जिसमें उपभोक्ताओं और राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए।

## वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित फॉर्मूले के साथ डाबर रेड पेस्ट पेश

**नई दिल्ली।** डाबर रेड पेस्ट एक वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित आयुर्वेदिक टूथपेस्ट है। यह डाबर की ओर से एक प्रमुख ओरल केयर उत्पाद है, जिसे भारतीय डेंटल एसोसिएश द्वारा मान्यता प्राप्त है और यह 10 चिकित्सकीय रूप से सिद्ध लाभ प्रदान करता है। प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ डॉ. सोनिया दत्ता के अनुसार आज के दौर में जहां 'सेल्फी' और वायरल वेलनेस हैक्स का बोलबाला है, जेन-जी ब्यूटी इंडस्ट्री में बड़े बदलाव ला रहा है। हालांकि दंत विशेषज्ञ इस बात को लेकर चिंता जता रहे हैं कि सुंदरता (एस्थेटिक्स) पर ज्यादा ध्यान देने की वजह से लोग असली ओरल हेल्थ को सही से समझ नहीं पा रहे हैं। डाबर रेड पेस्ट इन पारंपरिक सामग्रियों को वैज्ञानिक रूप से प्रमाणित फॉर्मूले के साथ पेश करता है। विशेष रूप से, इस उत्पाद को आईडीए (इंडियन डेंटल एसोसिएशन) की आधिकारिक मंजूरी प्राप्त है।

# याचिका में गड़करी के उन पत्रों का हवाला जिसमें है चेकपोस्ट में अवैध वसूली की शिकायतों का जिक्र

## ट्रांसपोर्टर सौंपेंगे 15 राज्यों में एकसाथ ज्ञापन

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मध्यप्रदेश में आरटीओ चेकपोस्ट को दोबारा शुरू करने के जबलपुर हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ ट्रांसपोर्टर हाईकोर्ट की डबल बेंच (खंडपीठ) में पुनर्विचार याचिका दायर करने की तैयारी कर ली है। इस याचिका में ट्रांसपोर्टर्स ने केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा मध्य प्रदेश सरकार को लिखे गए उन पत्रों का हवाला दिया है, जिनमें चेकपोस्टों पर होने वाली अवैध वसूली और भ्रष्टाचार का विशेष रूप से जिक्र किया गया था। इसके साथ ही मध्य प्रदेश और देशभर के ट्रांसपोर्टर, विशेष रूप से आरटीओ चेकपोस्ट पर जारी अवैध वसूली और हाईकोर्ट के आदेशों के कथित उल्लंघन के खिलाफ 52 जिलों और 15 राज्यों में एक साथ ज्ञापन सौंपेंगे। इस आंदोलन में सहयोग स्वरूप सरकार से भी डबल बेंच में रिट दायर करने की मांग करेंगे। ताकि चेकपोस्ट की समस्याओं का स्थाई समाधान हो सके।



सीएल मुकाती

ऑल इंडिया मोटर ट्रांसपोर्ट कांग्रेस और आरटीओ एवं ट्रैफिक कमेटी, चेयरमैन सीएल मुकाती का कहना है कि चेकपोस्ट भ्रष्टाचार के केंद्र रहे हैं। गडकरी के पत्रों के आधार पर वे कोर्ट को बताएंगे कि कैसे इन चेकपोस्टों पर वाहनों के चक्कों की संख्या के हिसाब से अवैध वसूली की जाती है। मुकाती ने बताया कि उन्होंने प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति और केंद्रीय परिवहन मंत्री सहित अन्य उच्चाधिकारियों को

### ताकि भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन की नीति सुरक्षित रहे

ट्रांसपोर्टरों ने मध्यप्रदेश सहित पड़ोसी राज्यों की सरकारों से अपील की केंद्र सरकार के निर्देशों और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी द्वारा भ्रष्टाचार संबंधी चिंताओं को आधार बनाकर राज्य सरकार तत्काल उच्च न्यायालय की डबल बें सर्वोच्च न्यायालय में अपील दायर करे।

चेकपोस्ट पर अवैध वसूली के संबंध में सैकड़ों बार शिकायतें की हैं, जिन पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। अपनी बात को मजबूती देने के लिए ट्रांसपोर्टर्स 'सौरभ शर्मा केस' का हवाला भी देंगे, जो चेकपोस्टों पर वसूली में शामिल रहा है। ट्रांसपोर्टर्स ने चेकपोस्ट दोबारा खुलने की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को भी पत्र लिखा है, क्योंकि राज्य सरकार ने जुलाई 2024 में भ्रष्टाचार के कारण ही इन्हें बंद किया था।

## आभूषण नहीं, निवेश के लिए सोना खरीद रहे भारतीय

**नई दिल्ली।** अब अधिक संख्या में भारतीय आभूषणों की तुलना निवेश के लिए सोना खरीद रहे हैं। चालू वित्त वर्ष में ऐसे उपभोक्ताओं की हिस्सेदारी बढ़कर 40 प्रतिशत तक होने की उम्मीद है।

सोमवार को जारी एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। घरेलू रेटिंग एजेंसी केयरएज की इस रिपोर्ट के अनुसार कुल गोल्ड की खरीद में आभूषणों की खपत का हिस्सा 2025 में गिरकर 60 प्रतिशत से नीचे आ गया, जबकि लंबी अवधि का औसत 70 प्रतिशत रहा है। केयरएज के निदेशक अखिल गोयल ने कहा कि यह दुनिया के सबसे बड़े स्वर्ण उपभोक्ताओं में एक भारत के सोना खरीदने के प्रतिरूप में एक संरचनात्मक बदलाव को दर्शाता है। गोयल ने कहा कि भू-राजनीतिक अनिश्चितता, सोने की कीमतों में तेजी और पोर्टफोलियो विविधीकरण की प्राथमिकताएं सोने की निवेश मांग को बढ़ावा देती रहेंगी। वित्त वर्ष 2026-27 में कुल स्वर्ण खपत में निवेश की हिस्सेदारी 35-40 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

## पतंजलि के प्रयोग से उत्तर भारत में चंदन की सफल खेती को मिली दिशा

# पतंजलि ने दिखाई 'चंदन वन' की राह, योगी हैरान, पलायन रोकने की है 'मॉडल' में ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरिद्वार

देश में चंदन की खेती लंबे समय तक दक्षिण भारत तक सीमित मानी जाती रही, लेकिन अब यह धारणा बदल रही है। उत्तराखंड में पतंजलि की ओर से विकसित 'चंदन वन' मॉडल ने साबित किया है कि अनुकूल परिस्थितियों में उत्तर भारत में भी चंदन की सफल खेती संभव है। प्रदेश के कई जिलों में इसके सकारात्मक उदाहरण सामने आ चुके हैं।

हरिद्वार स्थित पतंजलि के महामंत्री आचार्य बालकृष्ण ने करीब दो दशक पहले चंदन की खेती पर प्रयोग शुरू किए थे। उस समय उत्तर भारत में इसकी खेती लगभग न के बराबर थी। पतंजलि के रिसर्च सेंटर और औषधीय उद्यान में लगाए गए चंदन के पौधों पर किए गए अध्ययन में सकारात्मक परिणाम मिले, जिसके बाद राज्य के कई जिलों में किसानों और निजी संस्थाओं ने इस मॉडल को अपनाना शुरू कर दिया। विशेषज्ञों के अनुसार चंदन एक अर्ध-परजीवी वृक्ष है, जिसकी वृद्धि के लिए अन्य पौधों की जड़ों से पोषण आवश्यक होता है। इसलिए इसकी खेती वैज्ञानिक पद्धति और उचित प्रबंधन पर निर्भर करती है।



### आचार्य बालकृष्ण की खोज से शुरू हुई पहल

आचार्य बालकृष्ण ने अब से कई वर्ष पहले उत्तराखंड के मणिकूट पर्वत पर चंदन की मौजूदगी से जुड़े एक समाचार को पढ़ने के बाद इसकी संभावनाओं की पड़ताल की। दरअसल, समाचार में जिक्र था कि मणिकूट पर्वत की पहाड़ियों पर कभी चंदन होता था और इसे नदी के रास्ते यूपी के कन्नौज तक भेजा जाता था। इसकी सत्यता जानने के लिए आचार्य बालकृष्ण और उनकी टीम निकली। वैज्ञानिक जांच-पड़ताल के बाद बाद यह बात सामने आई कि चंदन के पेड़ की मौजूदगी इस क्षेत्र में रही है लेकिन गिनती भर की। उन्होंने हरिद्वार और आसपास के क्षेत्रों में चंदन के पौधे लगाने का निर्णय लिया। पतंजलि औषधीय उद्यान में लगाए गए पौधे कुछ ही वर्षों में विकसित होकर 'चंदन वन' के रूप में बदल गए। इसके बाद पौड़ी जिले सहित अन्य क्षेत्रों में भी यह प्रयोग सफल रहा।

### उत्तराखंड का पलायन रोक सकता है 'चंदन वन'

*उत्तराखंड में बढ़ते पलायन को रोकने के लिए आचार्य बालकृष्ण ने इंटरनेशनल कांफ्रेंस ऑन विजन 2047 आईआईटी रुड़की में अपना स्पष्ट 'विजन' रखा। उन्होंने कहा कि रोजगार की तलाश में लोग पहाड़ छोड़ रहे हैं, जबकि स्थानीय संसाधनों के सही उपयोग से यहीं समृद्धि लाई जा सकती है। उन्होंने यमकेश्वर ब्लॉक का एक अनुभव साझा किया। कुछ वर्ष पहले वे वहां की पहाड़ियों में पहुंचे, जहां बड़े हिस्से में जमीन बंजर और सूखी पड़ी थी। इसी चुनौती को अवसर में बदलने के उद्देश्य से उन्होंने जलवायु के अनुरूप चंदन सहित अन्य पौधों का रोपण शुरू कराया। शुरुआती प्रयासों के बाद धीरे-धीरे यह प्रयोग सफल हुआ और कुछ ही वर्षों में वही क्षेत्र हरियाली से आच्छादित हो गया। इसी क्रम में उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने पैतृक क्षेत्र यमकेश्वर पहुंचे, जहां आचार्य बालकृष्ण ने उन्हें वह इलाका दिखाया। बालकृष्ण ने इस उदाहरण के माध्यम से बताया कि यदि इस मॉडल को व्यापक स्तर पर अपनाया जाए, तो न केवल बंजर भूमि को उपयोगी बनाया जा सकता है, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय वृद्धि संभव है। चंदन की खेती कम भूमि में की जा सकती है, जो 10–15 वर्षों में तैयार होकर प्रति पेड़ लगभग 1 से 1.5 लाख रुपये तक का लाभ दे सकती है।*

## बिजनेस न्यूज

### मिंटो हॉल में 'एसआईपी प्रॉडिजी 2026' वैदिक गणना प्रतियोगिता संपन्न, 814 विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर



**भोपाल।** मिंटो हॉल में एसआईपी अकेडमी मध्य प्रदेश द्वारा आयोजित 'एसआईपी प्रॉडिजी 2026' (क्षेत्रीय आयोजनः एसआईपी अबेकस टाइम गेम प्रतियोगिता) का भव्य आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए करीब 814 विद्यार्थियों ने भाग लेकर अपनी बौद्धिक क्षमता और प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में दीप प्रज्वलन के साथ गरिमामयी वातावरण में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में महापौर मालती राय, विधायक भगवान दास सबनानी सहित संचालक सीबी शेखर, संदीप वली, डॉ. यशपाल, मनोज पाल सिंह एवं आयुष जैन उपस्थित रहे। इस मौके पर विधायक भगवान दास सबनानी ने कहा कि मध्य प्रदेश के बच्चे प्रतिभा के धनी हैं और उनके बौद्धिक विकास के साथ-साथ खेल गतिविधियों में भी सहभागिता आवश्यक है, जिससे वे प्रदेश और देश का नाम रोशन कर सकें। प्रतियोगिता का सबसे आकर्षक चरण वह रहा, जिसमें विद्यार्थियों ने मात्र 11 मिनट में 320 गणितीय प्रश्न हल कर सभी को चकित कर दिया।

### एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के विधि छात्रों ने किया सुप्रीम कोर्ट का भ्रमण



**भोपाल।** एलएनसीटी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज, विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया नई दिल्ली का अवलोकन किया साथ ही राष्ट्रपति भवन का भी भ्रमण किया। इस शैक्षणिक भ्रमण का उद्देश्य छात्रों को भारत की न्यायिक प्रणाली एवं संवैधानिक संस्थाओं की कार्यप्रणाली से प्रत्यक्ष रूप से अवगत कराना था। छात्रों ने सर्वोच्च न्यायालय में विभिन्न न्यायालयों की कार्यवाही का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने वरिष्ठ अधिवक्ताओं द्वारा की गई बहस, न्यायाधीशों की कार्यशैली तथा न्यायालय की गरिमा एवं अनुशासन को निकट से देखा। छात्रों को रजिस्ट्री, वाद सूची प्रणाली एवं जनहित याचिकाओं की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी दी गई। इस अनुभव ने उन्हें संवैधानिक विधि, दंड प्रक्रिया संहिता एवं सिविल प्रक्रिया संहिता जैसे विषयों को व्यावहारिक रूप से समझने में सहायता की। इस दौरान आकाश पाटिल से मुलाकात की। जिन्होंने डॉ. भीमराव आंबेडकर के जीवन एवं उनके संविधान निर्माण में योगदान पर छात्रों का मार्गदर्शन किया। यह विजिट प्रो. (डॉ.) मुकेश कुमार साहू के नेतृत्व एवं मार्गदर्शन में की गई।

### डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को ब्रिटिश पार्लियामेंट में मिला सम्मान

**रायपुर।** विश्व होम्योपैथी शिखर सम्मेलन 4 के अवसर पर ब्रिटिश पार्लियामेंट में आयोजित भव्य समारोह में रायपुर (छत्तीसगढ़) के प्रतिष्ठित होम्योपैथिक चिकित्सक डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया।इस गरिमामय कार्यक्रम में रायपुर, छत्तीसगढ़ सहित विभिन्न स्थानों के 100 होम्योपैथी चिकित्सकों एवं विदेशों से आए 25 चिकित्सकों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मान प्रदान किया गया। विशेष रूप से प्रसिद्ध होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. नीतीश चंद्र दुबे की उपस्थिति ने आयोजन की गरिमा को और बढ़ाया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रिटिश संसद के सदस्य लॉर्ड रावल एवं शिवानी राजा उपस्थित रहे।

### महावीर इंस्टिट्यूट के प्रथम सत्र समापन समारोह 2026 का सफल आयोजन

**भोपाल।** जैन सर्वोदय विद्या ज्ञानपीठ समिति द्वारा संचालित महावीर इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च (एमआईएमएस), आरएम धारीवाल अस्पताल चल रहा है का रवींद्र भवन सभागार में ₹प्रथम सत्र समापन समारोह 2026₹ का सफल आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपमुख्यमंत्री और लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री राजेंद्र प्रसाद शुक्ल, विशिष्ट अतिथि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) डॉ. मनीष शर्मा एवं नगर के सभी गणमान्य लोगों की उपस्थित रहे। समारोह की अध्यक्षता मध्यप्रदेश के पूर्व वित्त मंत्री और दमोह के वर्तमान विधायक जयंत मलैया के द्वारा की, जो जैन सर्वोदय विद्या ज्ञानपीठ समिति के अध्यक्ष भी हैं। इस कार्यक्रम में समिति के सचिव सुनील जैन 501, कोषाध्यक्ष एमएल टोंग्या, सनत कुमार, डॉ.राजेश जैन, देवेंद्र सिंघई, ऋषभ दिवाकर (पूर्व आईपीएस), राजेश जैन (पूर्व आईएएस), देवेंद्र जैन उपस्थित थे। कार्यक्रम के प्रारंभिक उदबोधन में समिति के सचिव सुनील जैन 501 द्वारा संस्थान के बारे में विस्तृत एवं महत्वपूर्ण जानकारी दी।

### अक्षय बने क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन के ब्रांड एंबेसडर

**नई दिल्ली।** क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन लिमिटेड ('क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन') ने अक्षय कुमार को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त किया है। इस साझेदारी के अवसर पर, क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन' ने अक्षय कुमार के साथ अपना पहला राष्ट्रीय ब्रांड कैंपेन देश का किसान, देश का असली हीरो भी लांच किया, जो भारत के किसानों के योगदान और उनके रोजमर्रा के साहस को समर्पित है। यह साझेदारी क्रिस्टल क्रॉप प्रोटेक्शन की भारतीय कृषि के प्रति तीन दशकों की मजबूत प्रतिबद्धता को अक्षय कुमार के प्रभाव के साथ जोड़ती है।

## चिंतन

# अमेरिका-ईरान वार्ता में पाक की खुली पोल

अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते तनाव के बीच पाकिस्तान ने खुद को मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश जरूर की, लेकिन हालिया घटनाक्रम ने उसकी विश्वसनीयता पर गंभीर प्रश्नचिह्न लगा दिया है। ईरानी सांसदों ने पाकिस्तान को दो टूक कह दिया कि उन्हें उस पर भरोसा नहीं है। पाकिस्तान अमेरिका के पिट्ठू की तरह काम कर रहा है। यही बात पहले ईरानी मीडिया भी कह चुका है। ईरान का खुले तौर पर पाकिस्तान पर अविश्वास जताना यह संकेत देता है कि इस्लामाबाद की कूटनीतिक भूमिका अब संदेह के घेरे में है। जिस वार्ता को पाक अपने लिए वैश्विक स्तर पर एक अवसर के रूप में देख रहा था, वही उसके लिए असहज स्थिति का कारण बनती दिख रही है। पाकिस्तान में होने वाली दूसरे दौर की वार्ता जिस तरह से शुरू होने से पहले ही रद्द हो गई। उसने साफ संकेत दे दिया है कि अब पाकिस्तान फंसने वाला है। पाक प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और सेना प्रमुख फील्ड मार्शल सैयद आसिम मुनीर जिस तरह से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की भाषा बोल रहे हैं। उससे ईरानी वार्ताकारों के मन में संशय होना अनायास नहीं है। वार्ता के बीच में ट्रंप का मुनीर की प्रशंसा करना स्पष्ट रूप से दिखाता है पाकिस्तान ट्रंप को किसी भी हाल में नाराज नहीं कर सकता। हालांकि इस वार्ता में पाक की हैसियत एक डाकिये से अधिक नहीं रही है। वह सिर्फ अमेरिका के प्रस्ताव को ईरान के समक्ष और ईरान के प्रस्ताव को अमेरिका समक्ष रखने का ही काम कर रहा है। अनेक विशेषज्ञों का कहना है कि पाकिस्तान का समझौता करवाने के लिए बीच में कूदना कहीं न कहीं अमेरिका से ही प्रेरित है। अब देर सबेर उसकी पोल खुलना तय है। ट्रंप जैसे व्यक्ति के साथ किसी भी तरह के समझौते पर पहुंचना आसान नहीं है। उधर, ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन की शरण में पहुंच गए हैं। अगर पुतिन इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए राजी होते है तो शायद इसका समाधान निकल सकता है। हालांकि ट्रंप के व्यवहार को देखते हुए दुनिया के तमाम समझदार देश इससे दूर ही रहेंगे। दरअसल, किसी भी अंतरराष्ट्रीय वार्ता में मध्यस्थ की भूमिका तभी प्रभावी होती है जब दोनों पक्ष उस पर समान रूप से भरोसा करें। यहां पाकिस्तान इस कसौटी पर खरा उतरता नजर नहीं आ रहा। ईरान का यह आरोप कि पाकिस्तान अमेरिका के प्रभाव में काम कर रहा है, कोई नई बात नहीं है, लेकिन अब यह आरोप खुलकर सामने आना स्थिति की गंभीरता को दर्शाता है। शहबाज शरीफ और आसिम मुनीर के बयानों और रुख ने भी इस धारणा को मजबूत किया है कि इस्लामाबाद स्वतंत्र कूटनीतिक रुख अपनाने में असफल रहा है। कूटनीति में संतुलन और स्वायत्तता बेहद जरूरी होती है, और यही वह क्षेत्र है जहां पाकिस्तान पिछड़ता दिख रहा है। दूसरी ओर, ईरान ने भी अपनी रणनीति स्पष्ट कर दी है। वह किसी भी प्रकार के दबाव में आने को तैयार नहीं है और अपनी शर्तों पर ही वार्ता चाहता है। ऐसे में रूस जैसे देशों की ओर उसका झुकाव यह संकेत देता है कि वैश्विक शक्ति संतुलन में नए समीकरण बन रहे हैं। यदि रूस इस प्रक्रिया में सक्रिय भूमिका निभाता है, तो पाकिस्तान की भूमिका और भी सीमित हो सकती है। इस पूरे परिदृश्य से एक बड़ी सीख यह मिलती है कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में केवल पहल करना पर्याप्त नहीं होता, बल्कि विश्वसनीयता और संतुलन बनाए रखना उससे कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। पाकिस्तान ने जल्दबाजी में खुद को एक बड़े मंच पर लाने की कोशिश की, लेकिन तैयारी और भरोसे की कमी ने उसकी स्थिति कमजोर कर दी।

# लव जिहाद का क्राइम सिंडिकेट



अपराध
मनोज कुमार अग्रवाल

हाल ही में देश के तीन अलग-अलग शहरों में धर्मांतरण और लव जिहाद के मामले सामने आ रहे हैं। नासिक, अमरावती और सूरत से पुलिस ने एक ही पैटर्न पर लवजेहाद का खुलासा है। इन मामलों में पुलिस कार्रवाई कर रही है। धर्मांतरण और लव जिहाद मामलों में पुलिस द्वारा आरोपियों को पकड़ा जा रहा है। इनके नेटवर्क तक पहुंचने का प्रयास हो रहा है। क्या विदेशी कनेक्शन भी है? इसको भी जांच हो रही है। महाराष्ट्र के अमरावती जिले से बड़ी खबर सामने आई है। दरअसल, 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भारतीय जनता पार्टी ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है।

अमरावती पुलिस ने मोहम्मद अयाज नामक एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि अयाज ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स, खासकर व्हाट्सएप और स्नैपचैट के जरिए नाबालिग लड़कियों को अपने जाल में फंसाया। जांच में पता चला है कि आरोपी ने कम से कम 180 लड़कियों का यौन शोषण किया और उनके 350 से ज्यादा आपत्तिजनक वीडियो रिकॉर्ड किए। पुलिस ने आरोपी का मोबाइल जब्त कर लिया है, जिसमें भारी मात्रा में आपत्तिजनक सामग्री मिली है। आरोपी फिलहाल सात दिनों की पुलिस हिरासत में है। अमरावती के अलावा नागपुर और परतवाड़ा जैसी जगहों की लड़कियों को भी निशाना बनाया गया है। उन्होंने मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से इस पूरे मामले की गहराई से जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) बनाने की अपील की है। वहीं, भाजपा विधायक देवयानी फरांदे ने कहा कि आईटी कंपनियों में महिलाओं के साथ अत्याचार और उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने की खबरें आ रही हैं, जो चिंताजनक है। उधर महाराष्ट्र के नासिक में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के नासिक यूनिट में सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। मामले की मुख्य आरोपी निदा खान को सत्र न्यायालय से बड़ा झटका लगा है। कोर्ट ने उसकी गिरफ्तारी पर अंतरिम रोक लगाने से इनकार कर दिया है। वहीं, नासिक पुलिस ने उसकी धरपकड़ के लिए जाल बिछा दिया है। पुलिस के अनुसार, इस पूरे मामले में निदा खान की भूमिका बेहद संदेहास्पद है। उस पर कर्मचारियों के जबरन धर्मांतरण में शामिल होने का गंभीर आरोप है। दर्ज कराई गई एफआईआर के मुताबिक, आरोपी दानिश शेख ने पीड़िता का परिचय तौसीफ और निदा से कराया था। आरोप है कि ये लोग हिंदू देवी-देवताओं और धार्मिक प्रतीकों, विशेषकर शिवलिंग, भगवान कृष्ण और द्रौपदी पर आपत्तिजनक टिप्पणियां करते थे, जिससे पीड़िता को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर धर्मांतरण के लिए उकसाया जा सके। फरार निदा खान ने अपनी दो महीने की गर्भावस्था का हवाला देते हुए गिरफ्तारी से सुरक्षा मांगी थी। हालांकि, सोमवार को कोर्ट ने उसे कोई राहत नहीं दी और अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई के लिए 27 अप्रैल की तारीख तय की है। जांच में सामने आया है कि इस शोषण का शिकार होने वाली अधिकांश युवतियां



मध्यमवर्गीय परिवारों से हैं, जिनकी उम्र 21 से 30 वर्ष के बीच है और वेतन लगभग 20,000 रुपये प्रतिमाह है। दूसरी ओर, टीसीएस ने स्पष्ट किया है कि कंपनी ने उत्पीड़न के आरोपों में शामिल कर्मचारियों को निलंबित कर दिया है। हालांकि, कंपनी का यह भी कहना है कि उन्हें आंतरिक चैनलों के माध्यम से ऐसी कोई शिकायत पहले प्राप्त नहीं हुई थी। फिलहाल, नासिक पुलिस की एसआईटी कुल नौ एफआईआर की जांच कर रही है, जिसमें छेड़छाड़, मानसिक प्रताड़ना और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसे गंभीर मामले शामिल हैं। गुजरात में सूरत के इच्छापोर इलाके में एक नाबालिग हिंदू लड़की के साथ दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। 'लव जिहाद' जैसे इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इसमें मुख्य आरोपी मुस्लिम युवक है और उसकी मदद करने वालों में तीन मुस्लिम और एक हिंदू युवक शामिल है। सोशल मीडिया के जरिए नाबालिक हिंदू युवती को फंसाया गया था और फिर होटल में ले जाकर मुख्य आरोपी ने उससे दुष्कर्म किया था। इच्छापोर थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले इच्छापुर गांव में रहने वाले एक श्रमिक परिवार की कक्षा 12 में पढ़ने वाली नाबालिग बेटी को आरोपी मोहम्मद साजिद उर्फ अहद मोहम्मद जावेद पठान ने सोशल मीडिया के जरिए संपर्क कर अपने प्रेम जाल में फंसाया था। प्रेम का नाटक कर वह उसे बहला फुसलाकर एक होटल में ले गया। यहां उसने उसके साथ बार-बार शारीरिक संबंध बनाए। जब इस बात की जानकारी लड़की के परिवार को हुई, तो वे तुरंत इच्छापोर पुलिस स्टेशन पहुंचे और मामला दर्ज कराया। उधर आरोपी पुलिस द्वारा पकड़े जाने की भनक लगते ही अपने पैतृक स्थान बिहार भागने की फिराक में था, लेकिन पुलिस ने घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया। पहचान छिपाने के लिए मुख्य आरोपी मोहम्मद साजिद ने अपने मित्र अभय कुमार शर्मा की मदद ली थी। अभय ने मोबाइल एडिटिंग ऐप के जरिए साजिद के आधार कार्ड में नाम बदलकर 'अभिषेक गुप्ता' (एक हिंदू नाम) कर दिया था ताकि होटल में कोई दिक्कत न हो। इसी फर्जी आधार कार्ड का इस्तेमाल कर उसने होटल में कमरा बुक किया और लड़की के साथ बलात्कार किया था। यहां बता दें कि लव जिहाद वाली शादियों पर रोक लगाने की तैयारी शुरू हो गई। अपनी पहचान छिपाकर या माता-पिता को अंधेरे में रखकर शादी करना आसान नहीं होगा। इसकी इनिशिएटिव गुजरात से हुई है। राज्य सरकार ने इसके खिलाफ विधान सभा में कानून लाने की तैयारी की रही है। वहीं, हाल के दिनों में कई शहरों से जिम ट्रेनरों द्वारा महिलाओं को प्रेम जाल में फंसाकर शोषण, ब्लैकमेलिंग और जबरन वसूली के मामले सामने आए हैं। ये घटनाएं महिलाओं की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर रहे हैं। बीते दिनों सूरत के पाल इलाके में एक सनसनीखेज मामला सामने आया। सिटीलाइट स्थित 'पूजा एल1' जिम के 42 वर्षीय ट्रेनर शब्बीर टूंकवाला पर एक 45 वर्षीय विवाहित महिला को प्रेम जाल में फंसाने, निजी वीडियो वायरल करने की धमकी देकर 5 लाख की फिरौती मांगने और उसके पति पर जानलेवा हमला करने का आरोप है। इस तरह की तमाम वारदातों की इन दिनों झड़ी लगी हुई है लगातार देश के तमाम शहर कस्बों में एक समुदाय विशेष के शोहदे हिन्दू लड़कियों को तरह तरह से फंसा कर ब्लैक मेल कर न सिर्फ उनके धर्मांतरण का खेल खेल रहे हैं वरन अनेक मामले में उन्हें ब्लेकमेल कर अवैध देह के धंधे में धकेल दिया जाता है। सरकार को लवजेहाद और धर्मांतरण के लिए सक्रिय तमाम मजहबी फिरकापरस्त लोगों के नियंत्रण के लिए और अधिक सख्ती करनी होगी, वहीं हिन्दू समाज को भी अपनी लड़कियों को आगाह कर जागरूक करना होगा।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

> महाराष्ट्र के अमरावती जिले में 180 नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण और उनके अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आने के बाद अब इस पर सियासत भी गरमा गई है। भाजपा ने इसे केवल एक अपराध नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'साजिश' बताया है। भाजपा नेताओं ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल एसआईटी जांच की मांग की है। आरोपी मोहम्मद अयाज को गिरफ्तार कर लिया गया है। वहीं, नासिक में भी सामने आए यौन उत्पीड़न और जबरन धर्मांतरण के मामले ने उद्योग जगत को झकझोर कर रख दिया है। जरूरत है ऐसे मामलों में सख्त सख्त कार्रवाई की जाए और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाए।

पुण्यतिथि पर विशेष
पंकज नाफड़े



# सिर्फ साहस नहीं, बुद्धि और वक्त से जीते युद्ध

पेशवा बाजीराव प्रथम, मराठा साम्राज्य के एक महान सेनापति और पेशवा थे। उनका जन्म 18 अगस्त 1700 में हुआ था और वे छत्रपति शाहू महाराज के शासनकाल में पेशवा बने। बाजीराव प्रथम को भारतीय इतिहास के सबसे कुशल और तेज़-तर्रार सैन्य नेताओं में गिना जाता है। उन्होंने 40 से अधिक लड़ाइयां लड़ीं और कभी पराजित नहीं हुए इसलिए इन्हें लोग अपराजित सेनानी सम्राट या अपराजित योद्धा भी कहते हैं। उन्होंने अपने कुशल नेतृत्व एवं रणकौशल के बल पर मराठा साम्राज्य का विस्तार (विशेषतः उत्तर भारत में) किया। भारतीय इतिहास में एक ऐसे सेनानायक के रूप में देखा जाता है, जिनकी युद्ध शैली पारंपरिक तरीकों से बिल्कुल अलग थी। वे केवल युद्धभूमि में साहस दिखाने वाले योद्धा नहीं थे, बल्कि रणनीति और मनोविज्ञान के अद्भुत संयोजन के प्रतीक थे। उनकी सोच यह थी कि युद्ध केवल हथियारों की टक्कर नहीं, बल्कि बुद्धि और समय का खेल है। बाजीराव प्रथम को उनकी तेज गति वाली घुड़सवार सेना और युद्धनीति के लिए जाना जाता है। पालखेड का युद्ध इस बात का उत्कृष्ट उदाहरण है। इस संघर्ष में उन्होंने सीधे युद्ध करने के बजाए अपने प्रतिद्वंद्वी को ऐसी जगह फंसा दिया जहां संसाधनों की भारी कमी थी। भोपाल के युद्ध में भी यही नीति प्रभावी रूप से अपनाई गई थी।

दूसरा, बाजीराव की रसद पर प्रहार वाली रणनीति आज के आर्थिक और कूटनीतिक संघर्षों में स्पष्ट दिखती है। आज देश सीधे युद्ध करने के बजाए एक-दूसरे की सप्लाई चेन, व्यापार मार्ग और संसाधनों को प्रभावित करने की कोशिश करते हैं। यह वही सिद्धांत है जिसे पेशवा बाजीराव प्रथम ने सदियों पहले अपनाया था। तीसरा, उनकी मनोवैज्ञानिक युद्धनीति आज के सूचना युग में और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। मीडिया, सोशल मीडिया और सूचना तंत्र के माध्यम से जनमत को प्रभावित करना, विरोधी को भ्रमित करना और मानसिक दबाव बनाना-ये सभी उसी सोच के आधुनिक रूप हैं।




इस प्रकार, बाजीराव की नीति केवल ऐतिहासिक नहीं, बल्कि समय से परे है। उन्होंने जो सिद्धांत स्थापित किए-गति, सूझबूझ, संसाधनों का सही उपयोग और मानसिक बढ़त-वे आज भी हर क्षेत्र में सफलता के मूल मंत्र बने हुए हैं, चाहे वह सैन्य क्षेत्र हो, राजनीति हो या व्यापार जगत। पेशवा बाजीराव प्रथम की युद्धनीति केवल इतिहास की बात नहीं है, बल्कि आज के जीवन के लिए भी कई व्यावहारिक सीख देती है। उनके अनुभव हमें यह समझाते हैं कि सफलता केवल ताकत से नहीं, बल्कि सही सोच और समय पर लिए गए निर्णयों से मिलती है। सबसे पहली सीख है गति और समय का महत्व। बाजीराव की तरह यदि हम भी अवसर को पहचानकर तुरंत कार्य करें, तो प्रतिस्पर्धा में आगे रह सकते हैं। आज के जीवन में जो व्यक्ति जल्दी निर्णय लेकर उसे लागू करता है, वही आगे बढ़ता है। दूसरी महत्वपूर्ण बात है सीधे टकराव से बचकर समझदारी से काम लेना। हर समस्या का समाधान संघर्ष नहीं होता। कई बार स्थिति को समझकर, रणनीति बनाकर और सही समय का इंतजार करके हम बेहतर परिणाम पा सकते हैं। उनका उद्देश्य केवल युद्ध जीतना नहीं था, बल्कि मराठा शक्ति का विस्तार और सुदृढ़ीकरण भी था। वे छत्रपति शिवाजी महाराज की स्थापित हिंदवी स्वराज्य की परंपरा से प्रेरित थे।

तीसरी सीख है संसाधनों का सही उपयोग। बाजीराव ने सीमित साधनों के बावजूद बड़ी जीत हासिल की। इससे हमें यह प्रेरणा मिलती है कि सफलता के लिए अधिक संसाधनों से ज्यादा जरूरी उनका सही उपयोग है-चाहे वह समय हो, धन हो या हमारी ऊर्जा। चौथी बात है मनोवैज्ञानिक बढ़त बनाए रखना। आत्मविश्वास, धैर्य और सकारात्मक सोच किसी भी चुनौती को आसान बना सकते हैं। यदि हम मानसिक रूप से मजबूत हैं, तो कठिन परिस्थितियों में भी सही निर्णय ले सकते हैं। पांचवीं सीख है परिस्थिति और वातावरण की समझ। जैसे बाजीराव को भूगोल का ज्ञान था, वैसे ही हमें अपने क्षेत्र, काम और माहौल की गहरी समझ होनी चाहिए। यही समझ हमें सही दिशा में आगे बढ़ने में मदद करती है।

(लेखक अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री ,भारतीय शिक्षण मंडल)

## जीवन मूल्यों का पाठ है योग



संकलित
**दर्शन**

भारत ने जो विश्व को बहुमूल्य उपहार दिए हैं, योग उनमें से एक है। योग हमारी अंतर्जात क्षमताओं को जाग्रत करने और पूर्णता की उच्चतम स्थिति की प्राप्ति में सहायक है। लोहे का एक टुकड़ा चुंबक कैसे बन जाता है? जब लौह कण एक दिशा-विशेष में एकत्र हो जाते हैं, तब यह होता है। उसी प्रकार, यदि हम अपने मन को एक ही बिंदु पर-एक ही दिशा में एकाग्र करें तो हम असीम ऊर्जा उत्पन्न कर सकते हैं। हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों ने एकाग्रता के साथ तप किया और इतनी शक्ति अर्जित की। जैसे सूर्य की किरणों को आवर्धक लेंस द्वारा एक बिंदु पर एकत्रित करें, तो रुई जल सकती है। यही बात हमारी आंतरिक शक्तियों पर भी लागू होती है। हम निष्ठापूर्ण एकाग्रता-शक्ति अर्थात योग द्वारा इनका आह्वान कर सकते हैं। योग हो या कोई अन्य साधना, सम्यक ज्ञान और मार्गदर्शन बहुत आवश्यक है। साथ ही, बाहरी व भीतरी अनुशासन भी बरतना चाहिए।बुरे कर्मों से बच कर, हम स्वस्थ विचार और दृष्टिकोण बनाएं और धर्मोचित कर्म करें। मूल्यों पर आधारित जीवन जिएंगे, तभी हमें योगाभ्यास का पूरा-पूरा लाभ प्राप्त होगा। योग हमारी बुद्धि,भावनात्मक मन एवं शरीर के लिए उपयोगी है। यह बिना दुखी हुए, हमें जीवन की समस्याओं से संतुलित रूप से निपटना सिखाती है। आइए, हम सब अपने प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा सिखाई गई इस अमूल्य विद्या को प्रोत्साहन देने एवं इसे लोकप्रिय बनाने का प्रयत्न करें।


## तुलसीदास द्वारा विप्रचंद ब्राह्मण पर कृपा



संकलित
**प्रेरणा**

एक बार एक विप्रचंद नामक ब्राह्मण से हत्या हो गई और उस हत्या के प्रायश्चित के लिए वह अनेक तीर्थों में घूमता हुआ काशी आया। वह मुख से पुकार कर कहता था- राम राम! श्री गोस्वामी जी ने उसके मुख से अपने इष्टदेव का अतिसुंदर राम नाम सुनकर उसे अपने निवास स्थान पर बुला लिया और उसे हृदय से लगा लिया। फिर उसे अपनी पंक्ति में बैठकर प्रसाद पवाया, जिससे वह शुद्ध हो गया। काशी के ब्राह्मणों ने जब यह बात सुनी तो उन्होंने एक सभा की और उसमें गोस्वामी जी को बुलवाया। सभी पंडितो ने गोस्वामी जी से पूछा कि प्रायश्चित पूरा हुए बिना ये ब्राह्मण कैसे शुद्ध हो गया? भगवन्नाम के प्रताप से ही यह ब्राह्मण भी शुद्ध हो गया। गोस्वामी जी ने पूछा कि फिर आपको कैसे होगा वह उपाय कहिये? इसपर ब्राह्मणों ने कहाः यदि इस व्यक्ति के हाथ से भगवान शंकर के नंदी जी प्रसाद खा लें तो हम लोग इसे अपनी जाति, पंगति में ले अथवा नहीं। सब लोग काशी में ज्ञानवापी नदी के तट पर पहुंचे जहां शर्त रखी गयी थी। श्री गोस्वामी जी ने नन्दीश्वर से कहा- हे नंदीश्वर ! यदि यह ब्राह्मण राम नाम के प्रताप से शुद्ध हो गया है तो आप इसके हाथ से प्रसाद स्वीकार करके नाम की महिमा को प्रमाणित कीजिये। नन्दीश्वर ने प्रसन्नता के साथ प्रसाद स्वीकार कर लिया। इस चमत्कार को देखकर सभी श्री रामचंद्र जी की एवं रामनाम की जय जयकार करने लगे और श्रीतुलसीदास जी की नामनिष्ठा पर बलिहार हो गए।

## सटाका




## आज की पाती

### हर तरह का अतिक्रमण हटाया जाए

पूरे देश में कहीं भी किया गया अतिक्रमण और सरकारी भूमि पर अवैध नया-पुराना, हर प्रकार का अतिक्रमण और अवैध निर्माण हटाना बहुत जरूरी है। भारत 140 करोड़ व्यक्तियों का देश है। रोटी हर किसी ने खानी है, बच्चे सभी ने पालने हैं। अधिकतम लोग ये धमकियां देते हैं कि वे लोग ऐसे कब्जे नहीं करेंगे तो वे जिएंगे कैसे? इस हिसाब से, ऐसी बदमाशी देश के सभी नागरिक करने लगे तो हमारे समाज और देश का क्या हाल हो जाएगा। अतिक्रमणकारियों, तुम 'रोटी खाकर' तथा अपने 'बच्चे पालकर' देश के ऊपर कोई एहसान नहीं कर रहे हो। ये बहुत बड़ी बदमाशी, नीचता और गुंडागर्दी वाली बात हो जाती है। एक तो सरकारी भूमि पर अतिक्रमण, ऊपर से कानून व प्राधिकार को चुनौती और धमकियां देना जायज नहीं है। हर तरह के अवैध कब्जे हटने चाहिए। *-महेंद्र शर्मा, रोहतक*

## ट्रेंड

### बंगाल में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे



पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद भी सात दिनों तक केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। भले ही भाजपा सत्ता में आ जाए। यह राज्य की सुरक्षा के लिए जरूरी है। लोकतंत्र में हिंसा का कोई स्थान नहीं है। ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा।
**-अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

### केजरीवाल का मुखौटा उतरा



भाजपा ने आम आदमी पार्टी को कांग्रेस खिलाफ 'प्रॉक्सी' की तरह इस्तेमाल किया है। अब आप एवं अरविंद केजरीवाल का मुखौटा उतर चुका है। केजरीवाल की पार्टी ने धनकुबेरों को धन के आधार पर राज्यसभा भेजा और अब इसका नाम अरबपति आदमी पार्टी हो जाना चाहिए।
**-अजय माकन,** कोषाध्यक्ष, कांग्रेस

### क्या सारे सांसद गलत



मैं गलत हो सकता हूं लेकिन कुल 7 सांसदों ने पार्टी छोड़ी तो क्या सारे गलत हो गए। इससे पहले भी जिन लोगों ने पार्टी छोड़ी, क्या वह भी गलत हो गए। मैं पार्टी का फाउंडर मेंबर रहा। जिस मकसद से यह पार्टी बनी थी, अब ये वह पार्टी नहीं रही।
**-राघव चड्ढा,** भाजपा नेता

### सरकार के इशारे पर उत्पीड़न



गाजीपुर में सपा कार्यकर्ता के साथ जो उत्पीड़न हुआ, वह सरकार के इशारे पर हुआ। इसमें सरकारी अधिकारियों व भाजपा से जुड़े लोगों की भूमिका है। भाजपा नहीं चाहती कि उनकी पार्टी पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्गों के साथ खड़ी होकर उन्हें न्याय दिलाए। **-अखिलेश यादव,** सपा प्रमुख

**अपने विचार**
**हरिभूमि कार्यालय**
पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016
**aapkepatra.haribhoomi@gmail.com**
पर भेज सकते हैं।

## करंट अफेयर

# एनटीपीसी का दो परमाणु इकाइयां लगाने पर विचार



ऊर्जा स्रोतों में विविधता लाने की योजना के तहत सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनटीपीसी बिहार के बांका जिले में 700-700 मेगावाट की दो परमाणु इकाइयां स्थापित करने पर विचार कर रही है। इस परियोजना पर लगभग 25,000 करोड़ रुपये का निवेश हो सकता है। एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि पटना से करीब 250 किलोमीटर दूर स्थित इस जिले में प्रस्तावित दो परमाणु इकाइयों के लिए फिलहाल व्यवहार्यता अध्ययन किया जा रहा है। बिहार सरकार ने परियोजना के लिए पूरा सहयोग और जल उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार, इन इकाइयों के लिए करीब 1,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होगी। उद्योग के अनुमानों के मुताबिक, एक गीगावाट क्षमता के परमाणु संयंत्र पर 15,000 से 20,000 करोड़ रुपये का निवेश आता है। अधिकारी ने कहा कि व्यवहार्यता रिपोर्ट पूरी होने के बाद विस्तृत परियोजना रिपोर्ट (डीपीआर) तैयार की जाएगी। एनटीपीसी देश के विभिन्न स्थानों पर करीब 30 गीगावाट की परमाणु क्षमता स्थापित करने की योजना बना रही है, जो 2047 तक 100 गीगावाट परमाणु क्षमता हासिल करने के सरकारी लक्ष्य के अनुरूप है।

## ऑफ बीट

# मद्यपान यकृत की बीमारी को बढ़ाने के लिए जिम्मेदार



यकृत बेहद जरूरी अंग है। इंसान को जीने के लिए इसकी जरूरत होती है। यकृत चयापचय और भोजन भंडारण में योगदान देता है, रक्त का थक्का जमाने में मदद करने वाले प्रोटीन का उत्पादन करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली में अहम भूमिका निभाता है। कोशिका के स्तर पर, शराब एक विषैला पदार्थ है जिसका चयापचय (विघटन) मुख्यत: यकृत में होता है। जब शराब की मात्रा बहुत अधिक हो जाती है, तो यकृत की कोशिकाएं सूज जाती हैं और क्षतिग्रस्त हो जाती हैं (यकृत की सूजन को हेपेटाइटिस कहते हैं)। समय के साथ, सूजन या क्षतिग्रस्त कोशिकाओं की जगह फाइब्रोसिस आ जाता है, यानी सामान्य यकृत ऊतक का स्थान नुकसान पहुंचाने वाले ऊतक ले लेते हैं, जिसके परिणामस्वरूप सिरोसिस की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और यकृत के कार्य करने की क्षमता में शिथिलता आ जाती है। सिरोसिस अपने आप में घातक हो सकता है और यकृत कैंसर का कारण भी बन सकता है। शराब यकृत रोग में किस प्रकार हिस्सेदार? शराब के कारण होने वाले यकृत रोग को शराब संबंधित रोग या एएलडी कहा जाता है, जिसे पहले अल्कोहलिक लिवर डिसीज कहा जाता था। ज्यादा शराब पीने वाले, अक्सर शराब सेवन विकार (एयूडी) से पीड़ित लोगों में सिरोसिस और 'लिवर फेलियर' हो सकता है।

# घर का ताला तोड़कर अंदर घुसे चोर, लाखों रुपए का जेवरात और सामान चुरा ले गए, घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

अयोध्या नगर इलाके में अज्ञात बदमाशों ने बोला धावा, सीसीटीवी के आधार पर जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अयोध्यानगर इलाके में अज्ञात बदमाशों ने देर रात एक सूने मकान को निशाना बनाकर ताले तोड़कर लाखों रुपए का सामान चोरी कर ले गए। पूरी घटना घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस जांच में जुटी है।

पुलिस के मुताबिक, इंद्रपुरी निवासी 42 वर्षीय संजय दांगी मेत्री डायग्नोस्टिक सेंटर नाम से क्लीनिक संचालित करते हैं। उनके कजिन विजय सिंह सिसोदिया अयोध्यानगर के डी-सेक्टर स्थित



मकान नंबर 196/ए में रहते हैं। उन्होंनें उन्हें फोन कर घटना की जानकारी दी। संजय दांगी के मुताबिक, उनके कजिन ने 26 अप्रैल की सुबह अपने मोबाइल पर घर में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज देखी, जिसमें तड़के करीब तीन बजे कुछ संदिग्ध लोग घर में घुसते नजर आए। सूचना मिलते ही संजय मौके पर पहुंचे। देखा कि मकान के मुख्य गेट का ताला टूटा हुआ था। बदमाश गेट फांदकर अंदर घुसे और फिर घर के अंदर वाले दरवाजे का ताला तोड़कर भीतर प्रवेश किया। हालांकि, उस समय तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया था कि घर से क्या-क्या सामान चोरी हुआ है, क्योंकि मकान मालिक के आने के बाद ही पूरी स्थिति साफ हो सकेगी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा।

## आरिफ नगर में जीप की बैट्री निकाल कर दुकान में रखी, शटर उठा कर चोरी कर ले गईं महिलाएं, पुलिस ने तीनों को किया गिरफ्तार

**भोपाल।** आरिफ नगर इलाके में सुबह एक चोरी का मामला सामने आया है। यहां नमाज पढ़ने गए एक युवक की दुकान से उसकी जीप की बैट्री चोरी हो गई, लेकिन स्थानीय लोगों की सतर्कता से आरोपित महिलाओं को कुछ ही देर में पकड़ लिया गया। पुलिस को दी गई शिकायत में अब्दुल आमिर (30) निवासी आरिफ नगर ने बताया कि वह बिलकिस जहां मस्जिद के सामने पार्किंग का काम संभालते हैं और वहीं स्टेशनरी की दुकान भी चलाते हैं। घटना 27 अप्रैल की सुबह करीब 4:30 बजे की है। आमिर के मुताबिक वह अपनी जीप की बैट्री निकालकर दुकान में रखकर नमाज पढ़ने चले गए थे। इस दौरान दुकान का शटर बंद था, लेकिन उसमें ताला नहीं लगाया था। इसी बीच, तीन कचरा बीनने वाली महिलाएं शटर उठाकर अंदर घुसीं और बैट्री चोरी कर ले गईं। नमाज से लौटने पर जब आमिर को चोरी का पता चला, तो उन्होंने अपने दोस्तों नईम, जावेद और फैजान के साथ मिलकर तलाश शुरू की। कुछ ही देर में संदिग्ध महिलाओं को न्यू आरिफ नगर बस स्टैंड के पास रोक। तलाशी लेने पर एक महिला की बोरी में जीप की बैट्री बरामद हो गई। पूछताछ में तीनों ने अपने नाम रानी, शीतल और आरती, निवासी ऐहसान नगर, करोंद बताए। स्थानीय लोगों जावेद, फैजान और हिना वाजीने तीनों महिलाओं को मौके पर ही रोके रखा और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर तीनों को हिरासत में ले लिया है।

## निर्माणधीन बिल्डिंग से गिरकर बुजुर्ग महिला की मौत

रानी कमलापति स्टेशन के पास निमार्णाधीन बिल्डिंग से गिरकर एक महिला की मौत हो गई। 73 वर्षीय ईश्वरिया रिवार उर्फ तारा बाई बिल्डिंग में मजदूरी कर रही थी। हादसे के समय वे दीवारों की तराई कर रही थीं। गंभीर हालत में उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन के मुताबिक, दीवारों की तराई करते समय उनका पैर फिसल गया और वे नीचे गिर गईं। पुलिस ने बताया कि महिला कई सालों से बिल्डिंग वहां काम कर रही थी। घटना के समय वह ग्राउंड फ्लोर पर काम कर रही थी, तभी अचानक फिसलकर गिर गई। गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शव का पोस्टमॉर्टम कराया गया है और मामले की जांच जारी है।

## खबर संक्षेप



### मप्र मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष यादव का किया स्वागत

**औबेदुल्लागंज।** टोल नाके स्थित एक रेस्टोरेंट पर मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष डॉ. अवधेश प्रताप सिंह यादव का भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर नगर के युवा प्रियांश यादव, आदित्य यादव, विपुल यादव, अंकुर यादव, रितिक यादव, हेमंत नागर, कविश यादव उत्तम यादव एवं जतिन यादव ने पुष्पमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सभी लोगों ने डॉ. यादव के कार्यों की सराहना करते हुए उनके नेतृत्व में मानव अधिकारों के क्षेत्र में हो रहे प्रयासों की प्रशंसा की। अंत में सभी ने उनके सफल कार्यकाल की कामना करते हुए आभार व्यक्त किया।

### कूलर के सामने सोने को लेकर भाई से हुआ विवाद तो बहन ने लगाई फांसी

**भोपाल।** चूनाभट्टी इलाके में कूलर के सामने सोने की मामूली बात पर हुई कहासुनी के बाद 8वीं की 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के मुताबिक, आशी चौधरी (14) निजी स्कूल में कक्षा आठवीं की छात्रा थी। उसके पिता का पहले ही निधन हो चुका है, जबकि मां 10 नंबर स्थित एक बुटीक पर काम करती है। घटना के समय घर में केवल आशी और उसका 18 वर्षीय भाई मौजूद थे। पुलिस के अनुसार रविवार शाम करीब 4 बजे दोनों भाई-बहन कूलर के सामने सो रहे थे। इसी दौरान कूलर के पास सोने को लेकर दोनों के बीच हल्की कहासुनी हो गई। विवाद के बाद भाई बाल कटवाने के लिए घर से बाहर चला गया। करीब दो घंटे बाद जब वह लौटकर घर पहुंचा तो बहन को कमरे में फांसी के फंदे पर लटका पाया। घबराए भाई ने तुरंत आसपास के लोगों को सूचना दी, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके का मुआयना करने के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

### निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने वाले दोषियों को 7 वर्ष का कारावास

**भोपाल।** मछली पालन के व्यवसाय पर निवेशकों को प्रलोभन देकर निवेशकों के साथ धोखाधड़ी कर उनके 23,06,000 रुपए हड़पने के मामले के अभियुक्तगण प्रहलाद शर्मा पुत्र दुर्गा प्रसाद शर्मा, विजेंद्र कुमार कश्यप उर्फ सालू पुत्र सियाराम कश्यप और विनय शर्मा पुत्र नरेश कुमार शर्मा को अपर सत्र न्यायाधीश सुचिता श्रीवास्तव ने दोषी ठहराते हुए 7 वर्ष के सश्रम कारावास एवं 24,00000 रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियुक्तगण द्वारा अर्थदण्ड की राशि जमा किए जाने की दशा में 21,00000 रुपए की राशि फरियादीगण को अदा किए जाने के आदेश भी दिए हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याणः | 1649 | | |
| दिनः | 179 | 79 | 135 |
| रातः | 339 | 50 | 370 |
| ताराः | | | |
| दिनः | 789 | 42 | 156 |
| रातः | 113 | 56 | 466 |

स्टेशन बजरिया के चांदबड़ इलाके का मामला

# ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं देने पर दुकानदार पर रॉड से हमला, सिर फूटा

**आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्टेशन बजरिया के चांदबड़ इलाके में ऑनलाइन पेमेंट को लेकर शुरू हुआ विवाद मारपीट में बदल गया। दो ग्राहकों ने किराना दुकानदार पर हमला कर उसे घायल कर दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

चांदबड़ निवासी 27 वर्षीय अनमोल तिवारी ने पुलिस को बताया कि वह क्षेत्र में किराना दुकान संचालित करते हैं। घटना 25 अप्रैल की रात करीब 7:30 बजे की है, जब उनकी दुकान पर निकेश कुमार राठौर और अंजली बिलथरे सामान लेने पहुंचे। दुकानदार ने पैसे मांगे तो दोनों ने ऑनलाइन भुगतान की बात कही। इस पर अनमोल ने बताया कि उनकी दुकान पर ऑनलाइन पेमेंट की सुविधा नहीं है। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया और आरोप है कि दोनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर निकेश ने अनमोल के साथ हाथ-मुक्कों से मारपीट की, जबकि अंजली ने हाथ में पकड़ी लोहे की रॉड से उनके सिर पर वार कर दिया। हमले में अनमोल के सिर से खून निकलने लगा।

आरोप है कि महिला ने दोबारा रॉड से पीठ पर भी वार किया, जिससे वह घायल हो गए। घटना के दौरान अनमोल के चाचा राम तिवारी और अनुप तिवारी मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव किया। पीड़ित के अनुसार, आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी भी दी।

### गुरुग्रंथ साहिब के अनादर करने वाला गिरफ्तार

अशोका गार्डन थाना क्षेत्र की ग्रीन पार्क कॉलोनी में गुरुग्रंथ साहिब के अनादर और धार्मिक मर्यादा भंग करने का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक ने नियमों के विरुद्ध करीब एक साल तक अपने घर में गुरुग्रंथ साहिब को रखा और उचित सम्मान व स्वच्छता का पालन नहीं किया। जब गुरुद्वारा कमेटी के सदस्यों ने इसका विरोध किया तो विवाद बढ़ गया और आरोपी ने कमेटी के पदाधिकारी पर हमला कर दिया। अशोकागार्डन पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। साथ ही आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

### ओवरटाइम का पैसा मांगने पर ठेकेदार ने फोड़ा मजदूर का सिर

राजधानी के अशोका गार्डन इलाके में ओवरटाइम का पैसा मांगना एक मजदूर के साथ ठेकेदार ने न सिर्फ उसके मारपीट की, बल्कि ईंट से सिर फोड़कर जान से मारने की धमकी भी दे डाली। घायल मजदूर का इलाज अस्पताल में कराया गया है और सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के मुताबिक रूप नगर अशोका गार्डन निवासी 25 वर्षीय गोलू मेहरा मजदूरी करता है। वह पिछले करीब दो महीने से एक बेकरी में ब्रेड पैकिंग का काम कर रहा था, जहां उसकी ड्यूटी 12 घंटे तय हुई थी। आरोप है कि ठेकेदार उससे जबरन 16 घंटे तक काम करवा रहा था। पीड़ित के अनुसार जब उसने अतिरिक्त चार घंटे काम करने से मना किया और ओवरटाइम का भुगतान मांगा तो ठेकेदार ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। कहा कि छह महीने बाद हिसाब होगा। इसी बात को लेकर विवाद बढ़ गया। रविवार सुबह करीब 11:45 बजे झुग्गी के पास पुलिया पर दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि ठेकेदार ने पहले गालियां दीं और फिर हाथ-मुक्कों से हमला कर दिया। इतना ही नहीं, उसने पास में पड़ी ईंट उठाकर गोलू के सिर पर दे मारी, जिससे उसके सिर से खून बहने लगा। हमले में उसकी बाईं आंख के पास भी चोट आई है। घटना के बाद परिजन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घायल को हमीदिया अस्पताल भेजकर मेडिकल परीक्षण कराया। मेडिकल रिपोर्ट के बाद पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज कराई।

# सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को मिला उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सालय का पुरस्कार

**सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर संस्था ने दिल्ली में किया पुरस्कृत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

सिक्स सिग्मा हेल्थ केयर संस्था ने गत दिवस ताज पैलेस होटल दिल्ली में गांधी नगर भोपाल स्थित सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय को वर्ष 2025-26 का श्रेष्ठ नेत्र चिकित्सालय पुरस्कार प्रदान किया है। पुरस्कार में एक ट्रॉफी और प्रशस्ति पत्र भेंट किए गए। सेवा सदन नेत्र चिकित्सालय की ओर से यह पुरस्कार अभिनेता राणा डग्गुबत्ती (बाहुबली फेम) ने ट्रस्टी सुरेश आवतरामानी और प्रबंधक महेश लेखवानी को प्रदान किया।

चिकित्सालय को यह पुरस्कार मध्यभारत अंचल में उत्कृष्ट नेत्र सुरक्षा सेवाएं प्रदान करने के



फलस्वरूप दिया गया है। पुरस्कार वितरण समारोह में चीफ ऑफ नेवल स्टाफ एडमिरल डी.के. त्रिपाठी, सांसद और अभिनेत्री हेमा मालिनी, जया प्रदा, सुधा चंद्रन, अभिनेता राजपाल यादव, अभिनेता रंजीत, भजन गायक कैलाश खेर व सिंगर दलेर मेहंदी विशेष रूप से उपस्थित थे।

सिक्स सिग्मा हेल्थकेयर संस्थान देश के जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर पूर्वी राज्यों के दुर्गम हाई अल्टीट्यूड पहाड़ी क्षेत्रों में आपदाग्रस्त नागरिकों और सैन्य दलों को एयर एंबुलेंस की सहायता से हेल्थकेयर सेवाएं सुलभ कराता है। इस काम में डॉक्टर प्रदीप भारद्वाज और उनकी धर्मपत्नि डॉ. अनीता भारद्वाज सेवारत हैं।

संस्था द्वारा देश के विभिन्न स्थानों पर स्थित सुपर स्पेशलिटी अस्पतालों की सेवाओं और गुणवत्ता का आंकलन करते हुए प्रतिवर्ष उन्हें पुरस्कृत, सम्मानित किया जाता है।

# मिड नाइट कैफे पर छापा, हुक्का पीते मिले युवा

**कोहेफिजा इलाके में पुलिस ने देर रात की छापेमार कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कोहेफिजा इलाके में पुलिस ने देर रात एक कैफे पर छापा मारकर अवैध रूप से हुक्का पिलाते हुए दो युवकों को पकड़ा है। कार्रवाई के दौरान हुक्का और उससे जुड़ी सामग्री भी जब्त की गई।

पुलिस के अनुसार 26 अप्रैल की रात करीब दो बजे गश्त के दौरान सूचना मिली थी कि दाता कॉलोनी स्थित एक 'मिड नाइट कैफे' में अवैध रूप से हुक्का परोसा जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। कैफे में जांच के दौरान एक युवक सैय्यद मुस्तफा खान (24) निवासी होलीपुरा, जहांगीराबाद हुक्का पीते हुए मिला, जबकि दूसरा युवक अयान खान (24) निवासी दाता कॉलोनी, एयरपोर्ट रोड स्वयं को कैफे का मालिक-मैनेजर बताते हुए हुक्का परोसता पाया गया। पुलिस ने जब हुक्का पिलाने का लाइसेंस और वैध दस्तावेज मांगे, तो कोई भी कागजात प्रस्तुत नहीं कर सके। इसके बाद पुलिस ने मौके पर पंचनामा कार्रवाई करते हुए हुक्का और पाइप समेत सामग्री जब्त कर ली। पुलिस ने सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम, 200 की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# हेवु बीएमएस की आयोजित बैठक में कार्यकर्ताओं का किया सम्मान

**बैठक में बोनस पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया**




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सोमवार को हेवु बीएमएस की साप्ताहिक बैठक जुमड़े भवन में संजय चौधरी की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में बोनस के मुद्दों पर चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के बाद बीएमएस भोपाल और नर्मदापुरम संभाग के नेतृत्व विकास वर्ग अभ्यास शिविर पूर्ण कर अमोल यादव व पुनीत भरारा का स्वागत कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी एवं प्रदीप अग्रवाल द्वारा किया गया है। दोनों कार्यकर्ता 40 वर्ष से कम आयु के हैं। उन्होंने नेतृत्व विकास वर्ग में प्राप्त प्रक्षिशित की जानकारी दी, जिसमें उन्होंने भारतीय मजदूर संघ की रीति-नीति और श्रम कानून के साथ यूनियन रजिस्ट्रेशन की जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर विभाग प्रमुख कमलेश नागपुरे ने कहा कि नए कार्यकर्ता को अवसर देना भारतीय मजदूर संघ का लक्ष्य है।

# एलपीजी गैस सिलेंडर की कालाबाजारी का भंडाफोड़ः 2500 में बेचते थे घरेलू सिलेंडर

**पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी का मामला सामने आया है। खाद्य विभाग की शिकायत पर पुलिस ने दो आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

थाना जहांगीराबाद के उपनिरीक्षक के अनुसार, 26 अप्रैल को ड्यूटी के दौरान खाद्य विभाग के कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी पुष्पराज पाटिल ने थाना पहुंचकर लिखित शिकायत दी। शिकायत में सलमान खान और सालिक कुरैशी दोनों निवासी जहांगीराबाद, पर घरेलू गैस सिलेंडरों को ब्लैक में अधिक कीमत पर बेचने का आरोप लगाया गया है। खाद्य विभाग के अनुसार 28



मार्च को कलेक्टर के निर्देश पर अधिकारियों की टीम ने जींसी चौराहा स्थित एक होटल की आकस्मिक जांच की। जांच के दौरान आरोपी सालिक कुरैशी एक दोपहिया वाहन से भरा हुआ गैस सिलेंडर लेकर आया और कथित तौर पर 2500 रुपए में बेचते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। बताया गया कि घरेलू उपयोग के लिए मिलने वाले सिलेंडरों को अवैध रूप से ऊंची कीमत पर बेचा जा रहा था। जांच में सामने आया कि सालिक कुरैशी अपने रिश्तेदार सलमान खान के जरिए सिलेंडरों की सप्लाई करवाता था। हर सिलेंडर की बिक्री पर सलमान को 50 रुपए कमीशन दिया जाता था। मोबाइल के जरिए ग्राहकों से संपर्क कर सिलेंडर की डिलीवरी की जाती थी। यह गतिविधि द्रविकृत पेट्रोलियम गैस (प्रदाय एवं वितरण विनियमन) आदेश, 2000 का उल्लंघन पाई गई।

पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले को गंभीर मानते हुए जांच शुरू कर दी गई है और आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# हिरनिया की जर्जर बावड़ी को लेकर रहवासियों में आक्रोश

**नप में कई बार आवेदन के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड 9 हिरनिया में एक पुरानी बावड़ी है, जो जर्जर हालत में है। स्थानीय रहवासियों बावड़ी की साफ-सफाई और मरम्मत करने के लिए नगर परिषद को कई बार आवेदन दिए, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। बावड़ी की सफाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। उक्त बावड़ी शिवदयाल मालवीय के घर के पास है, जहां से आसपास के लोगों का आवागमन बना रहता है। बावड़ी की दीवारें क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और उस पर बना छज्जा भी जर्जर हालत में है, जिससे कभी भी दुर्घटना होने की आशंका है। वार्ड 9 की पार्षद राधा राजेंद्र साहू, शिवदयाल मालवीय, मानसिंह सेन, नारायण सिंह सेन, आरडी सिरिया सहित अन्य रहवासियों ने बावड़ी के संरक्षण एवं जीर्णोद्धार की मांग की है।

**नेता प्रतिपक्ष खटीक का आरोप, परिषद प्रशासन की योजनाओं को पूरा करने में विफल रहा**

# औबेदुल्लागंज नगर परिषद में विकास कार्य ठप, चुनाव के लिए महज 10 महीने का समय शेष, पार्षदों की बढ़ी चिंता

जनता लगातार मूलभूत सुविधाओं और अधूरे कार्यों को लेकर परेशान

▶▶ दुकान के पुनर्निर्माण का काम शुरू तो हुआ, पर अब तक पूरा नहीं हो सका कार्य

▶▶ अतिक्रमण के नाम पर तोड़ी दुकानें, अब तक नहीं मिली दुकानदारों को उचित जगह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

नगर परिषद क्षेत्र में विकास कार्यों की सुस्ती को लेकर अब जनप्रतिनिधियों में भी असंतोष खुलकर सामने आने लगा है। नगर परिषद के 8 पार्षदों सहित प्रतिपक्ष नेता राजेश खटीक ने चिंता जताई है कि आगामी चुनाव में अब महज 10 महीने का समय शेष है, लेकिन शहर में विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। पार्षदों का कहना है कि जनता लगातार मूलभूत सुविधाओं और अधूरे कार्यों को लेकर सवाल उठा रही है, लेकिन परिषद स्तर पर कोई ठोस प्रगति नजर नहीं आ रही।




अधूरा पड़ा दुकान निर्माण कार्य।

खासतौर पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान तोड़ी गई दुकानों का मामला अब तक अधूरा पड़ा है।

नगर परिषद कार्यालय के सामने जिन दुकानों को अतिक्रमण बताकर हटाया गया था, उनके पुनर्निर्माण का काम शुरू तो हुआ, लेकिन वह अब तक पूरा नहीं हो सका है। अधूरी दुकानों के कारण प्रभावित व्यापारियों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। वहीं क्षेत्र की व्यवस्था भी अस्त-व्यस्त बनी हुई है। नेता प्रतिपक्ष राजेश खटीक ने आरोप लगाया कि परिषद प्रशासन योजनाओं को समय पर पूरा करने में विफल रहा है। उन्होंने कहा कि यदि जल्द ही कार्यों में गति नहीं लाई गई, तो इसका असर आगामी चुनाव में देखने को मिलेगा। वहीं, पार्षदों ने मांग की है कि अधूरी दुकानों का निर्माण जल्द पूरा किया जाए और शहर में लंबित विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर शुरू कराया जाए, ताकि जनता को राहत मिल सके। अब देखना यह होगा कि नगर परिषद प्रशासन इस बढ़ते असंतोष पर क्या कदम उठाता है और अधूरे विकास कार्यों को कब तक पूरा कर पाता है। नपा उपाध्यक्ष नमीता अग्रवाल मिडिया पैनलिस्ट ने कहा कि मेरे पास भी कई फोन आते हैं की कार्य क्यों ठप है।

**श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में मुनिश्री बोले**

# सच्ची भावना से भगवान की प्रतिमा का दर्शन ही सच्चे सुख का साधन



हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर में प्रवचन देते हुए मुनिश्री ने कहा कि जैन धर्म के जितने भी मुनिराज हुए हैं, उन्होंने अंतर्मन से भगवान की भक्ति की क्षमा, दया, अहिंसा, परोपकार की भावनाओं का पालन किया। सच्ची भावना से भगवान की प्रतिमा का दर्शन ही सच्चे सुख का साधन है। कितना भी कष्ट जीवन में आए तो भी कभी धैर्य को नहीं छोड़ना चाहिए है।

आचार्य मान तुंग जी पर कितना बड़ा उपसर्ग आया, 48 तालों में बेड़ियों में भी राजा ने भिजवाया। आचार्य महाराज जी ने प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान की स्तुति कर श्री भक्तांबर स्त्रोत्र की रचना की। भगवान की सच्ची भक्ति करने पर एक एक कर ताले टूट गए, राजा ने भी अपनी गलती की क्षमा मांगी।

15 अधिकारियों के तबादले, किसी का कद घटाया तो किसी को किया इधर-उधर

# स्वच्छता सर्वेक्षण के लिए सर्वे और सिटीजन फीडबैक के बीच निगम में बड़ा बदलाव, अतिक्रमण शाखा और स्वास्थ्य विभाग में किया फेरबदल

**प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारियों को जोन में प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नगर निगम की अतिक्रमण शाखा में सोमवार को बड़ा फेरबदल किया गया। अतिक्रमण और स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारी और विधानसभावार अतिक्रमण अधिकारियों को इधर से उधर किया गया। अधिकांश अधिकारियों का कद घटा दिया गया। विधानसभावार प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारियों को अब केवल जोन में प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी बनाया गया है। निगम की ओर से जारी आदेश के अनुसार प्रीतेश गर्ग प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारी गोविंदपुरा से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-1, अरविंद चौधरी प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारी दक्षिण-पश्चिम को प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-8, जितेंद्र शर्मा प्रभारी केंद्रीय भंडार शाखा से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य




अधिकारी जोन-9, वासुदेव उदेनिया प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-21 से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-10, अमन पाल स्वास्थ्य विभाग जोन-13 से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-11, रमाकांत यादव प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-19 से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-18, मधुसूदन तिवारी प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-18 से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-19, विशाल माहेश्वरी स्वास्थ्य विभाग जोन-21 से प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-21 का प्रभारी बनाया गया है।

### विधानसभावार अतिक्रमण अधिकारियों को किया यहां से वहां

*शैलेंद्र भदौरिया अतिक्रमण अधिकारी दक्षिण-पश्चिम एवं नरेला विधानसभा से प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी गोविंदपुरा एवं दक्षिण-पश्चिम विधानसभा, श्रष्टि भदौरिया अतिक्रमण अधिकारी मध्य विधानसभा से प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी हुजूर विधानसभा, रविंद्र यादव प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-8 से प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी मध्य विधानसभा, सुभम गौर कार्यालयीन कार्य से सहायक अतिक्रमण अधिकारी मध्य विधानसभा, महेश गौहर प्रभारी सहायक अतिक्रमण अधिकारी जोन-1, 20 एवं उत्तर विधानसभा से प्रभारी अतिक्रमण अधिकारी उत्तर विधानसभा, बलवीर मलिक प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जोन-9 से प्रभारी अतिकमण अधिकारी नरेला विधानसभा का प्रभार दिया गया है।*

### नासिर खान को नाइट इंचार्ज अतिक्रमण अधिकारी का जिम्मा

*नगर निगम में मुख्यालय की अतिक्रमण शाखा में लंबे समय से पदस्थ नासिर खान को रात्रिकालीन अतिक्रमण अमले का प्रभारी बनाया गया है।*

नवागत कलेक्टर ने ली पहली टाइम लिमिट की बैठक

# दफ्तरों में बैठकर काम निपटाएं अफसर, पेंडेंसी करें खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

सभी विभागों के अफसर दफ्तरों में टाइमिंग का ध्यान रखें। आम लोगों से जुड़े पेंडिंग कामों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए, जिससे जिले की पेंडेंसी को कम किया जा सके। नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के प्रकरणों में बेवजह पेशियां नहीं बढ़ाई जानी चाहिए। बड़े तालाब के एफटीएल के 50 मीटर दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को हटाने के काम में तेजी लाई जाए। यह बात सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने कलेक्टोरेट में रखी गई टाइम लिमिट बैठक में कही। कलेक्टर ने अफसरों को हिदायत देते हुए कहा कि बड़े तालाब के अतिक्रमणों को लेकर सख्ती बरती जाए। जिन जगहों पर अतिक्रमण हटा लिए गए हैं, वहां पर भी निगरानी रखी जानी चाहिए, जिससे भविष्य में अतिक्रमण नहीं हो सके। कलेक्टर ने कहा कि तहसील दफ्तरों में नामांतरण, सीमांकन और बंटवारे के प्रकरणों को टाइम लिमिट में निपटाया जाए, जिससे लोगों को चक्कर नहीं काटना पड़ें।

### पुलिस कमिश्नर के साथ रात्रि भ्रमण पर निकले कलेक्टर

*रविवार देर रात कलेक्टर प्रियंक मिश्रा पुलिस आयुक्त संजय कुमार के साथ रात्रि भ्रमण पर निकले। उन्होंने 12 बजे से दो बजे तक अलग-अलग जगह का जायजा लिया। कलेक्टर और पुलिस आयुक्त सबसे पहले शाहजहांनाबाद थाना पहुंचे, जहां स्टाफ से चर्चा वह यहां से काजी कैंप, अल्पना तिराहा सहित अन्य स्थानों पर पहुंचे, जहां पर मेट्रो कार्य की प्रगति को देखा। दोनों अफसरों ने सुल्तानिया अस्पताल के सामने स्थित रैन बसेरा में क्षमता से अधिक लोगों की भीड़ को लेकर इंतजाम दुरुस्त करने की बात कही।*

## खबर संक्षेप

### मरीज की तबीयत बिगड़ी, रनवे से लौटा दिल्ली टेक ऑफ हो रहा विमान



**संतनगर।** राजाभोज एयरपोर्ट पर आज सोमवार सुबह को उस समय अफरा-तफरी मच गई जब दिल्ली जा रही फ्लाइट वापस लौट कर टर्मिनल बिल्डिंग के पास आ गई। फ्लाइट में मरीज़ की तबीयत बिगड़ने पर टेकऑफ छोड़ मरीज़ को फ्लाइट से उतारना पड़ा। उड़ान संख्या एआई 1886 भोपाल से दिल्ली जाने के लिए एक टेकऑफ कर रही थी कि अचानक फ्लाइट में मरीज की तबीयत बिगड़ने लगी, जिसके कारण विमान को पायलट ने रनवे से वापस टर्मिनल भवन की और घुमा दिया और फिर मरीज को उतार कर फ्लाइट ने दिल्ली के लिए उड़ान भरी। बताया जाता है कि फ्लाइट में ग़रीब पचास वर्षीय सारांश वाजपेयी को घबराहट होने लगी थी, जिसके मरीज को फ्लाइट से उतारकर थोड़ी देर एयरपोर्ट पर बैठे और कुछ देर में वापस घर चले गए।

### एनएचआरसी सदस्य कानूनगो ने किया लोगों से संवाद

**भोपाल।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा सोमवार को जागरूकता संवाद आयोजित किया गया। रेलवे यात्रा से जुड़े मानवाधिकार, सुविधाओं और शिकायतों को लेकर



आयोजित संवाद कार्यक्रम में आयोग सदस्य प्रियंक कानूनगो ने लोगों से चर्चा की और रेलवे में मानवाधिकार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा की और उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब भी दिए। साथ ही रेलवे व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए सुझाव और शिकायतें भी ली गईं। संवाद में महिलाओं के लिए रेलवे कोच में सैनिटरी पैड उपलब्ध कराने का सुझाव भी सामने आया। इस पर कानूनगो ने कहा कि प्रयास किया जा रहा है कि सभी प्लेटफॉर्म पर मेडिकल शॉप में सैनिटरी पैड उपलब्ध हों। यात्रियों को किराया वापस मिलने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि आयोग इस विषय पर विचार करेगा और नीति में आवश्यक बदलाव के लिए प्रयास किए जाएंगे। कानूनगो ने कहा कि नागरिकों को अधिकारों के साथ कर्तव्यों का भी पालन करना चाहिए।

स्पोर्ट्स अथॉरिटी का पंप हाउस ढहाया, 60 से अधिक निर्माण हटाए

# बड़े तालाब किनारे बने सात मकान ढहाए, बोट क्लब पर टूटेंगे निर्माण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

बैरागढ़ और टीटी नगर इलाके में बड़े तालाब के फुल टैंक लेबल से 50 मीटर दायरे में निर्माणों को हटाने का काम फिर शुरू कर दिया है। अब तक करीब साठ से अधिक निर्माणों को हटाया गया है, जिसमें सरकारी और निजी जमीनों के निर्माण शामिल हैं। सोमवार को टीटी नगर क्षेत्र के गौरा गांव में एसडीएम अर्चना शर्मा और नगर निगम की टीम ने सांई स्पोर्टस अथॉरिटी के पंप हाउस का पक्का कमरा ढहा दिया। इसके साथ छह अन्य मकान और दीवारों को तोड़ा गया है। सर्वे में टीटी नगर में 49 और बैरागढ़ में 44 निजी निर्माण हैं, जिन्हें जमींदोज किया जाएगा। सोमवार को टीम ने गौरा गांव में टीएल चौहान के मकान की पक्की दीवार, गणेशी बाई पत्नी रामदयाल की पक्की दीवार, महेश विश्वकर्मा की पक्की दीवार, प्रायागी लाल जाटव का कच्चा मकान, सांई स्पोर्ट अथॉरिटी के पंप हाउस का पक्का कमरा और लक्ष्मण मारन का टीन शेड तोड़ गया है। एसडीएम ने बताया कि निजी निर्माणों को हटाने के संबंध में नगर निगम सुनवाई कर रहा है। जबकि सरकारी जमीनों पर निर्माणों को लेकर सुनवाई चल रही है।

**टीटी नगर में 49 और बैरागढ़ में 44 निजी निर्माण टूटेंगे**



### बड़े अतिक्रमण पर कार्रवाई का इंतजार

**बैरागढ़ की 121 झुग्गियों का होगा विस्थापन**

जिला प्रशासन और नगर निगम की टीम ने अब तक पचास मीटर के दायरे में आने वाले छोटे निर्माणों को तोड़ा है, जबकि वन विहार रोड स्थित जॉक रेस्टोरेंट, लहर रेस्टोरेंट, विंड्स एंड वेब, होटल रंजीत लेकव्यू, फूड जोन की 26 दुकानें, गेम जोन, कचरा कैफे, सुलभ कॉम्प्लेक्स और लहर जिम को लेकर भी कार्रवाई की जानी है। इधर बैरागढ़ क्षेत्र में बंगले, मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, विला और पक्के निर्माण भी तोड़े जाएंगे।

### झुग्गियों का होगा विस्थापन

*सोमवार को कलेक्टर प्रियंक मिश्रा ने बैरागढ़, टीटी नगर, शहर और हुजूर तहसील के अफसरों के साथ बैठक रखी। जिसमें अफसरों ने बताया कि बैरागढ़ सर्कल में करीब 121 झुग्गियों को हटाया जाना है। इसके साथ तालाब किनारे एक कमरे के कई टीनशेडनुमा मकान भी बने हैं। जिन्हें दूसरी जगह पर विस्थापन किया जा सकता है। जिस पर कलेक्टर ने कहा कि इन लोगों को हटाने के संबंध में कार्रवाई पूरी की जाए।*

### जद में आने वाले सभी निर्माण टूटेंगे

*बड़े तालाब के दायरे में आने वाले अतिक्रमणों को लेकर तहसीलदार और नगर निगम सुनवाई कर रहा है। इसकी जद में आने वाले सभी अतक्रिमणों को तोड़ा जाएगा। भविष्य में निर्माण नहीं किए जाएं, इसके लिए भी निगरानी रखने की हिदायत दी गई है।*

*प्रियंक मिश्रा, कलेक्टर*

नारी शक्ति वंदन अधिनियम और विपक्षी घेराबंदी पर भी हुई चर्चा

# सीएम हाउस में हुई भाजपा विधायक दल की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में सोमवार को भाजपा विधायक दल की बैठक हुई। बैठक को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल ने संबोधित किया। जानकारी के अनुसार, यह बैठक प्रमुख रूप से आगामी विधानसभा सत्र में सरकार के एजेंडे को सुव्यवस्थित करने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में एक-दिवसीय विधानसभा सत्र की रणनीति, विशेष रूप से महिलाओं के लिए 33 प्रशित आरक्षण (नारी शक्ति वंदन अधिनियम) और विपक्षी घेराबंदी पर चर्चा की गई। विपक्षी दलों द्वारा महिला आरक्षण विधेयक का विरोध करने के खिलाफ सरकार ने निंदा प्रस्ताव लाने की रणनीति पर भी विचार किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा एवं विधायक दल के महामंत्री शैलेन्द्र जैन, संसदीय कार्य मंत्री एवं मुख्य सचेतक कैलाश विजयवर्गीय सहित सभी वरिष्ठ विधायक और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

पार्टी का केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व करेगा मार्गदर्शन

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में आज योजना बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय में 28 अप्रैल को सुबह 11 बजे पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के अंतर्गत जिला प्रशिक्षण वर्गों की कार्य योजना हेतु योजना बैठक आयोजित की गई है। बैठक को भाजपा के राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल, प्रदेश प्रभारी डॉ. महेन्द्र सिंह, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं प्रशिक्षण महाअभियान के पश्चिम मध्य क्षेत्र के जोन प्रभारी केसी पटेल संबोधित करेंगे। बैठक में प्रदेश प्रशिक्षण टोली, प्रदेश पदाधिकारी, संभाग प्रभारी, जिला प्रभारी, जिला अध्यक्ष, संभागीय प्रशिक्षण टोली, सभी मोर्चों के प्रदेश अध्यक्ष, जिला प्रशिक्षण वर्ग प्रभारी, प्रशिक्षण महाअभियान के जिला संयोजक उपस्थित रहेंगे।

ग्रुप टिकट पर किराए में लगभग 10 प्रतिशत तक की छूट

# भोपाल मेट्रो-यात्रियों के लिए एएफसी सिस्टम शुरू, टिकट-वॉलेट रिचार्ज पर मिलेगी रियायत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर के मेट्रो स्टेशनों पर अब विंडो से टिकट लेने के लिए इंतजार या कतार में खडे होने की जरूरत नहीं पडेगी। मप्र मेट्रो रेल कार्पोरेशन ने सोमवार से भोपाल और इंदौर के मेट्रो स्टेशनों पर ऑटोमैटिक फेयर कलेक्शन सिस्टम शुरू कर दिया है। यही नहीं नई सुविधा के साथ ही टिकट और वॉलेट रिचार्ज पर भी छूट दी जा रही है। ग्रुप टिकट पर किराए में 10 प्रतिशत छूट मिलेगी साथ ही एमपी मेट्रो ऐप के वॉलेट रिचार्ज पर विशेष रियायत मिलेगी।

अब यात्रियों को टिकट में छूट के साथ-साथ मोबाइल ऐप से बुकिंग करने पर अतिरिक्त बचत होगी। अगर कोई यात्री एक ही दिन में आने-जाने (राउंड ट्रिप) का टिकट लेता है, तो उसे कुल किराए में 5 प्रतिशत की छूट मिलेगी। वहीं समूह में यात्रा करने वालों को और ज्यादा फायदा होगा। 8 से 40 लोगों के समूह के लिए टिकट लेने पर कुल किराए में 10 प्रतिशत की छूट दी जाएगी। सोमवार को मेट्रो में यात्रा करने वाले कई यात्रियों ने इस सुविधा का भी लाभ उठाया। हालांकि भोपाल में इन दिनों मेट्रो को कम यात्री मिल रहे हैं, लेकिन इंदौर में बडी संख्या में यात्रियों में इस सुविधा के शुरू होने का उत्साह नजर आया।

### तुर्किये की कंपनी का ठेका कर दिया था रद्द

भोपाल और इंदौर में चल रहे मेट्रो प्रोजेक्ट के तहत तुर्किए की एक कंपनी का कांट्रेक्ट ऑपरेशन सिंदूर के बाद खत्म कर दिया गया था। इसके कारण यह सिस्टम समय पर चालू नहीं हो सका था। उसके बाद दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन के साथ कांट्रेक्ट किया गया और इस सिस्टम को शुरू किया गया। यह सुविधा भोपाल और इंदौर में एक साथ शुरू की गई है।

स्पीड पोस्ट से भेजी पुलिस को शिकायत

# नाबालिग से बालिग होने तक करता रहा शोषण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शहर में एक युवती के साथ पिछले छह सालों तक शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग का मामला सामने आया है। आरोपी रोहित ने युवती के नाबालिग रहने के दौरान आपत्तिजनक वीडियो बना लिया था, जिसके बाद से वह उसे प्रताड़ित करता रहा। फरियादी युवती ने पुलिस को स्पीड पोस्ट से जानकारी दी। शिकायत पत्र मिलने के बाद पुलिस ने पीड़िता से संपर्क किया और आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो सहित अन्य गंभीर धाराओं में मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि युवती के घर के बगल में आरोपी रोहित रहता है। साल 2020 में जब युवती 16 साल की थी तो आरोपी ने उसे बातों में फंसाया और उसका एक आपत्तिजनक वीडियो बना लिया। इस वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी देकर वह नाबालिग को अपने घर या उसके घर में अकेला पाकर संबंध बनाने लगा। पुलिस को युवती ने यह भी बताया कि जब बालिग हो गई तो वह वीडियो का हवाला देकर शहर के विभिन्न होटलों में ले जाने लगा। जब परिवार के लोगों ने सगाई तय की, तो रोहित ने वहां भी धमकी देकर सगाई मना करने का दबाव बनाने लगा।

यह भी कहता रहा कि शादी तो मैं ही करूंगा और इसी जिद के चलते उसने पीड़िता को मिलने के बहाने बुलाया और आर्य समाज मंदिर में जबरन शादी कर ली। पुलिस ने बताया कि आरोपी रोहित जब जबरन शादी करने के बाद युवती को एक स्थान पर छिपा कर रखा और उसका मोबाइल फोन बंद कर दिया। इस दौरान पीड़िता को पता चला कि आरोपी के घर के लोग इस रिश्ते के खिलाफ हैं और वह अपने पिता से छिपकर बात कर रहा था। जब युवती ने विरोध किया तो मारपीट की और छोड़कर भाग गया।

'कंजर्वेशन-ब्रीडिंग' को मिलेगी दिशा

# मप्र कैडर के डॉ. अंसारी 'कंजर्वेशन ब्रीडिंग' कमेटी में हुए शामिल

वन्य जीव संरक्षण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



वन्य जीव संरक्षण को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए भारत सरकार के पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के तहत केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण ने 'कंजर्वेशन-ब्रीडिंग' के लिए एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया है। समिति का गठन देशभर के चिड़ियाघरों में संचालित 'कंजर्वेशन-ब्रीडिंग' गतिविधियों की समीक्षा, प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। समिति में पहली बार मप्र कैडर के आईएफएस अधिकारी डॉ. ए. अंसारी को शामिल किया गया है। डॉ. अंसारी प्रदेश के सिवनी में वर्किंग प्लान अधिकारी के रूप में सेवाएं दे रहे हैं।

समिति में विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इनमें डॉ. ए. अंसारी (वर्किंग प्लान ऑफिसर, सिवनी, मप्र), डॉ. मनोज वी. नायर (अतिरिक्त प्रधान मुख्य वन संरक्षक, ओडिशा), डॉ. कार्तिकेयन वासुदेवन (वैज्ञानिक, हैदराबाद) और डॉ. अभिजीत पावडे (भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, बरेली) शामिल हैं। समिति का कार्यकाल आदेश जारी होने की तिथि से 6 माह निर्धारित किया गया है। गैर-सरकारी सदस्यों को बैठक शुल्क एवं यात्रा भत्ता केंद्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण की ओर से प्रदान किया जाएगा।

## स्थानीय खेल समाचार

कॅरियर कॉलेज में आरएसएस के विद्युत भाग का प्रतिभावान छात्र सम्मेलन

# नेशनल कराटे खिलाड़ी दीक्षा सिंह गुरुंग का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (विद्युत भाग) द्वारा अपने शताब्दी वर्ष के गौरवमयी उपलक्ष्य में स्थानीय करियर कॉलेज में 'प्रतिभावान छात्र सम्मेलन' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में खेल जगत की उभरती सितारा और नेशनल कराटे खिलाड़ी दीक्षा सिंह गुरुंग को उनकी उत्कृष्ट खेल उपलब्धियों के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संघ प्रचारक राकेश पाराशर एवं करियर कॉलेज के डायरेक्टर प्रदीप जैन उपस्थित रहे। मंच पर उपस्थित अतिथियों एवं संघ के पदाधिकारियों ने दीक्षा को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए आशीर्वाद प्रदान किया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य मेधावी छात्र-छात्राओं में राष्ट्रभक्ति, अनुशासन और 'समाज प्रथम' के संस्कार जागृत करना था। अतिथियों ने




दीक्षा की सराहना करते हुए कहा कि इतनी कम उम्र में उनकी यह उपलब्धि अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का केंद्र बनेगी। इस अवसर पर दीक्षा के प्रशिक्षक, परिजन और बड़ी संख्या में छात्र एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### गूगल और डिजिटल प्लेटफॉर्म पर भी बनाई पहचान

मात्र 13 वर्ष की अल्पायु में नेशनल स्तर पर अपनी धाक जमाने वाली दीक्षा ने मार्शल आर्ट्स (कराटे) में भोपाल का नाम देशभर में रोशन किया है। उल्लेखनीय है कि दीक्षा न केवल खेल के मैदान में सक्रिय हैं, बल्कि उनकी उपलब्धियों के कारण उनकी पहचान अब डिजिटल प्लेटफॉर्म और गूगल पर भी एक उभरती प्रतिभा के रूप में स्थापित हो चुकी है।

स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में प्रदेशभर से जुटे खिलाड़ी

# रॉयल निमाड़ ईगल्स महिला टीम के लिए क्रिकेट ट्रायल्स में 50 से अधिक खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग (सिंधिया कप) 2026 के अंतर्गत आईसेक्ट समूह की महिला क्रिकेट टीम 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' के लिए चयन ट्रायल्स का आयोजन स्कोप ग्लोबल स्किल्स यूनिवर्सिटी में किया गया।

ट्रायल्स के लिए ऑनलाइन एवं ऑफलाइन दोनों माध्यमों से पंजीकरण प्राप्त हुए, जिनमें मध्य प्रदेश के विभिन्न जिलों से आई लगभग 50 महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस ट्रायल में प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आई प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने बैटिंग, बॉलिंग, फील्डिंग एवं



विकेटकीपिंग में अपनी क्षमता का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। चयन समिति द्वारा खिलाड़ियों के प्रदर्शन का गहन मूल्यांकन किया गया, जिसमें उनकी तकनीकी दक्षता, फिटनेस, खेल की समझ एवं प्रतिस्पर्धी भावना जैसे महत्वपूर्ण पहलुओं को परखा गया।

### आईसेक्ट समूह ने इस वर्ष टीम स्वामित्व के साथ की नई पहल



उल्लेखनीय है कि मध्य प्रदेश प्रीमियर लीग में पिछले वर्ष प्रेजेंटिंग स्पॉन्सर के रूप में सहभागिता निभाने के बाद आईसेक्ट समूह ने इस वर्ष टीम स्वामित्व के साथ खेल विकास की दिशा में नई पहल की है। 'रॉयल निमाड़ ईगल्स' महिला टीम का उद्देश्य प्रदेशभर से उभरती महिला क्रिकेट प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें पेशेवर प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं प्रतिस्पर्धात्मक अवसर प्रदान करना है। आईसेक्ट समूह के कार्यकारी उपाध्यक्ष डॉ. सिद्धार्थ चतुर्वेदी ने कहा कि ये ट्रायल्स केवल चयन प्रक्रिया नहीं, बल्कि महिला खिलाड़ियों के लिए दीर्घकालिक विकास कार्यक्रम की शुरुआत हैं। उन्होंने कहा कि खेल के माध्यम से युवतियों में आत्मविश्वास, नेतृत्व और अनुशासन का विकास होता है तथा इस पहल के माध्यम से उन्हें राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का प्रयास किया जा रहा है।

किर्गिस्तान के बिश्केक में एससीओ की बैठक

# रक्षा मंत्रियों की बैठक में भारत का नेतृत्व करेंगे राजनाथ सिंह
## आतंकवाद का मुद्दा उठाएंगे, क्षेत्रीय सुरक्षा पर भी होगा मंथन

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह 28 अप्रैल, 2026 को किर्गिस्तान के बिश्केक में आयोजित होने वाली शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए एक उच्च स्तरीय भारतीय प्रतिनिधिमंडल के साथ किर्गिस्तान पहुंचे। यहां उनका स्वागत किर्गिज गणराज्य में भारत के राजदूत बीरेंद्र सिंह यादव ने किया। राजनाथ सिंह ने किर्गिज गणराज्य के बिश्केक में भारतीय प्रवासी समुदाय के सदस्यों के साथ मुलाकात भी की। उन्होनें प्रवासी समुदाय को दोनों देशों के बीच का सेतु बताया।

रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक के एजेंडे में अंतरराष्ट्रीय शांति को मजबूत करना व आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रणनीति बनाना शामिल है। इसके अलावा सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना भी प्रमुख रूप से एजेंडे का हिस्सा है

अंतर्राष्ट्रीय शांति आतंकवाद-विरोधी उपायों पर होगी चर्चा

सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना भी प्रमुख एजेंडा


प्रवासी भारतीयों के साथ रक्षा मंत्री राजनाथ

### मौजूदा संघर्षों पर विमर्श होगा

बैठक के दौरान, संगठन के सदस्य देशों के रक्षा मंत्री क्षेत्र की रक्षा एवं सुरक्षा से संबंधित कई मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय शांति, आतंकवाद-विरोधी उपायों और एससीओ सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की जाएगी। ईरान की जिद और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तेहरान को बर्बाद करने की धमकियों के बीच इस स्थिति से पैदा हुए भू-राजनीतिक तनाव के कारण यह बैठक और भी महत्वपूर्ण हो गई है। सदस्य देश इस संकट के प्रभाव को कम करने और क्षेत्रीय स्थिरता बनाए रखने के उपायों पर भी चर्चा करेंगे।

### आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस

अपने इस दौरे के बारे में राजनाथ सिंह ने 'एक्स' पर बताया कि किर्गिस्तान के बिश्केक के लिए रवाना हो रहा हूं। दक्षिण अफ्रीकी रक्षा मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए उत्सुक हूं। विश्व में व्याप्त सुरक्षा चुनौतियों के बीच वैश्विक शांति के प्रति भारत की प्रतिबद्धता को उजागर करने के साथ-साथ आतंकवाद और उग्रवाद के प्रति भारत के शून्य सहिष्णुता के रुख को भी स्पष्ट करूंगा। बिश्केक में अन्य दक्षिण अफ्रीकी रक्षा मंत्री देशों के समकक्षों और भारतीय समुदाय के साथ द्विपक्षीय वार्ता भी करूंगा।

### एससीओ की स्थापना 2001 में हुई थी

एससीओ एक अंतर-सरकारी संगठन है जिसकी स्थापना 15 जून, 2001 को शंघाई में हुई थी। यह संगठन एशिया क्षेत्र के प्रमुख राजनीतिक और आर्थिक संगठनों में से एक है। इसके सदस्यों में भारत, रूस, चीन, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान, ईरान और बेलारूस शामिल हैं। भारत वर्ष 2017 में इसका पूर्ण सदस्य बना और वर्ष 2023 में भारत ने इसकी रोटेटिंग चेयरमैनशिप भी संभाली थी।

सामरिक साझेदारी बढ़ाएंगे

### द्विपक्षीय वार्ताएं करेंगे

शंघाई सहयोग संगठन की बैठक के दौरान रक्षा मंत्री विभिन्न देशों के अपने समकक्षों के साथ द्विपक्षीय वार्ताएं भी कर सकते हैं। इन बैठकों में रक्षा सहयोग को और मजबूत करने, सामरिक साझेदारी बढ़ाने और क्षेत्रीय सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विस्तार से चर्चा होने की उम्मीद है।

### रक्षा सहयोग बढ़ाना प्रमुख एजेंडा

रक्षा मंत्रालय के अनुसार बैठक के एजेंडे में अंतरराष्ट्रीय शांति को मजबूत करना व आतंकवाद के खिलाफ सामूहिक रणनीति बनाना शामिल है। इसके अलावा सदस्य देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना भी प्रमुख रूप से एजेंडे का हिस्सा है।

## खबर संक्षेप

### दिनेश त्रिवेदी बांग्लादेश में उच्चायुक्त नियुक्त

**नई दिल्ली।** पूर्व केंद्रीय मंत्री दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का अगला उच्चायुक्त नियुक्त किया गया है। विदेश मंत्रालय ने सोमवार को एक बयान जारी कर उनकी नियुक्ति की पुष्टि की। लिखा कि दिनेश त्रिवेदी को बांग्लादेश में भारत का अगला हाई कमिश्नर नियुक्त किया गया है। 75 वर्षीय त्रिवेदी करियर डिप्लोमैट प्रणय वर्मा की जगह लेंगे। बैरकपुर से सांसद रहे दिनेश त्रिवेदी केंद्रीय रेल मंत्री (2011) और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री भी रह चुके हैं।



### कनाडा में युवक ने सिख व्यक्ति पर किया हमला

**टोरंटो।** कनाडा में एक युवक ने एक बुजुर्ग सिख व्यक्ति पर हमला कर दिया और नस्लवादी टिप्पणियां करते हुए कहा कि मेरे देश से बाहर निकलो जिसके बाद पुलिस ने इसे 'घृणा से प्रेरित हमला' मानते हुए जांच शुरू कर दी है। वुडस्टॉक पुलिस ने एक बयान में कहा कि यह घटना 22 अप्रैल को ओंटारियो के वुडस्टॉक की है और युवक पर अपने कृत्यों के लिए कई आरोप लगाए गए हैं। बयान में कहा गया कि बुजुर्ग फुटपाथ पर चल रहे थे तभी एक युवक ने उन्हें धक्का दे दिया।



### दक्षिण सूडान में विमान हादसा, 14 की मौत

**जूबा।** दक्षिण सूडान की राजधानी जूबा के बाहरी इलाके में सोमवार को विमानन कंपनी सेना का एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे उसमें सवार सभी 13 यात्रियों और पायलट की मौत हो गई। नागरिक उड्डयन विभाग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि शुरुआती रिपोर्ट से संकेत मिलता है कि खराब मौसम और कम दृश्यता होने के कारण विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया होगा। उन्होंने बताया कि विमान में सवार दो लोग केन्या के नागरिक थे। जबकि बाकी 12 दक्षिण सूडान से थे।



पाकिस्तान की मध्यस्थता पर ईरान ने जताई शंका, उठाए सवाल, कहा

# वे सही मध्यस्थ नहीं, ट्रंप के फायदों का रखते ध्यान, उनके खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते


एजेंसी ▶▶ तेहरान

ईरान और अमेरिका के मध्य तनाव कम करने के उद्देश्य से पाकिस्तान की मध्यस्थता में युद्धविराम (सीजफायर) को लेकर वार्ता धीरे-धीरे आगे बढ़ रही है। इन प्रयासों के बीच ईरान के भीतर पाकिस्तान की भूमिका को लेकर विश्वसनीयता का संकट स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। ईरान के सांसद और 'राष्ट्रीय सुरक्षा एवं विदेश नीति आयोग' के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने पाकिस्तान की विश्वसनीयता पर प्रश्नचिह्न लगाते हुए उसकी निष्पक्षता पर संदेह व्यक्त किया है। रेजाई ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि पाकिस्तान हमारा अच्छा दोस्त और पड़ोसी है, लेकिन वह बातचीत के लिए सही मध्यस्थ नहीं है और उसमें मध्यस्थता के लिए जरूरी विश्वसनीयता नहीं है। वे हमेशा ट्रंप के फायदों का ध्यान रखते हैं और अमेरिकियों की मर्जी के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहते। उन्होंने कहा कि उदाहरण के लिए, वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया। एक मीडिएटर को बिना किसी भेदभाव के होना चाहिए, हमेशा एक तरफ नहीं झुकना चाहिए। पाकिस्तान का झुकाव इस स्थिति में अमेरिकी की तरफ साफ जाहिर है। ईरान के विदेश मंत्री अराघची ने कहा कि अमेरिका के रवैये के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई।



*रेजाई ने वे (पाकिस्तान) दुनिया को यह बताने को तैयार नहीं हैं कि अमेरिका ने पहले पाकिस्तान का प्रस्ताव मान लिया था लेकिन फिर अपनी बात से मुकर गया। वे यह नहीं कहते कि लेबनान या ब्लॉक किए गए एसेट्स के मुद्दे पर अमेरिकियों ने कमिटमेंट किए थे लेकिन उन्हें पूरा नहीं किया*

*ईरान का आरोप- अमेरिका के रवैए के कारण इस्लामाबाद में प्रस्तावित वार्ता में देरी हुई*


ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से की मुलाकात

### *ईरानी जनता वीरता के साथ लड़ रही: पुतिन*

*ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने रूस का समर्थन जुटाने के लिए सोमवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की। बैठक में रूस ने ईरान के प्रति खुला समर्थन जताया। पुतिन ने कहा कि ईरानी जनता साहस और वीरता के साथ अपनी आजादी और संप्रभुता के लिए लड़ रही है। उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई का संदेश मिला है।*

### सभापति गालिबाफ बोले- ईरान के पास अहम पत्ते बाकी



इस बीच ईरान की संसद के सभापति मोहम्मद बाघेर गालिबाफ ने कहा कि ईरान के पास भी कई अहम पत्ते हैं। गालिबाफ का यह बयान ऐसे वक्त सामने आया है, जब अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि उनके पास सारे पत्ते हैं, जिनसे वे ईरान पर दबाव बना सकते हैं। अब गालिबाफ ने कहा है कि तेल की सप्लाई और मांग जैसे कई अहम पत्ते हैं, जो ईरान के पास हैं।

रूस का बड़ा बयान

### ईरान को डराने-धमकाने की कोशिश काम नहीं करेगी

**मॉस्को।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची रूस दौरे पर मॉस्को पहुंच गए हैं। ईरान के विदेश मंत्री के दौरे के बीच ही रूस का एक बड़ा बयान सामने आया है। रूस ने कहा है कि ईरान को सैन्य ताकत का डर दिखाकर डराया-धमकाया नहीं जा सकता। वियना में एक अंतरराष्ट्रीय संगठन में रूस के प्रतिनिधि मिखाइल उलयानोव ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर साझा एक पोस्ट में लिखा, सैन्य तैनाती की धमकी और प्रतिबंध कड़े करने की बात ब्लैकमेलिंग है, लेकिन ईरान पर ये चाल काम नहीं करेगी। रूसी राजनयिक ने कहा कि अमेरिका को समझौते के लिए अपने रुख को नरम करना चाहिए।

जहाज पर सवार 12 भारतीय सुरक्षित

### *ईरान ने टोगो-फ्लैग टैंकर को बनाया निशाना*



*ईरान ने वेस्ट अफ्रीका के देश टोगो के झंडे वाले एक केमिकल टैंकर पर हमला किया, जिसमें 12 भारतीय क्रू सदस्य सवार थे। भारतीय पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के निदेशक मनदीप सिंह रंधावा ने बताया, सभी भारतीय क्रू सदस्य सुरक्षित हैं। ईरान के टोगो के जहाज पर हमला ओमान के शिनास के बाहरी बंदरगाह क्षेत्र के पास किया। यह जहाज भी अन्य जहाजों के साथ आगे बढ़ रहा था।*

हेंगली पेट्रोकेमिकल ने आरोप नकारे

## चीन की निजी रिफाइनरी पर अमेरिका ने लगाया 'प्रतिबंध'


स्कॉट बेसेंट

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

ईरान से जंग के बीच अमेरिका ने चीन की प्रमुख तेल रिफाइनरी हेंगली पेट्रोकेमिकल और 40 शिपिंग कंपनियों-टैंकरों पर ईरान से तेल खरीदने के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं, जिसके बाद अब बीजिंग की कड़ी प्रतिक्रिया सामने आई है। बीजिंग ने कहा कि वो चीनी तेल रिफाइनरी पर अमेरिकी प्रतिबंधों का कड़ा विरोध करता है और अपने हितों की रक्षा के लिए दृढ़ संकल्पित है। अमेरिकी वित्त विभाग का कहना है कि हेंगली रिफाइनरी साल 2023 से ही ईरानी तेल की खपत कर रही है। इस रिफाइनरी को ईरानी तेल के प्रमुख खरीदारों में से एक बताया जाता है। अमेरिका के वित्त सचिव स्कॉट बेसेंट ने चीन के खिलाफ एक्शन लेते हुए कहा था कि ट्रंप प्रशासन ईरानी शासन पर वित्तीय शिकंजा कस रहा है।

### पेट्रोकेमिकल्स में बड़ा खिलाड़ी है हेंगली

*हेंगली चीन की सबसे आधुनिक और बड़े पैमाने वाली निजी रिफाइनरी कंपनियों में शामिल है। यह लियाओनिंग प्रांत में एक विशाल रिफाइनिंग और पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स संचालित करती है। निजी रिफाइनरियां अब चीन की कुल रिफाइनिंग क्षमता का लगभग एक-तिहाई हिस्सा हैं। हेंगली इनमें सबसे बड़े प्लेयर्स में से एक है। वहीं, स्टॉक एक्सचेंज फाइलिंग में हेंगली कंपनी ने अमेरिकी आरोपों को निराधार बताया। कंपनी ने कहा कि उसने कभी ईरानी तेल से संबंधित कोई कारोबार नहीं किया है। सभी कच्चे तेल आपूर्तिकर्ताओं को अनुबंध के तहत यह सुनिश्चित करना होता है कि तेल अमेरिकी प्रतिबंध वाले देशों से न आए। कंपनी ने बताया कि उसके पास तीन महीने से ज्यादा का कच्चा तेल स्टॉक है और भविष्य में वह चीनी युआन में भुगतान करके तेल खरीदने की योजना बना रही है।*

### तैरते टैंकरों में तेल जमा करेगा ईरान

ईरान नाकेबंदी के चलते तेल निर्यात नहीं कर पा रहा है। प्रतिबंधों से निर्यात में रुकावट के बावजूद खर्ग द्वीप तक कच्चे तेल का बहाव 10 लाख बैरल प्रतिदिन की दर से जारी है। इस बढ़ते दबाव को कम करने के लिए ईरान ने 'फ्लोटिंग स्टोरेज' यानी समुद्र में तैरते टैंकरों के जरिए अतिरिक्त तेल जमा करने का रास्ता अपनाया है। इसी कड़ी में 30 साल पुराने एम/टी नाशा एक बहुत बड़ा टैंकर है, जिसे 1996 में बनाया गया था। यह 330 मीटर से अधिक लंबा है, का उपयोग किया जाएगा।

सुरक्षा कारणों से कोर्ट की कार्यवाही स्थगित

## भ्रष्टाचार मामले में इजराइल पीएम की गवाही फिर टली

एजेंसी ▶▶ यरूशलम

इजराइल के पीएमबेंजामिन नेतन्याहू के खिलाफ चल रहे आपराधिक मुकदमे में उनकी गवाही दोबारा टाल दी गई है। सोमवार को दो महीने के अंतराल के बाद उनकी गवाही फिर शुरू होनी थी, लेकिन अंतिम समय में इसे स्थगित कर दिया गया।



### हिजबुल्ला का इजराइल से सीधी बातचीत से इनकार

हिजबुल्ला प्रमुख नईम कासिम ने इजराइल से सीधी बातचीत से इनकार किया। कासिम ने कहा कि हिजबुल्ला अपने हथियार नहीं डालेगा और उसकी मुकाबले के लिए पूरी तैयारी है। उन्होंने लेबनान सरकार की आलोचना भी की। कासिम ने कहा कि लेबनान सरकार ने बेवजह जल्दबाजी में (इजराइल को) रियायत दी है।



रक्षा क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने पर होगी चर्चा

## दक्षिण कोरिया और ऑस्ट्रेलिया के विदेश मंत्री करेंगे मुलाकात


चो ह्युन और पेनी वोंग

एजेंसी ▶▶ सियोल

दक्षिण कोरिया के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि है कि विदेश मंत्री चो ह्युन गुरुवार को सियोल में अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष पेनी वोंग से द्विपक्षीय बातचीत करने के लिए मिलेंगे।

दोनों पक्षों से मिडिल ईस्ट की मौजूदा हालात और वैश्विक ऊर्जा संकट से जुड़ी आम चुनौतियों से निपटने के लिए मिलकर काम करने की अपने प्रतिबद्धता को फिर से सुनिश्चित करने की उम्मीद है। उन्होंने यह भी कहा कि वे रक्षा और रक्षा उद्योग क्षेत्र में सहयोग को गहरा करने की कोशिशों पर भी चर्चा करेंगे। इसमें मिडिल ईस्ट संकट के बीच सप्लाई चेन की अस्थिरता को दूर करने के लिए मिलकर कोशिशें शामिल हैं।

## सजे-धजे हाथियों पर ढोल की थाप



### त्रिशूर पूरम कुटामट्टम अनुष्ठान संपन्न

*त्रिशूर। केरल के त्रिशूर जिले में चल रहे प्रसिद्ध त्रिशूर पूरम 2026 समारोह के दौरान, कुदामट्टम अनुष्ठान के समय परमेक्कावु और तिरुवंबदी खंडों के हजारों लोग थक्कीनाडु मैदान में एकत्र हुए। कुदामट्टम के दौरान, सजे-धजे हाथियों पर सवार टीमें ढोल की थाप (इलांजिथारा मेलम) के बीच रंगीन और सजावटी छतरियों को तेजी से बदलती हैं। परमेक्कावु और तिरुवंबदी मंदिर समूह आमने-सामने होकर अपनी रचनात्मकता और विविधता का प्रदर्शन करते हैं। इस साल आतिशबाजी को रद्द कर दिया गया और कुदामट्टम को सामान्य 1 घंटे के बजाय 15-20 मिनट तक सीमित कर दिया गया। यह पारंपरिक आयोजन त्रिशूर में वाडक्कुनाथन मंदिर के पास होता है।*

दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े मुद्दों पर की जाएगी चर्चा

## पीएम मोदी के दौरे से पहले अगले महीने नेपाल की यात्रा करेंगे मिसरी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

विदेश सचिव विक्रम मिसरी अगले मई महीने में नेपाल की यात्रा कर सकते हैं। जो बीते दिनों निकट पड़ोसी देश में बालेंद्र शाह के नेतृत्व में गठित की गई नई सरकार में भारत की तरफ से की जाने वाली पहली उच्च-स्तरीय यात्रा होगी। मिसरी की यह नेपाल यात्रा मई के पहले भाग में हो सकती है। जिसके लिए अभी तारीखों के साथ ही जरूरी कार्यक्रम को अंतिम रूप नहीं दिया गया है। लेकिन इस दौरान विदेश सचिव की होने वाली मुलाकातों में दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों से जुड़े हुए विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के अलावा नेपाल में भारत की वित्तीय मदद से जारी परियोजनाओं की समीक्षा की जाएगी। यहां बता दें कि विदेश सचिव की यह नेपाल यात्रा की जानकारी एक ऐसे समय में सामने आई है। जब बीते दिनों नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के अपने पहले विदेश दौरे के तहत भारत पहुंचने को लेकर तेजी से कयास लगाए जा रहे थे। संभावना है कि मिसरी की इस यात्रा के साथ ही आगामी समय में इसे लेकर तस्वीर पूरी तरह से साफ हो सकती है।



### पहले मिल चुके दोनों देशों के विदेश मंत्री

इसी महीने भारत और नेपाल के विदेश मंत्रियों की मॉरीशस में हुई इंडियन ओशियन कांफ्रेंस से इतर एक मुलाकात हो चुकी है। जिसमें उन्होंने दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों और साझा सहयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की थी। इसी बैठक के दौरान डॉ. एस. जयशंकर ने भारत के विदेश सचिव को काठमांडू भेजकर नई सरकार की प्राथमिकताओं के बारे में जानकारी एकत्रित करने का एक प्रस्ताव दिया था। जबकि पीएम नरेंद्र मोदी ने बीते मार्च महीने में नेपाल के नवनियुक्त पीएम बालेंद्र शाह को चुनावों में मिली उनकी जीत के बाद कार्यभार ग्रहण करने पर दिए बधाई संदेश में भारत यात्रा का निमंत्रण दिया था।

क्षेत्र से जुड़े घटनाक्रम पर बनी हुई भारत की पैनी नजर

## युद्ध के बीच खाड़ी देशों संग जारी संवाद, अब तक सुरक्षित लौटे 12 लाख 96 हजार भारतीय

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया क्षेत्र में अमेरिका और ईरान के बीच चल रहे युद्ध के तनावपूर्ण हालात के बीच अब तक कुल करीब 12 लाख 96 हजार भारत सुरक्षित स्वदेश वापस लौटे हैं। अगर इस मामले में अकेले ईरान की बात करें तो वहां भारतीय दूतावास की मदद से कुल 2 हजार 445 भारतीय नागरिक सड़क मार्ग से सीमा पार कर आर्मेनिया और अजरबैजान पहुंचे हैं। जहां से जल्द उनकी भारत वापसी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निर्देश पर



हालांकि भारत का पश्चिम एशिया सहित समूचे खाड़ी क्षेत्र के देशों के साथ लगातार संपर्क बना हुआ है। यह जानकारी सोमवार को राजधानी में हुई अंतर मंत्रालय प्रेस वार्ता में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल और मंत्रालय के एक अन्य अधिकारी असीम. आर महाजन ने दी है।

### भारत-यूएई साझेदारी मजबूत करेंगे

जायसवाल ने कहा कि पीएम के निर्देश पर हाल ही में एनएसए अजीत डोभाल ने यूएई की यात्रा की थी। जिसमें उन्होंने यूएई के राष्ट्रपति से मुलाकात की और उन्हें प्रधानमंत्री मोदी की तरफ से दिया गया शुभकामना संदेश दिया था। दोनों पक्षों की वार्ता में भारत और यूएई के बीच मौजूद व्यापक सामरिक साझेदारी को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े हुए उपायों पर विचार-विमर्श किया गया। साथ ही क्षेत्रीय स्थिति और साझा हितों से जुड़े मामलों पर चर्चा की। यह विदेश मंत्री डॉ. जयशंकर द्वारा की गई यूएई की यात्रा के हुई यूएई की दूसरी उच्च स्तरीय यात्रा थी।


पंजाब में ईडी की बड़ी कार्रवाई

## पुलिस के निलंबित डीआईजी भुल्लर के 11 स्थानों पर रेड

एजेंसी ▶▶ चंडीगढ़

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राज्य पुलिस के निलंबित उपमहानिरीक्षक (डीआईजी) हरचरण सिंह भुल्लर और उनसे कथित तौर पर जुड़े संगठनों के खिलाफ धन शोधन जांच के तहत पंजाब में कई स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि चंडीगढ़, लुधियाना, पटियाला, नाभा और जालंधर में आरोपी, उसके सहयोगियों और संदिग्ध बेनामीदारों (वे मालिक जिनके नाम पर बेनामी संपत्ति है) से जुड़े लगभग 11 परिसर को धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत जांच में शामिल किया जा रहा है। ईडी की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा भुल्लर के खिलाफ दर्ज किए गए एक मामले पर आधारित है, जिसमें उन पर एक आपराधिक मामले के निपटारे के लिए एक बिचौलिए के माध्यम से रिश्वत मांगने का आरोप है।





## आईपीएल पाइंट टेबल

| टीम | मैच | जीते | हारे | अंक |
|---|---|---|---|---|
| पंजाब | 7 | 6 | 1 | 13 |
| बेंगलुरु | 7 | 5 | 2 | 10 |
| हैदराबाद | 8 | 5 | 3 | 10 |
| राजस्थान | 8 | 5 | 3 | 10 |
| गुजरात | 8 | 4 | 4 | 8 |
| चेन्नई | 8 | 3 | 5 | 6 |
| दिल्ली | 7 | 3 | 4 | 6 |
| कोलकाता | 8 | 2 | 5 | 5 |
| मुंबई | 7 | 2 | 5 | 4 |
| लखनऊ | 8 | 2 | 6 | 4 |

ऑरेंज कैप



अभिषेक शर्मा
380 रन
हैदराबाद

पर्पल कैप



अंशुल कंबोज
14 विकेट
चेन्नई

# वैभव के बैट में एआई चिप, लैब भेजा जाए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

राजस्थान रॉयल्स की ओर से आईपीएल 2026 में खेल रहे 15 साल के बैटर वैभव सूर्यवंशी जो अपने बल्ले से जादू दिखा रहे हैं, वह कम ही लोगों को पच रहा है। इतनी कम उम्र और ऐसी खतरनाक बल्लेबाजी कि रिकॉर्ड बनते जा रहे हैं। ऐसे में पाकिस्तान ने बिल्कुल ही अजीब बात कह दी जो किसी के भी गले नहीं उतर रही है, खासकर पाकिस्तानियों के। तो बौखलाए पाकिस्तानी क्रिकेट एक्सपर्ट नौमान नियाज ने ने वैभव के बल्ले में एआई चिप होने का बेतुका आरोप लगाते हुए कहा है कि इस बारे में सोचिए, वो लड़का क्या है? उसका बल्ला चेक करवाइए, जैसे वाडा डोप टेस्ट करवाती है, वैसे ही उनका बल्ला टेस्ट के लिए लैब में भेजिए, वह संभवतः बल्ले में 'एआई चिप' का इस्तेमाल करता है। उन्होंने आगे कहा, क्या खिलाड़ी है? मुझे एहसास हो रहा था कि वह स्लो खेल रहा था। यह क्या लड़का है। वह सिर्फ 15 साल का है। वह तब पैदा हुआ था, जब विराट कोहली वर्ल्ड चैंपियन बन चुके थे।



### मौजूदा सीजन में जमकर बोल रहा वैभव का बल्ला

दरअसल, मौजूदा सीजन में वैभव का बल्ला जमकर बोल रहा है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ खेलते हुए वैभव ने सिर्फ 36 गेंदों में शतक जड़ दिया था, जो आईपीएल के इतिहास का तीसरा सबसे तेज शतक रहा। इसके अलावा 8 मैचों में 59.50 की औसत और 187.89 के स्ट्राइक रेट से 357 रन बना चुके हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 1 शतक और 2 अर्धशतक निकले हैं। वहीं, वैभव के आईपीएल करियर पर नजर डाली जाए, तो अब तक उन्होंने 15 मैच खेल लिए हैं। इनमें वैभव ने 40.60 की औसत और 222.26 के स्ट्राइक रेट से 609 रन बना लिए हैं। इस दौरान उनके बल्ले से 2 शतक और 3 अर्धशतक निकले हैं।

# सूर्यवंशी ने बच्चों से फोटो के लिए मांगे पैसे!




एजेंसी ▶▶ जयपुर

वैभव सूर्यवंशी मैदान के अंदर अपने खेल के लिए जितनी सुर्खियां बटोरते हैं, उतना ही मैदान के बाहर उनका मजाकिया अंदाज भी खूब वायरल होता है। शनिवार को हैदराबाद के खिलाफ 36 गेंद पर शतक लगाने के बाद अब यह 15 वर्षीय बल्लेबाज बच्चों के साथ मस्ती करते हुए सुर्खियां बटोर रहा है। राजस्थान रॉयल्स ने अपने एक्स हैंडल पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें वैभव बच्चों से फोटो के लिए पैसे मांगते दिख रहे हैं।

### मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं

*इस वीडियो में दिख रहा है कि वैभव सूर्यवंशी के पास दो बच्चे आते हैं और फोटो के लिए कहते हैं। फिर राजस्थान के ओपनर को मजाक सूझता है और वह कहते हैं,"मैं फोटो के लिए पैसे लेता हूं।" इसके बाद बच्चों को यकीन नहीं होता है और फिर वैभव बोलते हैं,सही बोल रहा हूं मैं। 100 रुपए लूंगा मैं पूरे। दोगे तो बोलो। इसके बाद मजा तब आता है जब दोनों में से एक बच्चा वैभव को 200 रुपए देने लगता है और बोलता है, एक मेरे साथ और एक इसके साथ। इसके बाद वैभव जोर से हंसने लगते हैं और कैमरे की ओर इशारा करते हुए कहते हैं, अरे भाई मजाक कर रहा हूं देखो उधर देखो। इस मस्ती-मजाक का वीडियो राजस्थान रॉयल्स ने शेयर किया। फैंस भी इसे पसंद कर रहे हैं और मजाकिया मीम्स के साथ शेयर भी कर रहे हैं।*

## खबर संक्षेप



### कतर सुपरस्टॉक चैंपियनशिप जीतने वाले पहले भारतीय जोहान

**दोहा।** जोहान इमैनुअल फाइनल राउंड की दोनों रेस में पहला स्थान हासिल करके कतर सुपरस्टॉक 600 चैंपियनशिप (क्यूएसटीके) जीतने वाले पहले भारतीय बन गए हैं। चेन्नई के रहने वाले 19 वर्षीय जोहान को खिताब पक्का करने के लिए दोनों रेस जीतनी जरूरी थीं और वह इसमें सफल रहे। फाइनल राउंड की रेस से पहले वह हंगरी के मार्टिन बेलेली से नौ अंकों से पीछे थे। भारतीय राइडर ने आखिर में 21 अंकों की बढ़त के साथ चैंपियनशिप अपने नाम की। उन्होंने 10 रेस में से छह में जीत हासिल की।

### आज से विश्व टेबल टेनिस चैंपियनशिप

**लंदन।** भारत की पुरुष और महिला टीम मंगलवार से शुरू हो रही 2026 विश्व टीम टेबल टेनिस चैंपियनशिप में उम्मीद और दबाव के जाने-पहचाने मेल के साथ उतरेंगी। मानव ठक्कर (विश्व रैंकिंग 38), जी साथियान (42), मानुष शाह (51), हरमीत देसाई (80) और पायस जैन (127) की मौजूदगी वाली भारतीय पुरुष टीम ग्रुप सात में स्लोवाकिया, ट्यूनीशिया और ग्वाटेमाला के खिलाफ प्रबल दावेदार के तौर पर शुरुआत करेगी। कागज पर रैंकिंग भारत के पक्ष में दिखती है, विशेषकर लुबोमीर पिस्टेज (149) और यांग वांग (184) की अगुवाई वाली स्लोवाकिया की टीम के खिलाफ।

### रग्बी लीग : जून में होगा पहली बार महिला टूर्नामेंट

**नई दिल्ली।** रग्बी प्रीमियर लीग (आरपीएल) में पहली बार महिला टूर्नामेंट का आयोजन जून में होगा जिसमें चार फ्रेंचाइजी टीम मुकाबला करेंगी। आयोजकों ने सोमवार को यह घोषणा की। आरपीएल 2025 में हिस्सा लेने वाली छह पुरुष फ्रेंचाइजी में से चार टीम महिला टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम मैदान में उतारेंगी। लीग का आयोजन 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबावली स्टेडियम में होगा।

हेजलवुड-भुवनेश्वर की घातक गेंदबाजी, बेंगलुरु ने कैपिटल्स को 9 विकेट से हराया

# 39 गेंदों में जीती आरसीबी, 75 रन पर ढेर दिल्ली

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भुवनेश्वर कुमार (3 ओवर में 5 रन पर 3 विकेट) और जोश हेजलवुड (3.3 ओवर में 12 रन पर 4 विकेट) की कमाल की गेंदबाजी के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने आईपीएल टी20 मैच में सोमवार को दिल्ली कैपिटल्स को 81 गेंद शेष रहते 9 विकेट से करारी शिकस्त दी।

कैपिटल्स की पारी को 16.3 ओवर में 75 रन पर समेटने के बाद आरसीबी ने देवदत्त पडिक्कल (13 गेंद में नाबाद 34 रन) और विराट कोहली (15 गेंद में नाबाद 23 रन) की आक्रामक बल्लेबाजी से 6.3 ओवर में 1 विकेट पर 77 रन बनाकर एकतरफा जीत दर्ज की। आरसीबी ने 8 मैचों में यह छठी जीत दर्ज कर तालिका में दूसरे स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत की, जबकि दिल्ली की यह 8 मैचों में पांचवीं हार है।

### आरसीबी ने किया दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल

आरसीबी ने इसके साथ ही आईपीएल इतिहास में गेंद के हिसाब से दूसरा सबसे तेज लक्ष्य हासिल कर मौजूदा सत्र में 18 अप्रैल को कैपिटल्स से मिली हार का बदला भी चुका कर लिया। कैपिटल्स टीम का यह आईपीएल में तीसरा सबसे कम स्कोर है। दिल्ली के लिए अभिषेक पोरेल ने सबसे ज्यादा 30 रन का योगदान दिया। उनके अलावा डेविड मिलर (19) और काइल जैमीसन (12) ही दहाई के आंकड़े में रन बना सके।



### 7 रन पर 5 विकेट गंवाने वाली दिल्ली दूसरी टीम

दिल्ली का स्कोर 7 रन पर 5 विकेट हुआ, तो इसी के साथ ही दिल्ली आईपीएल के 19 साल के इतिहास में 5 विकेट पर सबसे कम स्कोर बनाने वाली दूसरी टीम बन गई। इससे पहले इससे बड़ा धब्बा कोच्चि टस्कर्स केरल के माथे पर लगा था और यह आज तक बरकरार है। तब साल 2011 में डेक्कन चार्जर्स ने केरल के 5 विकेट सिर्फ 6 रन पर गिरा दिए थे।

### पावरप्ले का सबसे कम स्कोर

| | | | |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | : 13/6 रन | बनाम बेंगलुरु | दिल्ली (2026) |
| राजस्थान | : 14/2 रन | बनाम बेंगलुरु | केपटाउन (2009) |
| हैदराबाद | : 14/3 रन | बनाम राजस्थान | पुणे (2022) |
| चेन्नई | : 15/2 रन | बनाम कोलकाता | कोलकाता (2011) |
| चेन्नई | : 16/1 रन | बनाम दिल्ली | रायपुर (2015) |

### आईपीएल में कोहली के 9 हजार रन पूरे

विराट कोहली ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ नाबाद 23 रन की पारी खेली और इस दौरान 11 रन बनाते ही उन्होंने इतिहास रच दिया। विराट ने अपनी 267वीं आईपीएल में पारी में लीग के इतिहास के 9 हजार रन पूरे कर लिए। वह आईपीएल में इस मुकाम तक पहुंचने वाले एकमात्र खिलाड़ी हैं। उनके आसपास भी कोई इस लिस्ट में नहीं है। रोहित शर्मा दूसरे स्थान पर हैं लेकिन बहुत दूर हैं। विराट का यह 275वां आईपीएल मैच था।

### डीसी के खिलाफ 1172 रन

इस पारी में विराट ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ भी 1172 रन पूरे कर लिए। आईपीएल में किसी एक टीम के खिलाफ सबसे ज्यादा रन बनाने के मामले में वह दूसरे नंबर पर पहुंच गए। इस मामले में

## स्कोर बोर्ड

| दिल्ली कैपिटल्स | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| साहिल पारख बो भुवनेश्वर | 00 | 2 | 0 | 0 |
| राहुल का जितेश बो हेजलवुड | 01 | 3 | 0 | 0 |
| राणा का पडिक्कल बो हेजलवुड | 01 | 9 | 0 | 0 |
| रिजवी का जितेश बो हेजलवुड | 00 | 1 | 0 | 0 |
| स्टब्स का पडिक्कल बो भुवनेश्वर | 05 | 3 | 1 | 0 |
| अक्षर का जितेश बो भुवनेश्वर | 00 | 3 | 0 | 0 |
| अभिषेक पोरेल बो हेजलवुड | 30 | 33 | 3 | 0 |
| मिलर का जितेश बो सलाम | 19 | 18 | 3 | 0 |
| जैमिसन पगबाधा पंड्या | 12 | 13 | 1 | 1 |
| कुलदीप पगबाधा सुयश | 03 | 11 | 0 | 0 |
| दुष्मंता चमीरा नाबाद | 00 | 3 | 0 | 0 |

अतिरिक्त: 04, कुल योग: 16.3 ओवर में 75/10 रन
गेंदबाजी: भुवनेश्वर 3-0-5-3, हेजलवुड 3.3-0-12-4, सलाम 2-0-21-1, शेफर्ड 2-0-21-0, सुयश 4-0-7-1, कृणाल 2-0-9-1

| आरसीबी | रन | गेंद | 4 | 6 |
|---|---|---|---|---|
| बेथल का नटराजन बो जैमीसन | 20 | 11 | 1 | 2 |
| कोहली नाबाद | 23 | 15 | 1 | 2 |
| पडिक्कल नाबाद | 34 | 13 | 3 | 3 |

**कुल योग:** 6.3 ओवर में 1 विकेट पर 77 रन
गेंदबाजी: जैमीसन 3-0-42-1, चमीरा 2-0-18-0, अक्षर 1-0-5-0, नटराजन 0.3-12-0

आज रात 7.30 बजे से रियान और श्रेयस की टीमों में रोमांचक मुकाबला

# अजेय रथ पर सवार पंजाब, आरआर की अग्नि परीक्षा!



एजेंसी ▶▶ मुल्लांपुर

पिछले कुछ मैचों में अपेक्षित परिणाम हासिल नहीं कर पाने वाले राजस्थान रॉयल्स को मंगलवार को होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग के मैच में अगर पंजाब किंग्स का अजेय रथ रोकना है तो रन बनाने के लिए जूझ रहे कप्तान रियान पराग को आगे बढ़कर नेतृत्व करना होगा।

रिकी पोंटिंग का मुख्य कोच का पद संभालने और श्रेयस अय्यर के कप्तान बनने के बाद पंजाब किंग्स में आमूलचूल बदलाव देखने को मिले हैं और उसने तब से लगातार अच्छा प्रदर्शन किया है। पिछले साल उसकी टीम उप विजेता रही थी और इस साल उसने शुरू से ही अच्छा प्रदर्शन किया है।

### श्रेयस ने निभाई कप्तान के रूप में अहम भूमिका

श्रेयस ने कप्तान और बल्लेबाज के रूप में बेहद दबाव वाली परिस्थितियों में सराहनीय धैर्य का प्रदर्शन करते हुए पंजाब किंग्स के टूर्नामेंट में अब तक अजेय रहने में अहम भूमिका निभाई है। अय्यर ने शानदार कप्तानी की है, लेकिन उनकी पूरी टीम ने एकजुट होकर अपना योगदान दिया है। पंजाब किंग्स ने पिछले सत्र में आईपीएल के इतिहास के सबसे कम स्कोर का बचाव किया था और अब उसने नई दिल्ली में शनिवार को भीषण गर्मी के बावजूद रिकॉर्ड 265 रन के लक्ष्य को बेहद आसानी से हासिल कर लिया था।

# सिंधू उठाएंगी खिलाड़ियों के मसले बीडब्ल्यूएफ के लिए काम किया शुरू

एजेंसी ▶▶ होर्सेंस

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने विश्व बैडमिंटन महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की परिषद के सदस्य के रूप में अपना कार्यकाल शुरू कर दिया है और उन्होंने दुनिया भर के खिलाड़ियों के मसलों को उठाने का वादा किया।

बैडमिंटन की सबसे सफल खिलाड़ियों में से एक सिंधू ने दिसंबर में बीडब्ल्यूएफ खिलाड़ी आयोग की अध्यक्ष के रूप में चुने जाने के बाद बीडब्ल्यूएफ परिषद में पूर्ण मतदान का अधिकार हासिल कर लिया है। सिंधू आधिकारिक तौर पर 2025 के आखिर में परिषद में शामिल हुई थी। उन्होंने 25 अप्रैल को यहां वार्षिक आम बैठक में पहली बार हिस्सा लिया और इस तरह से उनके कार्यकाल की शुरुआत हुई।



### मेरे लिए सौभाग्य की बात : पीवी

'सिंधू ने कहा, ' विश्व बैडमिंटन महासंघ के यह जिम्मेदारी निभाना और दुनिया भर के खिलाड़ियों का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए वास्तव में सम्मान और सौभाग्य की बात है।" उन्होंने कहा, बैडमिंटन ने मुझे बहुत कुछ दिया है और मुझे खुशी है कि मुझे इस क्षमता से भी खेल की सेवा करने का मौका मिल रहा है।'

# चोट के कारण एशियाई चैंपियनशिप नहीं खेल पाएंगी मीराबाई चानू

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की स्टार भारोत्तोलक मीराबाई चानू अगले महीने गांधीनगर में होने वाली एशियाई चैंपियनशिप में कंधे की चोट के कारण हिस्सा नहीं ले पाएंगी तोक्यो ओलंपिक की रजत पदक विजेता और पूर्व विश्व चैंपियन मीराबाई को फरवरी में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान यह चोट लगी थी। इस मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने बताया, ' राष्ट्रीय चैंपियनशिप के दौरान मीराबाई के कंधे में हल्की चोट लग गई थी। यह साल बहुत अहम है क्योंकि राष्ट्रमंडल खेल और एशियाई खेल होने वाले हैं और वह कोई भी जोखिम नहीं ले सकतीं।' भारतीय टीम में मीराबाई की जगह कोमल कोहर को शामिल किए जाने की संभावना है।

### राष्ट्रीय चैंपियनशिप में जीता स्वर्ण पदक

मोदीनगर में हुई राष्ट्रीय चैंपियनशिप में 31 साल की मीराबाई ने कुल 205 किग्रा (89 किग्रा और 116 किग्रा) भार उठाकर 48 किग्रा वर्ग में स्वर्ण पदक जीता था। मीराबाई 23 जुलाई से दो अगस्त तक होने वाले राष्ट्रमंडल खेल 2026 में 48 किग्रा वर्ग में हिस्सा लेंगी, जिसके बाद अक्टूबर में होने वाले एशियाई खेले 2026 के लिए वह अपना वजन बढ़ाकर 53 किग्रा वर्ग में आ जाएंगी। एशियाई खेल ही एकमात्र ऐसा बड़ा टूर्नामेंट है, जिसमें मणिपुर की इस भारोत्तोलक ने अभी तक कोई पदक नहीं जीता है। साथ ही यह 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए पहला क्वालीफाइंग टूर्नामेंट भी होगा। एशियाई चैंपियनशिप मूल रूप से एक से 10 अप्रैल तक होनी थी लेकिन पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण इसे एक महीने से अधिक समय के लिए टाल दिया गया था।


## कार्यालय संचालक
## उच्च शिक्षा उत्कृष्टता संस्थान

कलियासोत डेम के पास, कोलार रोड, पोस्ट. बा. 588 रविशंकर नगर पोस्ट ऑफिस, भोपाल-462016, दूरभाष (0755) 2492433, 2492460
ई-मेल : iehebhopal@mp.gov.in, वेबसाइट : www.iehe.ac.in

**मानसेवी शिक्षकों की आवश्यकता संबंधी सूचना**

संस्थान में सत्र 2026-27 के लिए विभिन्न विषयों में मानसेवी शिक्षकों के पेनल तैयार करने के लिये अद्यतन मापदण्ड अनुसार योग्य उम्मीदवारों से आवेदन आमंत्रित हैं। इच्छुक आवेदक संस्थान की वेबसाइट **www.iehe.ac.in** पर उपलब्ध विज्ञापन का अवलोकन कर आवश्यक सह-पत्र सहित दिनांक **30 मई, 2026 सायं 5.00 बजे तक** ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

म.प्र. माध्यम/125512/2026 संचालक



**वसूली अधिकारी-I/II का कार्यालय,**
**ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर**

दूसरा और तीसरा ताल, संचार विकास भवन ( बी एस एन एल बिल्डिंग ), रेज़िडन्सी रोड, हेड पोस्ट ऑफिस के पास , साउथ सिविल लाइंस जबलपुर -482001 म.प्र.

**माँग सूचना**

ऋण वसूली और दिवालियापन अधिनियम, 1993 की धारा 25 से 28 और आयकर अधिनियम, 1961 की दूसरी अनुसूची के नियम 2 के तहत सूचना

आरसी/18/2021 23-04-2026

बैंक ऑफ़ बड़ौदा
बनाम
श्री जगन्नाथ

प्रति
**(सीडी 1) श्री जगन्नाथ श्री गेंदाजी पुत्र श्री गेंदाजी**
ग्राम -बैरिगुजर पो धम्मारा, तहसील-बैरसिया, जिला-भोपाल,
(म.प्र.)-482101 भोपाल, मध्य प्रदेश
**(सीडी 2) श्री आराम सिंह**
ग्राम -बैरिगुजर पो धम्मारा, तहसील-बैरसिया, जिला-भोपाल,
(म.प्र.)-482101 भोपाल, मध्य प्रदेश
**(सीडी 3) श्री अमित जैन**
हाउस क्रमांक 08, इतवारा रोड, जिला-भोपाल (एमपी) भोपाल मध्य प्रदेश-0
यह सूचित किया जाता है, कि

1 पीठासीन अधिकारी, ऋण वसूली अधिकरण जबलपुर द्वारा ओ.ए./1317/2019 में पारित आदेशों के अनुसरण में जारी वसूली प्रमाण पत्र के अनुसार ₹ 22,53,740.39 (बाईस लाख तिरपन हजार सात सौ चालीस रुपये और उन चालीस पैसे ) की राशि 30/07/2019 से ऋण के चुकौती हो जाने तक 10% सालाना सामान्य ब्याज सहित बकाया है और ₹25,000 (केवल पच्चीस हज़ार रुपये) का खर्च आपके ऊपर (संयुक्त रूप से और अलग-अलग/पूरी तरह से/सीमित रूप से) बकाया हो गया है।

2. आपको इसके द्वारा यह निर्देश दिया जाता है कि आप इस नोटिस की प्राप्ति के 15 दिनों के भीतर उपर्युक्त राशि का भुगतान करें; अन्यथा, इसकी वसूली 'बैंकों और वित्तीय संस्थानों को देय ऋणों की वसूली अधिनियम, 1993' और उसके अंतर्गत बनाए गए नियमों के अनुसार की जाएगी।

3. आपको इसके द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि आप अगली सुनवाई की तारीख को या उससे पहले, एक शपथ-पत्र (affidavit) पर अपनी संपत्तियों का विवरण घोषित करें।

4. आपको इसके द्वारा यह आदेश दिया जाता है कि आप आगे की कार्यवाही के लिए, 19/06/2026 को सुबह 10:30 बजे, अधोहस्ताक्षरी (नीचे हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी) के समक्ष उपस्थित हों।

5. ऊपर बताई गई राशि के अतिरिक्त, आप निम्नलिखित का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होंगे:
(a) ऐसा ब्याज, जो उस अवधि के लिए देय हो जो ठीक इस आदेश के बाद शुरू होती है।
(b) इस नोटिस और वारंटों की तामील (सेवा) तथा अन्य प्रक्रियाओं और बकाया राशि की वसूली के लिए की गई अन्य सभी कार्यवाहियों के संबंध में हुए सभी खर्च, शुल्क और व्यय।

मेरे हस्ताक्षर और ट्रिब्यूनल की सील के साथ, इस तारीख को दिया गया: 23/04/2026

(सील)
रिकवरी ऑफिसर
ऋण वसूली अधिकरण, जबलपुर


मैड्रिड ओपन

# कोको की कोर्ट पर वोमिटिंग फिर भी चौथे दौर में पहुंची

एजेंसी ▶▶ मैड्रिड

*अमेरिका की स्टार खिलाड़ी कोको गॉफ बीमार पड़ने और कोर्ट पर उल्टी करने के बावजूद मैड्रिड ओपन टेनिस टूर्नामेंट के चौथे दौर में पहुंच गई हैं। पिछले साल मैड्रिड ओपन के फाइनल में पहुंचने वाली गॉफ ने सोराना सिर्स्टिया के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 4-6, 7-5, 6-1 से जीत दर्ज की। गॉफ ने दूसरे सेट के बीच में कोर्ट पर उल्टी कर*



*दी थी, जिससे वह थोड़ा असहज महसूस करने लगी थी। कोको ने कहा, 'जब मैंने कोर्ट पर उल्टी कर दी, तो मुझे अच्छा नहीं लग रहा था। इसके बाद पहले और दूसरे गेम के बाद मुझे लग रहा था कि जैसे मेरी सारी ऊर्जा छीन ली गई है।' इससे पहले शनिवार को विश्व में चौथे नंबर की खिलाड़ी इगा स्वियातेक अज्ञात बीमारी के कारण अमेरिकी खिलाड़ी एनली के खिलाफ मैच के बीच से हट गई थी।*


**खंड-1**
**ई-निविदा आमंत्रण सूचना**
**मध्य प्रदेश शासन**
**कार्यालय- हरदा (सामान्य) वनमण्डल, मध्य प्रदेश**

**ई-निविदा आमंत्रण सूचना संख्या 2810/ ई-टेंडरिंग/2026-27 दिनांक 24-04-26**

1- वनमण्डलाधिकारी हरदा (सामान्य) वनमण्डल द्वारा म.प्र. भण्डार क्रय नियम एवं सेवा उपार्जन नियम, 2015 (यथा संशोधित-2022) के अंतर्गत निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| अनु क्रमांक | सामग्री का विवरण | सत्याकार निधि (भौतिक) | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1 | ईट लाल (19X10X10 CM) | 45000.00 | राशि 1000.00 |

- निविदा दस्तावेज से संबंधित सभी विवरण ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर निःशुल्क देखे और डाउनलोड किए जा सकते हैं।
- इच्छुक निविदाकार क्रेडिट/डेबिट/कैश कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से पोर्टल शुल्क का ऑनलाईन भुगतान करने के बाद निविदा दस्तावेज को ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर (दिनांक 27 अप्रैल 2026 बजे प्रातः 10.00 से दिनांक 17 मई 2026 तक बजे 6.00 तक केवल ऑनलाइन खरीद सकते हैं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल पर महत्वपूर्ण तिथियों के रूप में उल्लिखित निविदा प्रक्रिया तिथियां लागू होंगी।
- निविदा पूर्व बैठक दिनांक 13 मई 2026 समय दोपहर 12.00 बजे से 1.00 बजे तक को हरदा (सामान्य) वनमण्डल कार्यालय में आयोजित की जाएगी जिसमें इच्छुक निविदाकार या उनके अधिकृत प्रतिनिधि स्वयं भाग ले सकते हैं। निविदा पूर्व बैठक में केवल वे ही भाग लेने के हकदार होगें जिन्होंने ई-टेंडर फॉर्म खरीदे हैं।
- ई-निविदा आमंत्रण सूचना में शुद्धि पत्र/परिशिष्ट, यदि कोई हो केवल पोर्टल पर प्रकाशित किया जाएगा, समाचार पत्रों में नहीं।
- ई-प्रोक्योरमेंट पोर्टल https://www.mptender.gov.in

जी- 12086/26 स्वच्छता ही सेवा
वनमण्डल अधिकारी
हरदा (सामान्य) वनमण्डल

Dr. Juneja's
पेट सफा
Natural Laxative Granules & Tablets
कब्ज से राहत
गैस से छुटकारा
एसिडिटी से आराम
पेट सफा... तो हर रोग दफा
24x7 Helpline: 91197 88888
www.petsaffa.com
Clinically Tested*
गजब का फायदा
अगर आप भी कब्ज, गैस, एसिडिटी जैसी परेशानियों से घिरे हुए है, तो आज ही लीजिए, आयुर्वेदिक पेट सफा ग्रेन्यूल्स। यह पहले दिन से असर दिखाता है, मुंह में चिपकता नहीं और इसकी आदत भी नहीं बनती।
20% EXTRA

# स्टिचिंग एंड अल्टरेशन आधारित 'फैबकेयर' एप बना ईशा गर्ग व टीम रही प्रथम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

'फैबकेयर' नामक स्टिचिंग एंड अल्टरेशन आधारित एक अभिनव एप, अर्बन कंपनी की तर्ज पर तैयार की गई यह एप लोगों को घर बैठे सिलाई, अल्टरेशन और बेसिक लॉन्ड्री जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराने का कार्य करेगी। उपयोगकर्ता एप में लॉगिन कर आसानी से अपनी आवश्यकता के अनुसार सेवाएं बुक कर सकेंगे। इस पहल का उद्देश्य लोगों के समय बचाने के साथ-साथ पुराने एवं हल्के-फुल्के क्षतिग्रस्त कपड़ों को दोबारा उपयोग योग्य बनाना है।

स्टिचिंग एंड अल्टरेशन की अत्याधुनिक एप को बनाकर प्रथम स्थान हासिल किया वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज की ईशा गर्ग और टीम ने। आधुनिक जीवनशैली को आसान बनाती स्टार्टअप आधारित 7वां राज्य स्तरीय अंतर-पॉलिटेक्निक तकनीकी प्रदर्शनी एवं प्रतियोगिता-2026 का आयोजन किया गया शासकीय वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज में। इंस्टीट्यूशन ऑफ इंजीनियर्स (इंडिया) के स्टूडेंट चैप्टर द्वारा आयोजित स्पर्धा में मप्र के विभिन्न पॉलिटेक्निक से चयनित 12 प्रतिभागियों ने अभिनव प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने तकनीकी समाधान, सामाजिक उपयोगिता तथा औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए अपनी एप को रिप्रजेंट किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में आईई (आई) मप्र राज्य केंद्र के अध्यक्ष इंजीनियर अशोक शर्मा उपस्थित रहे।

FABCARE
STITCHED WITH CARE, WASHED WITH TRUST

## वूमंस पॉलिटेक्निक कॉलेज में 7वीं राज्य स्तरीय अंतर पॉलिटेक्निक तकनीकी प्रतियोगिता का आयोजन




### छोटे-छोटे अल्टरेशन कार्यों या लॉन्ड्री सेवाओं का बेहतर विकल्प

'फैबकेयर' एप बनाने वाली ईशा ने कहा कि मेरे साथ इस टीम में सोहा खान, अतिशा, उन्नति मीना एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। टीम का मानना है कि आज की व्यस्त जीवनशैली में लोगों के पास छोटे-छोटे अल्टरेशन कार्यों या लॉन्ड्री सेवाओं के लिए बाहर जाने का पर्याप्त समय नहीं होता। ऐसे में यह एप घर तक सेवाएं पहुंचाकर सुविधा और समय दोनों की बचत करेगी। साथ ही यह पहल कपड़ों के पुनः उपयोग को प्रोत्साहित कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम साबित हो सकती है।

### 'हॉबी-बेस्ड' इनोवेटिव एप 'च्वीमी' बना हासिल किया द्वितीय स्थान

टीम लीडर आरती शर्मा के निर्देशन में एक अन्य 'हॉबी-बेस्ड' इनोवेटिव एप भी विकसित की गई, जो कोरियाई शब्द 'च्वीमी' से प्रेरित है। इसके माध्यम से विद्यार्थी या कामकाजी लोग अपनी पढ़ाई और दैनिक कार्यों के बाद मिलने वाले अतिरिक्त समय का उपयोग अपनी पसंदीदा गतिविधियों में कर सकें। एप के माध्यम से नृत्य, संगीत, पेंटिंग तथा अन्य कलात्मक गतिविधियों को सीखने का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। साथ ही कलाकार अपनी कलाकृतियों, विशेष रूप से पेंटिंग्स, को ऑनलाइन प्रदर्शित और सेल आउट कर सकेंगे तो वहीं टेलेंटेड और अनुभवी लोग इस एप पर सेवाएं देकर रोजगार भी हासिल कर सकते हैं।



## दुष्यंत संग्रहालय में नाट्य उत्सव के तहत हुआ नाटक 'भोर का गीत' का मंचन

# कल्पनाओं से पर्यावरण चेतना तक के सवालों की अनोखी यात्रा है 'भोर का गीत'



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

दुष्यंत कुमार संग्रहालय में सोमवार से शुरू हुए अंतर्नाद नाट्य समारोह के पहले दिन नाटक 'भोर का गीत' का मंचन हुआ। मंचित नाटक दर्शकों को एक संवेदनशील और विचारोत्तेजक अनुभव प्रदान कर गया। एसेंबल थियेटर इन एजुकेशन सोसाइटी की ओर से आयोजित चार दिवसीय समारोह के पहले दिन एकल नाट्य प्रस्तुति का प्रदर्शन हुआ। इस प्रस्तुति को दीपक नेमा ने लिखा, निर्देशित और संगीतबद्ध किया है, जबकि मंच पर उज्ज्वल सिन्हा ने अपने प्रभावशाली अभिनय से इसे जीवंत बनाया। यह नाटक विशेष रूप से बच्चों को केंद्र में रखकर रचा गया है, लेकिन इसकी संवेदनाएं हर आयु वर्ग को छूती हैं। यह नाटक यह दर्शाता है कि रंगमंच केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि शिक्षा और जागरुकता का सशक्त उपकरण भी हो सकता है।


नाट्य का मंचन करते कलाकार।

### बच्चों के मन में उठे सवाल

नाटक की सबसे बड़ी विशेषता इसका विषय है पर्यावरण परिवर्तन को बच्चों की दृष्टि से समझने का प्रयास। भोर का गीत कल्पनाओं की दुनिया में प्रवेश कराता है, जहां एक बच्चे के मन में उठते अनगिनत प्रश्न, उसके अनुभव और प्रकृति के साथ उसका संबंध एक काव्यात्मक शैली में सामने आते हैं। दीपक नेमा ने गीतों और संवादों के माध्यम से एक ऐसी संरचना गढ़ी है, जो न केवल मनोरंजक है, बल्कि गहरी सामाजिक और पर्यावरणीय चेतना भी उत्पन्न करती है। उज्ज्वल सिन्हा का अभिनय इस प्रस्तुति को प्रभावी बनाता है। एकल नाट्य शैली में उन्होंने विभिन्न भावों और स्थितियों को जिस सहजता और ऊर्जा के साथ प्रस्तुत किया, वह दर्शनीय रहा। उनकी शारीरिक अभिव्यक्ति, स्वर के उतार-चढ़ाव और मंच पर उनकी उपस्थिति ने दर्शकों को लगातार बांधे रखा।

### कल्पनाशीलता को दिया विस्तार

नाटक में संगीत और प्रकाश परिकल्पना भी नाटक के प्रभाव को बढ़ाने में महत्वपूर्ण रही। गीतों का संयोजन कथा के साथ स्वाभाविक रूप से जुड़ता है और वातावरण को भावनात्मक गहराई प्रदान करता है। मंच सज्जा सादगीपूर्ण होते हुए भी प्रतीकात्मकता से भरपूर रही, जिसने कल्पनाशीलता को विस्तार दिया।

# परंपरागत भारी भरकम स्टूडियो, सेट के बजाए हो रहा 'इनस्टूडियो क्वालिटी प्रोडक्शन'

## एमसीयू में वर्चुअल प्रोडक्शन पर विशेष व्याख्यान आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल




तकनीक ने मीडिया प्रोडक्शन को पूरी तरह बदल दिया है। अब परंपरागत भारी भरकम स्टूडियो, सेट के बजाए तकनीक की सहायता से इनस्टूडियो क्वालिटी प्रोडक्शन हो रहा है। यह बात मुंबई से वर्चुअल प्रोडक्शन के विशेषज्ञ उत्सव सिन्हा ने कही। वे एमसीयू के सिनेमा अध्ययन विभाग में आयोजित विशेष व्याख्यान में बोल रहे थे। सिन्हा ने कहा कि आज से 10-15 साल पहले प्रोडक्शन का पूरा परिदृश्य बिल्कुल ही अलग था। स्पेशल इफैक्ट्स के लिए तब ग्रीन स्क्रीन पर काम होता था। आज इन कैमरा वीएफएक्स, डिजिटल वीएफएक्स जैसी आधुनिक तकनीकों का उपयोग हो रहा है, इससे सिनेमा के क्षेत्र में बहुत ही उच्च गुणवत्ता का कार्य हो रहा हे। उन्होंने बताया कि तकनीक सृजनात्मकता को और बेहतर बनाने में सहायक साबित हो रही है।



### टेक्नालाजी और प्रोडक्शन का मिलाजुला रूप है 'वर्चुअल प्रोडक्शन'

सिन्हा ने कहा कि वर्चुअल प्रोडक्शन दरअसल टेक्नालाजी और प्रोडक्शन का मिलाजुला रूप है। यह सीधे तौर पर प्रोडक्शन ही है। उन्होंने बताया कि वर्चुअल प्रोडक्शन में रिसर्च बहुत अहम होता है। सही डेटा और रिसर्च के साथ प्रोडक्शन की गुणवत्ता भी बढ़ जाती है। उन्होंने अनेकों फिल्मों में वीएफएक्स से तैयार सीन की बारीकियों को समझाया। उत्सव सिन्हा पिछले 25 वर्षों से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर वर्चुअल प्रोडक्शन के क्षेत्र में काम कर रहे हैं। हालीवुड फिल्म जोकर में एक दृश्य में स्पेशल इफैक्ट को समझाते हुए उन्होंने कहा कि आज तकनीक के जरिये एन्हैंस्ड एनवायरमेंट तैयार किया जाना आसान हो गया है। इस अवसर पर विज्ञापन एवं जनसंपर्क तथा सिनेमा अध्ययन विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. पवित्र श्रीवास्तव ने मुख्य वक्ता का आभार किया।

टू-व्हीलर 250 सीसी श्रेणी में आमिर रहे प्रथम

# रफ्तार की जंग में चमके खिलाड़ी रोमांचक अंदाज में रेसिंग इवेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

नीलबड़ स्थित आरपीएम गो-कार्टिंग ट्रैक पर आयोजित मोटर रेसिंग का समापन रोमांचक अंदाज में हुआ। अंतिम दिन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ इस हाई-ऑक्टेन इवेंट ने प्रतिभागियों और दर्शकों दोनों को उत्साह से भर दिया। भोपाल में पहली बार हुए एंड्यूरेंस रेसिंग पर आधारित इस आयोजन में 47 रेसर्स ने विभिन्न श्रेणियों में रफ्तार और कौशल का प्रदर्शन किया। महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में अलग-अलग कैटेगरी में रेस आयोजित की गईं, जिनमें सबसे अधिक आकर्षण वीमेन एंड्यूरेंस गो-कार्टिंग रेस रही। इस श्रेणी में बड़ी संख्या में महिलाओं ने भाग लेकर अपनी ड्राइविंग क्षमता और आत्मविश्वास का परिचय दिया। ट्रैक पर उपलब्ध गो-कार्टिंग वाहनों के माध्यम से प्रतिभागियों ने थ्रिल और एडवेंचर का भरपूर अनुभव लिया। कार्यक्रम में एक्सीलेंस टाइम एंटरटेनमेंट कंपनी के प्रबंध संचालक हरिओम जटिया मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने विजेताओं को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।


मोटर रेसिंग के विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए अतिथि।

### ये बने विजेता

प्रतियोगिता के परिणामों में टू-व्हीलर 250 सीसी श्रेणी में आमिर ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि इंडियन एक्सपर्ट श्रेणी में अकील अख्तर विजेता रहे। टू-स्टोक क्लास में जुबेर खरबई ने बाजी मारी और वूमेंस कैटेगरी में आबिदा राणा प्रथम रहीं। वहीं क्वींस ऑफ रेस श्रेणी में आराफिया बुखारी ने पहला, खुशी विश्वकर्मा ने दूसरा और मोमिना ने तीसरा स्थान हासिल किया। वारियर ऑफ क्वीन नारी शक्ति को समर्पित था।

## विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर हुई स्पर्धा

# निर्भया फाउंडेशन एवं पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने की ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर निर्भया फाउंडेशन द्वारा बॉनी फोई स्कूल में ड्राइंग एवं पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 250 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में पर्यावरण संरक्षण, जलवायु परिवर्तन एवं सतत विकास के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इस मौके पर जलवायु परिवर्तनः हमारे कार्य, हमारे परिणाम, सतत शहरःवह भविष्य जो हमें बनाना है तथा धरती का कोई दूसरा विकल्प नहीं विषयों पर विद्यार्थियों ने अपनी रचनात्मकता का प्रभावशाली प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अदिति बी. सक्सेना (सहायक पुलिस आयुक्त) तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष श्रीवास एवं सुरेखा अरमो उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में जादूगर सोहेल खान के आकर्षक प्रदर्शन ने सभी का मनोरंजन किया। अंत में विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत एवं सभी विद्यार्थियों को प्रमाण-पत्र प्रदान कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

250 विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में लिया भाग

विद्यार्थियों को देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, इसरो के विभिन्न केंद्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया



# जिज्ञासा से जागरण तक 18वीं विज्ञान मंथन यात्रा का भव्य समापन



**भोपाल।** मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीएसटी) द्वारा आयोजित 18वीं विज्ञान मंथन यात्रा का समापन विज्ञान भवन में सम्पन्न हुआ। सोमवार तक आयोजित इस ज्ञानयात्रा के अंतर्गत विद्यार्थियों को देश के प्रमुख वैज्ञानिक संस्थानों, विशेष रूप से इसरो के विभिन्न केंद्रों का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। प्रतिभागियों ने श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र, बेंगलुरु के उन्नत इसरो प्रतिष्ठानों, इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क तथा चेन्नई के वैज्ञानिक संग्रहालयों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया।

समापन समारोह के मुख्य अतिथि विज्ञान भारती के राष्ट्रीय संगठन मंत्री डॉ. शिवकुमार शर्मा रहे, जबकि अध्यक्षता एमपीसीएसटी के महानिदेशक डॉ. अनिल कोठारी ने की। डॉ. कोठारी ने कहा कि विज्ञान केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं, बल्कि अनुभव और प्रयोग की प्रक्रिया है। विद्यार्थियों और शिक्षकों ने यात्रा के अनुभव साझा करते हुए बताया कि इस भ्रमण ने उनकी वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और आत्मविश्वास को नई दिशा दी। इस वर्ष यात्रा में 389 प्रतिभागियों ने सहभागिता की।

## दुष्यंत संग्रहालय में मप्र लेखक संघ की प्रादेशिक गीत गोष्ठी आयोजित

# मैं संयम व्रत ले बैठा था, तुमने मेरा व्रत भंग किया...

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मेरी निर्दोष चदरिया पर तुमने यह कैसा रंग किया। मैं संयम व्रत ले बैठा था, तुमने मेरा व्रत भंग किया... डॉ राम वल्लभ आचार्य के इस श्रृंगारिक गीत पर सभागार में बैठे श्रोताओं ने खूब तालियां बजाईं। वहीं प्रख्यात नवगीतकार वीरेन्द्र निर्झर ने कहा कि गीत मानव का आदि सहचर है।

उपरोक्त गीतों की प्रस्तुति दुष्यंत कुमार संग्रहालय में मप्र लेखक संघ की प्रादेशिक गीत गोष्ठी में दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वीरेन्द्र निर्झर ने की। उन्होंने कहा कि जीवन का प्रारंभ ही लयात्मकता के साथ होता है और इसी लयात्मकता के कारण गीतों की स्वीकार्यता है। गोष्ठी में प्रदेशाध्यक्ष राजेन्द्र गट्टानी, उपाध्यक्ष ऋषि श्रृंगारी, कौशल किशोर चतुर्वेदी ने भी अपने सरस गीतों का पाठ कर श्रोताओं की खूब सराहना बटोरी।

**इस अवसर पर प्रदेश के अनेक शहरों से आएं साहित्यकारों ने अपनी अपनी रचनाओं की दी प्रस्तुति**




स्वप्न में मिल जाए या सच्चाई में
जो मिला वह गीत का आधार है।
**वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. प्रभा मिश्रा**

पल-पल जी ले पल पल को तू, मान आखिरी पल को।
बस चिंता कर आज अभी की, भूल बन्धु तू कल को।
**विद्या वाणी**

गीत है गंगा हृदय की, झर- झराता नीर है।
घात खाये आदमी की, कसमसाती पीर है।।
कौन बैरी है जगत में, जो न गाना चाहता,
शब्द की हर श्रृंखला में, ज्ञान की तस्वीर है।
**इंदौर से आए प्रभु त्रिवेदी**

रोज नए षडयंत्र देश में रचने वाले अपने हैं,
मातम की चुभती बेला में हंसने वाले अपने हैं।
**मुंगावली से आए कवि मनोज 'दर्द'**

गीत पथ है अति सुगम, तुमसे किसने कह दिया
इसपे चल पाए वही, गीत को जिसने जिया।
**डॉ. प्रतिभा द्विवेदी**

गीत सजाकर लाया हूं मैं, गीत सजाकर लाया हूं
खोटा है या खरा, नारियल खूब बजाकर लाया हूं।
**हरदा से आए सुभाष सिटोके**

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930